


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 163 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.14 2079 शुक्रवार, 26 अगस्त 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## कांग्रेस का आरोप : जवाब न देकर सरकार ने साफ किए इरादे, उन्होंने पेगासस के इस्तेमाल किया

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार ने अपनी कार्रवाई से यह स्पष्ट कर दिया है कि उसने लोकतंत्र को कमजोर करने क लिए इस्राइल के स्पाइवेयर का इस्तेमाल किया। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा, हर कोई जानता है कि इस हथियार का इस्तेमाल किया गया था और इसने लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया। यह ङथियार कानून और संविधान के खिलाफ है। वे (सरकार) जवाब कैसे दे सकते हैं। कभी-कभी जवाब न देना भी एक जवाब होता है। सरकार ने इससे (जवाब न देकर) स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने लोकतंत्र के खिलाफ पेगासस का इस्तेमाल किया।

# राजा सिंह फिर गिरफ्तार

## विवादित टिप्पणी पर दो दिन पहले कोर्ट ने दी थी जमानत


चेर्लापल्ली जेल जाते हुए राजा सिंह लोध।

हैदराबाद, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ टिप्पणी करने के आरोप में बीजेपी से निलंबित विधायक टी राजा सिंह को गुरुवार को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले उन्हें 23 अगस्त को इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। तब शाम को लोकल कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। पुलिस ने राजा सिंह को 41 (ए) सीआरपीसी के तहत दो अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में दर्ज मामलों में गिरफ्तार किया है। ये मामले फरवरी और अप्रैल 2022 में दर्ज किए गए थे। पुलिस ने बताया कि भाजपा विधायक राजा सिंह लोध को पीडी एक्ट के तहत हिरासत में लिया गया है। रिकॉर्ड बताते हैं कि उनके खिलाफ दर्ज 101 आपराधिक मामलों में से वह 18 सांप्रदायिक अपराधों में शामिल हैं। मंगलहाट पुलिस ने बताया कि राजा को चेर्लापल्ली सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। दूसरी तरफ सर तन से जुदा नारेबाजी मामले में इनफ्लुएंसर सैयद अब्दुहु कशफ को गिरफ्तारी के एक घंटे बाद ही बेल मिल गई। उसे गुरुवार गिरफ्तार किया गया था।

**गिरफ्तारी से पहले वीडियो जारी**

गुरुवार को गिरफ्तार होने से पहले राजा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें कहा- मुझे आज या कल गिरफ्तार किया जा सकता है। मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि अगर कोई मेरे देश, मेरे धर्म को बुरा कहेगा तो मैं उसे उसी की भाषा मे जवाब दूंगा, चाहे इसकी सजा जो भी हो अब हिन्दू पीछे हटने वाला नहीं। आशा करता हूं कि इस धर्मयुद्ध में हर हिन्दू मेरा साथ देगा।

बता दें कि इसके पहले 23 अगस्त को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद राजा को नामपल्ली कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने पहले उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था, लेकिन बाद में ऑर्डर वापस लेते हुए राजा को चेतावनी देते हुए बेल दे दी थी। दूसरी तरफ भाजपा ने राजा को सस्पेंड करते हुए उन्हें शोकॉज नोटिस जारी किया था। जवाब देने के लिए 14 दिन दिए गए हैं।

**तीसरे दिन भी राजा के खिलाफ प्रदर्शन जारी**

राजा के बयान के बाद 23 अगस्त से हैदराबाद में विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। प्रदर्शनकारी राजा की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। गिरफ्तारी के समय राजा के घर के बाहर समर्थकों की भीड़ जुट गई। भीड़ ने भी जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाए।

**प्रदर्शनकारियों ने फिर लगाए सिर तन से जुदा के नारे**

राजा के खिलाफ हैदराबाद में विरोध प्रदर्शन जारी है। नाराज भीड़ ने 'गुस्ताखे नबी की एक ही सजा, सिर तन से जुदा' के नारे लगाते हुए राजा की गिरफ्तारी की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों ने टी राजा के बयान की तुलना पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान से की थी।

**मुनव्वर फारुकी के खिलाफ जारी किया था वीडियो**

राजा ने मंगलवार यानी 23 अगस्त को कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया था। इस वीडियो में पैगंबर मोहम्मद के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि बाद में उन्होंने इसे मजाक बताया था। इसके पहले राजा सिंह के वकील को यूएई से धमकी मिली है। सूत्रों के मुताबिक उनके वकील के पास धमकी वाले 3 कॉल आए थे।

(संबंधित खबरें पृष्ठ-3 पर भी)

### राजा सिंह लोध पर 101 मामले दर्ज हैं : सीपी

एक आधिकारिक बयान में, शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने कहा कि राजा सिंह भी मंगलहट के थाना क्षेत्र के राउडी शीटर है। उन्होंने कहा राजा सिंह लोध आदतन भड़काऊ भाषण देते रहे हैं और राज्य की राजधानी और राज्य के अन्य हिस्सों में समुदायों के बीच दरार पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजा सिंह ने पैगंबर और उनके जीवन के खिलाफ बहुत निंदनीय टिप्पणी की।

आनंद ने कहा कि आरोपी ने 23 अगस्त को हिरासत में लिए जाने के दौरान अपने आवास पर एकत्रित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए एक बार फिर दोहराया कि पुलिस यूट्यूब से उनके भाषण को हटाने के लिए प्रयास कर रही है। सीपी ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी अभद्र भाषा, हिंसा और आतंकवाद के कृत्यों से लोगों के जीवन पर वास्तविक और विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। सुरक्षा के अलावा भाईचारे, व्यक्तियों की गरिमा, राष्ट्रीय एकता को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि जब राजा सिंह का नफरत भरा वीडियो वायरल हुआ, तो हैदराबाद शहर के विभिन्न हिस्सों और तेलंगाना राज्य के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और समुदायों के बीच एक दरार पैदा हो गई। हैदराबाद और तेलंगाना राज्य की शांतिपूर्ण वातावरण को भंग कर दिया। सीपी ने कहा कि वर्ष 2004 से अब तक राजा सिंह लोध के खिलाफ कुल 101 आपराधिक मामले दर्ज किए गए है।

## अमृत काल के हमारे सपनों को पूरा करने में भारत की श्रम शक्ति अहम : मोदी

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों के एक राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमृत काल के हमारे सपनों को पूरा करने में भारत की श्रम शक्ति अहम भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के सपने को साकार करने में भारत की श्रम शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। देश संगठित और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों श्रमिक साथियों के लिए निरंतर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में हमने देश में गुलामी के दौर के और गुलामी की मानसिकता वाले कानूनों को खत्म करने का बीड़ा उठाया है।

# पीएम सुरक्षा में पंजाब पुलिस की लापरवाही

## 2 घंटे पहले बताने पर भी रूट क्लियर नहीं किया था, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को रिपोर्ट सौंपी




चंडीगढ़, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में 5 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा चूक में फिरोजपुर के एसएसपी हरमनदीप हंस ने सही ढंग से कदम नहीं उठाए। उन्होंने पीएम की सुरक्षा में तैनात केंद्र के अफसरों को सहयोग नहीं किया।

एसएसपी को पीएम के सड़क मार्ग से जाने के बारे में 2 घंटे पहले सूचना दी जा चुकी थी। इसके बावजूद उन्होंने रूट क्लियर नहीं कराया। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में पीएम सिक्योरिटी चूक पर हुई सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आए। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बनाई जस्टिस इंदू मल्होत्रा की रिपोर्ट में बताया गया है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पीएम की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को बेहतर ट्रेनिंग देने की जरूरत पर जोर दिया। इसके बाद पूरा मामला केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया है। वहीं इसको लेकर एक कमेटी बनाने के लिए भी कहा है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद अब पंजाब पुलिस के कई अफसरों पर गाज गिर सकती है। खास कर उस वक्त फिरोजपुर के एसएसपी और पीएम सिक्योरिटी का जिम्मा संभालने वाले अफसरों पर कार्रवाई होनी तय है।

# सीएम की कुर्सी पर फैसला कभी भी : सियासी हलचल तेज

### राज्यपाल दिल्ली से रांची पहुंचे



रांची, 25 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता पर खतरा मंडराने लगा है। दरअसल, चुनाव आयोग ने राज्यपाल को हेमंत सोरेन की सदस्यता रद्द करने से संबंधित अपनी राय भेज दी है। चुनाव आयोग ने लाभ के पद पर होने के आरोपों पर भी अपनी राय भेजी है। इस बीच राज्यपाल रमेश बैस दिल्ली से रांची पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली एम्स में इलाज करवाने के लिए गया था। राजभवन पहुंचकर इसकी जानकारी लूंगा।जरूरत पड़ी तो विशेषज्ञों से राय लेकर आगे कदम उठाया जाएगा।

**भाजपा नेताओं ने तैयार की है रिपोर्ट**

इस बात की जानकारी मिलने के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री ने कहा है कि ऐसा लगता है कि भाजपा के नेताओं सहित उनके सांसद और उनके कठपुतली पत्रकारों ने खुद चुनाव आयोग की रिपोर्ट का मसौदा तैयार किया है, जिसे अन्यथा सील कर दिया गया है। संवैधानिक प्राधिकरणों और सार्वजनिक एजेंसियों का घोर दुरूपयोग और शर्मनाक तरीके से भाजपा मुख्यालय द्वारा इसका अधिग्रहण भारतीय लोकतंत्र में अनदेखी है।

**क्या हैं आरोप**

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने इस साल फरवरी में दावा किया था कि सोरेन ने अपने पद का दुरुपयोग किया और खुद को खनन पट्टा आवंटित किया, यह एक ऐसा मुद्दा है जिसमें हितों के टकराव और भ्रष्टाचार दोनों शामिल हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया। विवाद का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग ने मई में सोरेन को एक नोटिस भेजकर खनन पट्टे पर उनका पक्ष मांगा था। चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा था कि पट्टे का स्वामित्व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 9ए का उल्लंघन करता है, जो सरकारी अनुबंधों आदि के लिए अयोग्यता से संबंधित है। यह मामला अभी भी चुनाव आयोग के पास लंबित है।

झारखंड हाई कोर्ट के समक्ष याचिका में खनन पट्टा देने में कथित अनियमितताओं और मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से कथित रूप से जुड़ी कुछ मुखौटा कंपनियों के लेनदेन की जांच की मांग की गई थी।

### अल जवाहिरी की मौत पर सस्पेंस

## डेडबॉडी नहीं मिली : तालिबान

*यूएस ने कहा अलकायदा सरगना की मौत पर कोई शक नहीं*



काबुल, 25 अगस्त (एजेंसियां)। अल-कायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी की मौत पर नए सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने वाले तालिबान का कहना है कि उन्हें अब तक जवाहिरी का शव नहीं मिला है। दूसरी तरफ, अमेरिका कई बार दावा कर चुका है कि जवाहिरी की मौत के बारे में उसे किसी तरह का शक नहीं है। 10 साल पहले जब ओसामा बिन लादेन मारा गया था, तो अमेरिका ने उसकी मौत की पुष्टि के लिए डीएनए टेस्ट कराया था। जवाहिरी के मामले में ऐसा नहीं किया गया। जवाहिरी 1 अगस्त को काबुल में अमेरिकी ड्रोन स्ट्राइक में मारा गया था। व्हाइट हाउस का कहना है कि यूएस के पास ऐसे कई सोर्स और सबूत हैं, जो जवाहिरी के मारे जाने की पुष्टि करते हैं। सवाल यह है कि अगर जवाहिरी मारा गया और उसका शव उसी बिल्डिंग में था तो वो तालिबान को क्यों नहीं मिला? क्या तालिबान झूठ बोल रहा है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने खुद दुनिया को जवाहिरी के मारे जाने की जानकारी दी थी।

**अफगानिस्तान ने क्या कहा?**

तालिबान हुकूमत का कहना है कि जिस घर पर अमेरिका ने ड्रोन स्टाइक की, वो खाली था। वहां कोई नहीं रहता था। इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि हमले के दौरान जवाहिरी उसी घर में था।

एक अमेरिकी अफसर के मुताबिक जवाहिरी सेफ हाउस में परिवार के साथ रहता था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में परिवार को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अमेरिका ने इस हमले के बारे में तालिबान को कोई जानकारी भी नहीं दी थी।

### पेगासस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई : कमेटी ने रिपोर्ट में कहा

# जासूसी की जांच में केंद्र नहीं कर रहा सहयोग

### सीजेआई बोले रिपोर्ट देखनी पड़ेगी




नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस एनवी रमण की बेंच में गुरुवार को पेगासस जासूसी केस में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की बनाई हुई कमेटी ने बताया कि उन्हें जासूसी के शक में 29 फोन दिए गए थे, जिनमें से 5 फोन में मालवेयर मिला, लेकिन वो पेगासस था, ये कन्फर्म नहीं कहा जा सकता। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि केस में केंद्र सरकार की ओर से सहयोग नहीं किया जा रहा है। चीफ जस्टिस ने कहा कि रिपोर्ट बड़ी है और इसे पढ़ने में वक्त लगेगा, इसलिए अगली सुनवाई सितंबर के आखिरी हफ्ते में होगी।

भारत सरकार ने 2017 में इजराइली कंपनी एनएसओ ग्रुप से जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था। इस सॉफ्टवेयर को पांच साल पहले की गई 2 अरब डॉलर (करीब 15 हजार करोड़ रुपये) की डिफेंस डील में खरीदा गया था। इसी डिफेंस डील में भारत ने एक मिसाइल सिस्टम और कुछ हथियार भी खरीदे थे। इस बात का खुलासा अमेरिकी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में किया था। जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 27 अक्टूबर 2021 को एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया था। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आर वी रवींद्रन इसके अध्यक्ष बनाए गए थे। कमेटी गठित करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हर किसी की प्राइवेसी की रक्षा होनी चाहिए। कमेटी में अध्यक्ष जस्टिस रवींद्रन के साथ पूर्व आईपीएस अफसर आलोक जोशी और डॉक्टर संदीप ओबेरॉय शामिल हैं। डॉक्टर ओबेरॉय इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्टैंडर्डाइजेशन से जुड़े हैं। इस मामले में कई पत्रकारों और एक्टिविस्ट्स ने अर्जियां दायर की थीं। इनकी मांग थी कि सुप्रीम कोर्ट के जजों की निगरानी में जांच करवाई जाए।

### केंद्र सरकार ने दायर किया था हलफनामा

केंद्र सरकार ने इस मामले पर कोर्ट में हलफनामा दायर किया और कहा कि वह कथित पेगासस जासूसी की जांच के लिए एक्सपर्ट की कमेटी बनाएगी। वहीं, कोर्ट ने सरकार को ट्रिब्यूनल में नियुक्ति के लिए 10 दिन का समय दिया। केंद्र ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेगासस को लेकर सरकार पर लगाए आरोपों को निराधार बताया था। याचिका में कहा गया था कि पत्रकारों, नेताओं पर स्टाफ की स्पाइवेयर से जासूसी का दावा अनुमानों पर आधारित है। इलेक्ट्रॉनिक्स और इंफॉर्मेशन मिनिस्ट्री के एडिशनल सेक्रेटरी ने दो पन्नों का एफिडेविट दायर किया था। इसमें कहा था कि इस मामले में फैलाई गई गलत धारणाओं को दूर करने के लिए जांच कराने का फैसला हुआ।

## पीएमएलए के दो नियमों का रिव्यू करेगी सुप्रीम कोर्ट

### केंद्र को नोटिस भेज कहा मनी लॉन्ड्रिंग बर्दाश्त नहीं दोबारा विचार की जरूरत



नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) पर दिए गए अपने फैसले का रिव्यू करेगी। रिव्यू पिटीशन की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम काला धन और मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के समर्थन में हैं, लेकिन हमें लगता है कि कुछ मुद्दों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने इस एक्ट के दो नियमों को लेकर केंद्र को नोटिस भेजा है।

मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने मामले की सुनवाई की। यह सुनवाई ओपन कोर्ट में हुई, यानी इसमें मीडिया और आम लोगों को कोर्ट की कार्यवाही में देखने के लिए शामिल होने दिया गया। कोर्ट ने 27 जुलाई को पीएमएलए के विभिन्न प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली 241 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए इस एक्ट के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मिले गिरफ्तारी के अधिकार को बरकरार रखा था।

तब कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तारी मनमानी नहीं है। इसे लेकर सांसद कार्ति पी चिदंबरम ने कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल की थी, जिस पर आज सुनवाई हुई। 27 जुलाई को जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने विजय मदनलाल चौधरी v/s यूनियन ऑफ इंडिया केस और 240 याचिकाओं पर फैसला सुनाया था।

# केजरीवाल की मीटिंग में नहीं पहुंचे 9 विधायक

## सरकार गिराने के लिए भाजपा 800 करोड़ खर्च करने की तैयारी में : आप




नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में 'ऑपरेशन लोटस' के मुद्दे पर गुरुवार को भी सियासी बवाल जारी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 9 विधायक नहीं पहुंचे। हालांकि सिसोदिया को लेकर पार्टी ने कहा कि वे हिमाचल दौरे पर गए हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक कुछ विधायकों से पार्टी हाईकमान का संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

मीटिंग के बाद केजरीवाल राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, भाजपा हमारे 40 विधायकों को खरीदना चाह रही है। सभी विधायकों को 20-20 करोड़ का ऑफर दिया जा रहा है। भाजपा 800 करोड़ रुपये खर्च कर दिल्ली सरकार गिराना चाहती है। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में आप के पास 62 और भाजपा के पास 8 सीटें हैं।

**भाजपा ने दिल्ली में सिसोदिया का पुतला जलाया :**

शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मनीष सिसोदिया का पुतला भी जलाया। वहीं 'गली-गली में शोर है, सिसोदिया चोर है' के पोस्टर भी लगाए। बुधवार को आप नेता संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन लोटस को लेकर खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि हमारे विधायकों को भाजपा ने ऑफर दिया। ऑफर यह था कि आप छोड़ने पर 20 करोड़ देंगे और दूसरों को साथ लाए तो 25 करोड़।

संजय सिंह ने कहा, हमारे विधायक संजीव झा, सोमनाथ भारती, कुलदीप कुमार और एक अन्य विधायक को भाजपा ने पार्टी छोड़ने के बदले 20 करोड़ रुपये देने का ऑफर दिया है। संजय सिंह के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोमनाथ भारती भी थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने मुझे कहा कि आप के 20 और विधायक हमारे संपर्क में हैं।

आबकारी नीति को लेकर दिल्ली में पहली बार 19 अगस्त को मनीष सिसोदिया के घर पर सीबीअई ने छापेमारी की थी। यह छापेमारी करीब 14 घंटे तक चली थी, जिसके बाद सीबीअई ने इस मामले में पीएमएलए कानून के तहत केस दर्ज कर लिया था।

इसके बाद से ही आप केंद्र में सत्ताधारी दल भाजपा के खिलाफ मुखर है। सिसोदिया ने छापे के बाद कहा था कि भाजपा ने उन्हें आप छोड़ने और सीएम बनाने का ऑफर दिया था।

# गुनहगारों की रिहाई पर गुजरात सरकार को नोटिस

## सीजेआई का निर्देश दोषियों को भी पार्टी बनाओ

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में बिलकिस बानो रेप के आरोपियों की रिहाई के खिलाफ गुरुवार को सुनवाई की गई। सीजेआई एनवी रमण के सामने दोषियों के वकील ने जब यह दलील दी कि हम इस मामले में पार्टी नहीं हैं। याचिका हमारे खिलाफ लगाई गई। इस पर सीजेआई रमण ने सवाल किया कि इन्हें पार्टी क्यों नहीं बनाया गया। अदालत ने इन लोगों को भी पार्टी बनाने का निर्देश दिया।

**कोर्ट रूम में किसने क्या कहा :**

याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल : दंगों में बहुत लोगों की जान गई, दाहोद में भी ऐसा ही हुआ। बिलकिस और शमीम भागने की कोशिश में थीं। शमीम ने बच्चे को जन्म दिया। लोगों ने जब इन दोनों को देखा तो कहा कि इन्हें मारो। 3 साल के बच्चे का सिर जमीन पर पटक दिया गया। गर्भवती का रेप किया। रिहाई के संदर्भ में क्या यह ज्यूडिशियल रिव्यू का आधार नहीं है।



18 साल से जेल में बंद 11 दोषियों को माफी योजना में मिली रिहाई।

**सुप्रीम कोर्ट :** क्या आप यह कह रहे हैं कि राहत नहीं दी जा सकती? गुजरात सरकार के नियमों के तहत सवाल यह है कि दोषी राहत पाने के काबिल थे या नहीं?

सीजेआई एनवी रमण : मैं पहले के फैसले में पार्टी नहीं था। मैंने कहीं देखा कि कोर्ट ने इन लोगों की रिहाई के आदेश दिए।

**दोषियों के वकील :** मेरे मुवक्किलों को दोबारा गिरफ्तार किया जा सकता है। हम लोग तो इस केस में पार्टी भी नहीं हैं। हमारे खिलाफ याचिका है।

**सीजेआई एनवी रमण :** आप लोगों ने इन्हें पार्टी क्यों नहीं बनाया?

**याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल :** हम राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ लड़ रहे थे। हम अब इसे लागू करेंगे।

**सीजेआई एनवी रमण :** गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर रहे हैं। अपना जवाब दीजिए। निर्देश देते हैं कि 11 दोषियों को भी पार्टी बनाया जाए।

**15 अगस्त को 18 साल की सजा काटकर रिहा हुए 11 दोषी :**

मामले की सुनवाई में सीजेआई रमण के अलावा जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच करेगी। गुजरात सरकार के फैसले के खिलाफ माकपा सांसद सुभासिनी अली, पत्रकार रेवती लाल और प्रोफेसर रूप रेखा वर्मा ने याचिका लगाई थी। बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप और परिवार के 7 सदस्यों की हत्या के लिए उम्रकैद की सजा काट रहे 11 दोषियों को रिहा कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में बेंच के अन्य दो सदस्य, जस्टिस रस्तोगी और जस्टिस विक्रम नाथ उस बेंच का हिस्सा थे, जिसने मई 2022 में फैसला सुनाया था कि गुजरात सरकार के पास दोषियों को सजा में राहत देने का अधिकार है।

# बयानों को तोड़ मरोड़कर प्रचारित करने पर भड़के गडकरी, कानूनी कार्रवाई के संकेत



नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री ने गुरुवार को कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए नापाक और मनगढ़ंत अभियान चलाया जा रहा है। गडकरी को पिछले सप्ताह भाजपा संसदीय बोर्ड से हटा दिया गया था। इसके बाद उनके कुछ बयानों को लेकर तरह-तरह की बातें कही जा रही थीं। यह जताया जा रहा था कि उनकी सरकार व पार्टी से अनबन चल रही है। इन सब अटकलों को उन्होंने खारिज कर दिया।

गडकरी ने ट्वीट कर अटकलभरी खबरों को लेकर संकेत दिया कि वे नापाक व मनगढंत खबरें फैलाने वालों के खिलाफ सरकार और पार्टी के व्यापक हित में कानूनी कार्रवाई का सहारा ले सकते हैं।

**मेरे भाषणों को गढ़ा गया**

उन्होंने ट्वीट किया, 'आज एक बार फिर, मुख्यधारा के मीडिया, सोशल मीडिया के कुछ वर्गों और विशेष रूप से कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ नापाक और मनगढ़ंत अभियान जारी रखने का प्रयास किया। बिना संदर्भ के मेरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिए गए भाषणों को गढ़ा गया।'

**भाषण की यूट्यूब लिंक साझा की**

इसके साथ ही उन्होंने मंगलवार को एक पुस्तक के विमोचन समारोह में दिए गए अपने भाषण की एक यूट्यूब लिंक भी ट्वीट के साथ साझा की। इस भाषण का सोशल मीडिया में चुनिंदा ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कही गई बातों को कांटछांट कर इस तरह कहा गया था जैसे कि गडकरी कह रहे हों कि उन्हें संसदीय बोर्ड से हटाए जाने या अपना पद खोने की कोई परवाह नहीं है।

**साफ शब्दों में दी चेतावनी**

अपनी स्पष्टवादिता व अनूठी कार्यशैली के कारण लोकप्रिय नितिन गडकरी ने कहा कि वे ऐसे दुर्भावनापूर्ण हथकंडों से कभी प्रभावित नहीं हुए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसी शरारतें जारी रहीं तो वे सरकार, पार्टी व लाखों मेहनती कार्यकर्ताओं के व्यापक हित में ऐसे तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे। गडकरी ने आज किए गए ट्वीट को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भी टैग किया है।

**संजय सिंह ने ट्वीट किया था- 'भाजपा में बहुत बड़ी गड़बड़ चल रही'**

गडकरी के पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में दिए गए बयान को लेकर आप नेता संजय सिंह ने कांटछांट किए गए वीडियो को ट्वीट किया था। सिंह ने सवाल किया था कि गडकरी ऐसा क्यों कह रहे हैं? इसके बाद उन्होंने गुरुवार सुबह ट्वीट किया, 'बीजेपी में बहुत बड़ी गड़बड़ चल रही है।'

गडकरी ने गुरुवार को यह सफाई ऐसे समय दी है, जब एक प्रमुख अखबार ने भाजपा के कई वरिष्ठ सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट छापी। इसमें कहा गया है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष को 'आउट ऑफ टर्न' और बेबाक टिप्पणी करने की प्रवृत्ति के कारण भाजपा संसदीय बोर्ड से हटाया गया। इस पर गडकरी ने अपने ट्वीट में कहा कि वे पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में दिए गए अपने असल भाषण की लिंक साझा कर रहे हैं, ताकि स्थिति व पूरी बात स्पष्ट हो सके।

# सीएम केजरीवाल ने राजघाट पर कहा- पिछले जन्म में अच्छे काम किए जो सिसोदिया जैसा साथी मिला



नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर आप विधायकों की बैठक संपन्न हो गई है। बैठक के बाद आप के सभी विधायक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुआई में महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पहुंच गए हैं। अरविंद केजरीवाल ने डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की प्रशंसा करते हुए कहा, "मैंने पिछले जन्म में जरूर अच्छे काम किए होंगे जो मुझे मनीष सिसोदिया जैसा साथी मिला। उन्होंने उनका (भाजपा का) प्रस्ताव ठुकरा दिया। अब वे पैसे देकर हमारे विधायकों को भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दे रहे हैं। मुझे खबर मिली है कि भाजपा 'आप' के प्रत्येक विधायक को 20 करोड़ रुपये में शामिल होने का प्रस्ताव दे रही है।"

उन्होंने आगे कहा, "मैं खुश हूं जो मेरे एक भी विधायक ने उनका प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। मैं दिल्ली की जनता को बताना चाहता हूं कि आपने एक ईमानदार पार्टी को वोट दिया है। हम मर जाएंगे लेकिन कभी देश की जनता को धोखा नहीं देंगे।"

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी के विधायकों की बैठक के बाद आप के सभी विधायक सीएम केजरीवाल के साथ राजघाट पहुंच गए हैं।

ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी के 40 विधायकों को खरीदने के लिए प्रत्येक विधायक को 20-20 करोड़ का प्रस्ताव दिया गया था। सीबीआई और ईडी को जांच करनी चाहिए कि 40 विधायकों को खरीदने के लिए भाजपा के पास 800 करोड़ रुपये कहां से आए। केजरीवाल के आवास पर चल रही बैठक में आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि सिसोदिया के आवास पर सीबीआई को कुछ नहीं मिला। बैठक में 54 विधायक मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रेस वार्ता में आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप विधायकों को 20-20 करोड़ रुपये का लालच दिया गया। जो विधायक विभिन्न कारणों से बैठक में मौजूद नहीं रहे, उनसे संपर्क किया गया तो सभी ने कहा है कि वे अंतिम सांस तक अरविंद केजरीवाल के साथ हैं। अब सभी विधायक राजघाट जाएंगे। आम आदमी पार्टी का उसके सभी विधायकों से संपर्क हो गया है। उसके 54 विधायक बैठक के लिए सीएम आवास पहुंच चुके हैं जबकि एक विधायक रास्ते में हैं। एक विधायक सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं। सात विधायक इस समय दिल्ली से बाहर होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। इनमें मनीष सिसोदिया हिमाचल प्रदेश में चुनावी दौरे पर हैं जबकि राम निवास गोयल अमेरिका में हैं।

आम आदमी पार्टी के मंत्रियों पर सीबीआई और ईडी की जांचों, छापेमारी के मुद्दे पर पार्टी ने आज दिल्ली विधानसभा में विशेष सत्र भी बुलाया है।

आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि सीएम अरविंद केजरीवाल को मिलाकर पार्टी के 62 में से 52 विधायक सीएम आवास पर प्रस्तावित बैठक के लिए पहुंच चुके हैं। बैठक 11 बजे शुरू होनी थी लेकिन उसमें अब देर हो रही है। आम आदमी पार्टी के विधायकों की सीएम केजरीवाल के आवास पर बैठक से पहले दिल्ली सरकार पर संकट मंडराने लगा है। आम आदमी पार्टी के कम से कम 12 विधायकों का संपर्क पार्टी से नहीं हो रहा है।

# बारामुला के उड़ी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

## सुरक्षाबलों ने तीन पाकिस्तानी आतंकी मार गिराए



श्रीनगर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बारामुला जिले के उड़ी इलाके में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। सूत्रों के मुताबिक आतंकियों के एक ग्रुप ने कमालकोट से भारतीय इलाके में घुसने की कोशिश की। सीमापार से हो रही घुसपैठ को देखते हुए इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। इससे पहले राजोरी में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर नौशेरा सेक्टर में सोमवार देर रात सेना ने घुसपैठ कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया।

दोनों के शवों को बरामद कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नौशेरा में लाम क्षेत्र के पुखरनी गांव में सोमवार देर रात आतंकियों के एक समूह ने घुसपैठ की कोशिश की थी। इस बीच एक आतंकी का पांव बारूदी सुरंग पर पड़ने से धमाका हुआ। जवान आतंकियों की इस मूवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए थे। आतंकियों को दूर से चेतावनी दी गई लेकिन वे भागने लगे। इसी दौरान दो आतंकियों को मार गिराया गया।

**सेर मकड़ी से पकड़ा गया था तबारक**

नौशेरा सेक्टर के ही सेर मकड़ी इलाके से लश्कर-ए-ताइबा का प्रशिक्षित गाइड और फिदायीन आतंकी तबारक को सेना ने रविवार पकड़ा था। तबारक का फिलहाल राजोरी स्थित सैन्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। पाकिस्तानी सेना की इंटेलिजेंस यूनिट के लिए काम कर चुका 32 वर्षीय तबारक हुसैन पिछले छह वर्षों में दूसरी बार घुसपैठ करते पकड़ा गया है। इस बार उसका हुलिया फिदायीन आतंकी की तरह मिला है।

**राजोरी-पुंछ में बढ़ीं आतंकी गतिविधियां**

पीर पंजाल पर्वतीय श्रृंखला से सटे राजोरी और पुंछ जिलों में आतंकी गतिविधियां हाल के समय में बढ़ गई हैं। टेरर फंडिंग, आतंकियों के स्लीपर सेल नेटवर्क से लेकर आतंकी मॉड्यूल के तार दोनों जिलों से जुड़े मिल रहे हैं। हाल ही में राजोरी के लश्कर कमांडर तालिब हुसैन को पकड़ने के बाद पुलिस ने ड्रोन से ड्रग्स, हथियार और हवाला राशि का नेटवर्क चलाने वाले तीन आतंकी मॉड्यूल ध्वस्त किए। यह नेटवर्क कठुआ, सांबा, जम्मू जिलों से लेकर राजोरी तक ऑपरेट कर रहा था।

**एलओसी पार हलचल तेज सुरक्षा ग्रिड किया मजबूत**

राजोरी और पुंछ जिलों में एलओसी के पार आतंकी घुसपैठ के लिए हलचल तेज हो गई है। घुसपैठ को रोकने के लिए सुरक्षा ग्रिड की लगातार समीक्षा करते हुए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस माह के पहले सप्ताह सेना प्रमुख मनोज पांडे अग्रिम इलाकों का दौरा कर चुके हैं। वहीं तीन दिन पहले ही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर सुरक्षा ग्रिड मजबूती पर जोर दिया।

# धोनी के निवेश वाली कंपनी भारतीय सेना को मुहैया कराएगी ड्रोन सेवाएं



नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, जो भारतीय प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक रखते हैं, कम लागत वाली ड्रोन सोल्यूशन प्रोवाइडर कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस में ब्रांड एम्बेस्डर और निवेशक हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के निवेश वाली ड्रोन कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस भारतीय सेना को अपनी विशेषज्ञ सेवा मुहैया कराने के लिए तैयार है। कंपनी सेना को यह सेवा अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्क का पता लगाने, उन्हें रोकने और बाधित करने करने के लिए चलाए जा रहे विशेष मिशनों को पूरा करने के लिए देगी।

बता दें कि पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, जो भारतीय प्रादेशिक सेना के पैराशूट रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक रखते हैं, कम लागत वाली ड्रोन सोल्यूशन प्रोवाइडर कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस में ब्रांड एम्बेस्डर और निवेशक हैं।

उधर, भारतीय सेना ने भी आधुनिक युद्ध में ड्रोन का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गरुड़ एयरोस्पेस की विशेषज्ञता और तकनीकी ज्ञान का उपयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की है। कंपनी ने हाल ही में 250 मिलियन अमरीकी डालर के मूल्यांकन पर अपनी 30 मिलियन अमरीकी डॉलर की सीरीज ए फंडिंग हासिल की है।

कंपनी के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा है कि गरुड़ एयरोस्पेस ने भारतीय सेना की मदद करने के उद्देश्य से अद्वितीय अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण उत्पाद तैयार किए हैं। अपनी रणनीतिक और सामरिक सेवाओं के दौरान कंपनी बहुउद्देशीय ड्रोन का उपयोग करेगी।

# दोस्त के अंगूठे की चमड़ी उतार खुद के लगवाई

## ताकि परीक्षा में पकड़ा न जाए, लेकिन आधार ने बिगाड़ा खेल




नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे की नौकरी पाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते हैं। इसकी एक बानगी देखने को मिली है गुजरात में, जहां अपने दोस्त की जगह परीक्षा देने पहुंचे डमी कैंडिडेंट ने अपने अंगूठे की चमड़ी तक बदलवा ली। उसने असली परीक्षार्थी यानी अपने मित्र के अंगूठे की चमड़ी उतारकर अपने अंगूठे पर लगवा ली है, ताकि बायोमेट्रिक हाजिरी प्रक्रिया में पकड़ा न जा सके। इतना ही नहीं, ऐसा करने के बाद डमी कैंडिडेट अपने मित्र की जगह परीक्षा देने भी पहुंच गया। लेकिन परीक्षा केंद्र पर उसकी इस कारस्तानी का पर्दाफाश तुरंत हो गया। इसके बाद, दोनों दोस्तों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि रेलवे की नौकरी पाने के लिए एक हताश प्रयास में, एक उम्मीदवार ने गर्म तवे का उपयोग करके अपने अंगूठे की त्वचा को हटा दिया और अपने दोस्त के अंगूठे पर इस उम्मीद के साथ चिपका दिया कि इससे वह बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया को क्लीयर कर लेगा और दोस्त के स्थान पर भर्ती परीक्षा में शामिल हो सकेगा। लेकिन, उनके इन अरमानों पर पानी फिर गया।

डमी अभ्यर्थी अपने मित्र की जगह 22 अगस्त को गुजरात के वडोदरा शहर में आयोजित रेलवे भर्ती परीक्षा देने पहुंचा था। परीक्षा से पहले आधार के बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान पर्यवेक्षक ने उसके हाथ पर सैनिटाइजर छिड़का, तो हाथ पर चिपका हुआ प्रॉक्सी अंगूठे का थंब इंप्रेशन निकल कर गिर गया।

वडोदरा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एसएम वरोतारिया ने कहा कि पुलिस ने बुधवार को बिहार के मुंगेर जिले के मूल निवासी उम्मीदवार मनीष कुमार और उनके प्रॉक्सी राज्यगुरु गुप्ता को धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि दोनों की उम्र 20 के आसपास है और वे 12वीं की परीक्षा पास कर चुके हैं। वडोदरा के लक्ष्मीपुरा पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 22 अगस्त को रेलवे ग्रुप डी की रिक्तियों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से उम्मीदवारों उनके आधार डेटा से मिलान किया गया था। उस समय, डिवाइस पर उम्मीदवार के अंगूठे के निशान पर मनीष कुमार का नाम नहीं आ रहा था और उम्मीदवार अपना बायां हाथ जेब में डालकर छिपाने की कोशिश कर रहा था। इस पर पर्यवेक्षक को संदेह हुआ और जब बाएं अंगूठे पर सैनिटाइजर का छिड़काव किया, तो उस पर लगी असली उम्मीदवार की त्वचा गिर गई। इसके बाद पर्यवेक्षक ने पुलिस को बुलाया और भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी), 419 (प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत शिकायत दर्ज कराई। पकड़े गए व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसका असली नाम राज्यगुरु गुप्ता था और वह अपने दोस्त मनीष कुमार के रूप में परीक्षा देने आया था।

# 5 दिन से बेतवा नदी में फंसे 4 युवक एयरलिफ्ट

## झांसी में आर्मी ने किया रेस्क्यू; बोले- जिंदा लौटने की उम्मीद छोड़ दी थी

झांसी, 25 अगस्त (एजेंसियां)। झांसी में बेतवा नदी के बीच 2 टापुओं पर फंसे चार लोगों को आर्मी ने सुरक्षित एयर लिफ्ट कर लिया है। चारों बीते 5 दिनों से नदी के बीच फंसे थे। चारों 19 अगस्त को मछली मारने नदी में गए थे। तभी अचानक मध्य प्रदेश से पानी छोड़ दिया गया। इससे टापू के चारों तरफ पानी भर गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि वे निकल नहीं पाए। परिवार से संपर्क भी टूट गया था।

बुधवार को परिवार वालों की सूचना पर प्रशासन ने चित्रकूट से SDRF बुलाया। लेकिन जवाब रेस्क्यू में नाकाम हो गए तो आर्मी को बुलाया गया। गुरुवार सुबह आर्मी की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू के लिए मैपिंग की। इसके बाद सेना के 2 हेलिकॉप्टर पहुंचे। जवानों ने पहले छोटे टापू से भूरे और अशोक को एयर लिफ्ट किया। इसके करीब एक घंटे बाद दो अन्य मनीराम और हरि को भी एयर लिफ्ट कर लिया गया। परिवार ने राहत की सांस ली है।

**19 अगस्त से टापू पर फंसे थे चारों लोग**

खड़ेसर गांव से सटी बेतवा नदी पर 2 टापू बने हैं। बड़े टापू पर गांव के किसानों की 8 एकड़ जमीन है। 19 अगस्त को मनीराम और हरि खेत गए थे। जबकि फूल



सिंह उर्फ भूरे और अशोक मछली मारने गए थे। भूरे के पिता जमुना ने बताया, ₹19 अगस्त को नदी का जलस्तर कम था। इसलिए बेटा भूरे और अशोक मछली पकड़ने के लिए छोटू टापू पर गए थे। खाने के लिए ढाई किलो आटा ले गए। शाम को नदी का जलस्तर एकदम बढ़ गया और दोनों टापू पर फंस गए।" अशोक के पास मोबाइल नहीं था। भूरे के पास मोबाइल है, लेकिन बारिश होने के कारण वह घर पर ही छोड़ गया था। इसलिए दोनों से 5 दिन से कोई संपर्क नहीं हो पाया। बुधवार को नदी का जलस्तर एकदम और बढ़ गया। इससे परिजन घबरा गए। भूरे भी नदी में कूदने वाला था, लेकिन ग्रामीणों ने नदी किनारे से तौलिया हिलाकर उसे मना किया।

बुधवार को गांववालों की सूचना पर प्रशासन की टीम एक्टिव हुई। एसडी्आरएफ बुलाई गई, लेकिन रेस्क्यू नहीं कर सकी। अफसरों का कहना था कि नदी में बड़े-बड़े पत्थर है, इसलिए स्टीमर नहीं चल सकती। अगर स्टीमर नदी में उतारी तो फैन क्षतिग्रस्त हो सकता है। इसलिए स्टीमर का टापू तक जा पाना मुश्किल है। इसके बाद गुरुवार को सेना की टीम ने मोर्चा संभाला।

**हेलिकॉप्टर देखकर झाड़ियों में छिप गए थे मनीराम और हरि**

सेना और एनडीआरएफ की टीम ने हेलीपैड के लिए जगह देखी। दोपहर 12 बजे हेलीपैड बनकर तैयार हो गया। इसके बाद सेना के दो हेलिकॉप्टर मौके पर पहुंचे। छोटे टापू पर फंसे भूरे और अशोक को एयर लिफ्ट कर लिया गया। जबकि बड़े टापू पर मनीराम और हरि फंसे हुए थे। दोनों सेना के हेलिकॉप्टर देखकर छुप गए। कुछ देर आसमान में मंडराने के बाद हेलिकॉप्टर वापस हो गए।

# सोनाली फोगाट की मौत में हत्या का केस दर्ज

## पोस्टमॉर्टम में चोट के कई निशान मिले, पीए सुधीर और सुखविंदर गिरफ्तार

हिसार, 25 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा बीजेपी की नेता और टिक-टॉक स्टार सोनाली फोगाट की मौत से जुड़े मामले में गुरुवार को गोवा पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया। सोनाली के भाई रिंकू ढाका की शिकायत पर सोनाली के पीए सुधीर सांगवान और उसके साथी सुखविंदर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सोनाली के शव का गुरुवार दोपहर गोवा में पोस्टमॉर्टम किया गया। वह 23 अगस्त की सुबह गोवा के एक रिसॉर्ट में मृत मिली थीं। सोनाली के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। जीजा अमन पूनिया ने बताया कि पोस्टमॉर्टम होने के बाद सुधीर और सुखविंदर के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

सोनाली का पोस्टमॉर्टम दोपहर पौने 12 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे तक चला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सोनाली के शरीर पर कई 'ब्लंट कट' होने का जिक्र किया गया है। आसान भाषा में इसे 'गुम चोट' कह सकते हैं।

मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार, ये चोट किसी लाठी-डंडे से मारी गईं या घूंसों से यह पता करना बेहद मुश्किल होता है। सोनाली के शरीर पर ये चोट मारने वाला कोई एक्सपर्ट रहा होगा।



**पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी, बॉडी परिवार को सौंपी**

इससे पहले गुरुवार सुबह सोनाली के परिवार ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने पर सहमति दी। 3 डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमॉर्टम किया जिसकी पूरी वीडियोग्राफी की गई। इस दौरान सोनाली का भाई रिंकू ढाका और जीजा अमन पूनिया अस्पताल में ही मौजूद रहे। पोस्टमॉर्टम पूरा होने के बाद सोनाली की बॉडी उसके भाई और जीजा को हैंडओवर कर दी गई। दोनों बॉडी लेकर एयरपोर्ट पहुंच गए। वह रात में ही सोनाली की बॉडी लेकर हिसार लौटेंगे जहां शुक्रवार को उसका संस्कार किया जाएगा।

**ड्रग्स दी गई या नहीं, ये जांच का विषय**

गोवा के डीजीपी जसपाल सिंह ने भास्कर को बताया कि सोनाली के भाई और जीजा की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमॉर्टम हो चुका है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोनाली को 'कर्लीज' रेस्टोरेंट में ड्रग्स दी गई थी या नहीं? तबीयत बिगड़ने पर उसे 'कर्लीज' रेस्टोरेंट के लेडीज वॉशरूम में ले जाया गया या नहीं? यह सब जांच का विषय है। तफ्तीश चल रही है। परिजन के FIR दर्ज न करने संबंधी आरोपों पर डीजीपी ने कहा कि पहले शिकायत को वेरिफाई किया गया। उसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर के अनुसार आगे की जांच की जाएगी।

**सुधीर और सुखविंदर से पूछताछ**

गोवा पुलिस ने सोनाली फोगाट की मौत की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला कि सोनाली जब से गोवा पहुंची थीं, तब से उसी रिजॉर्ट में खाना खा रही थीं जहां ठहरी थीं। 22 अगस्त की रात ही उन्होंने 'कर्लीज' रेस्टोरेंट में पहली बार डिनर किया जिसके बाद उनकी मौत हो गई।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: यदि हर कार्य यह समझकर किया जाये कि भगवान मेरा साथी है तो असम्भव कार्य भी सम्भव हो जायेगा

शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022 3

## तेलंगाना ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं : हरीश राव



हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने गुरुवार को यहां कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के सभी क्षेत्रों में आठ साल की अनूठी पहल और कड़ी मेहनत से तेलंगाना के लिए कई सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

राजेंद्रनगर में इंडियन इंस्टीट्यूट पब्लिक हेल्थ के नए प्रशासनिक ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए, हरीश राव ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने 2015 में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए समर्पित संस्थानों का समर्थन करने के महत्व को महसूस किया। उन्होंने हैदराबाद में आईआईपीएच जैसे प्रतिष्ठित सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के विकास के लिए राजेंद्रनगर में 45 एकड़ जमीन और 10 करोड़ रूपये मंजूर किया।

कोविड महामारी ने सभी को सार्वजनिक स्वास्थ्य के महत्व का एहसास कराया। पिछले कुछ वर्षों में, पल्ले प्रगति और पटना प्रगति जैसी अनूठी योजनाओं के कारण, तेलंगाना मलेरिया और डेंगू के वार्षिक बोझ को कम करने में सफल रहा है। जब स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में समग्र प्रदर्शन को मापने की बात आती है, तो राज्य का दर्जा मिलने के बाद, तेलंगाना तेजी से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले भारतीय राज्यों में उभरा है। दरअसल, हाल ही में राज्यसभा के सत्र में तेलंगाना को स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास के लिए काफी तारीफ मिली थी। वर्तमान में, तेलंगाना को अपने वार्षिक बजट में अधिकतम वित्तीय संसाधन आवंटित करने के लिए शीर्ष तीन भारतीय राज्यों में स्थान दिया गया है। शहरी गरीबों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए मुख्यमंत्री ने बस्ती दवाखानों की अवधारणा पेश की। कुल मिलाकर, तेलंगाना में 390 बस्ती दवाखाना हैं, जिनमें से 259 ऐसी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं हैदराबाद में स्थित हैं। हाल ही में, 15वें वित्त आयोग ने बस्ती दवाखानों की अवधारणा की सराहना की, जो शहरी झुग्गी बस्तियों में लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करते हैं। हरीश राव ने कहा कि पूरे तेलंगाना में 630 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) हैं और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रयास जारी हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में सुधार के लिए संसाधनों का आवंटन आवश्यक हो गया है। इस साल के वार्षिक बजट में, तेलंगाना में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए धन का आवंटन 6, 295 करोड़ से 11,440 करोड़ रुपये से बढ़ गया है। इसके विपरीत इस वर्ष केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अपने बजटीय आवंटन में केवल 1.1 प्रतिशत की वृद्धि की है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य के अलावा, तेलंगाना सरकार ने सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का निर्णय करके चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करने के लिए भी कदम उठाए हैं। प्रत्येक शिक्षण अस्पताल में एक नर्सिंग कॉलेज भी होगा, जिसका नर्सिंग शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों के अलावा, हम 6 सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भी स्थापित कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार होगा।

## हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए कुछ भी झेलने को तैयार : राजा सिंह

### अल्पसंख्यक समुदाय के लोग मेरी टिप्पणी का निकालकर रहे हैं गलत मतलब



हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले, भाजपा विधायक और अभद्र भाषा के आरोपी राजा सिंह ने एक वीडियो जारी किया और कहा कि वह अपने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए कुछ भी सामना करने के लिए तैयार हैं। अपने ईशनिंदा वाले वीडियो का जिक्र करते हुए, उन्होंने दावा किया कि उन्होंने पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की और कहा कि उन्होंने हिंदू देवताओं राम और सीता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए केवल स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनवर फारूकी को निशाना बनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और न ही उनके बेटे केटीआर ने हैदराबाद में मुनव्वर फारुकी का लाइव शो नहीं करने के उनके बार-बार अनुरोध पर ध्यान दिया। उन्होंने दावा किया कि केटीआर ने इसे अहंकार का मामला माना और पुलिस सुरक्षा मुहैया कराकर शहर में स्टैंड-अप कॉमेडियन का शो आयोजित किया। राजा सिंह ने कहा कि केटीआर ने न केवल यह सुनिश्चित किया था कि उन्हें नजरबंद रखा जाए, बल्कि चार आईपीएस अधिकारियों की देखरेख में सैकड़ों पुलिस कर्मियों को तैनात करके फारूकी के लाइव शो को पूर्ण प्रमाण सुरक्षा भी प्रदान की गई। उन्होंने दावा किया कि केटीआर ने मुनव्वर के शो का आयोजन किया क्योंकि वह राज्य में हिंदुओं के वोट नहीं चाहते है। यह कहते हुए कि राजनीति में हिंदुओं, मुसलमानों, सिखों और ईसाइयों के वोट मांगने में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने शहर में मुनव्वर फारुकी के शो के आयोजन पर केवल उनकी सलाह के बावजूद विरोध किया था कि शो का आयोजन किसके द्वारा किया जा सकता है कोई भी तेलुगु कॉमेडियन। आगे केटीआर को निशाना बनाते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री नास्तिक है और किसी भी भगवान में विश्वास नहीं करते है। उन्होंने केटीआर को चेतावनी दी थी कि अगर कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी का शो शहर में होता है तो वह भी एक शो आयोजित करेंगे, राजा सिंह ने कहा कि उन्होंने अपना वादा निभाया और स्टैंड-अप कॉमेडियन को निशाना बनाते हुए अपना वीडियो ऑनलाइन अपलोड किया। उन्होंने दावा किया कि अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले शहर के निवासी उनकी टिप्पणियों को गलत तरीके से समझकर उनके खिलाफ झूठे आपराधिक मामले दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अब भी अपनी टिप्पणियों पर कायम रहेंगे और कहा कि वह अपनी टिप्पणियों के लिए किसी से नहीं डरते। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपनी ईशनिंदा टिप्पणियों के लिए कोई पछतावा नहीं है। आगे बोलते हुए, उन्होंने राज्य सरकार से पूछा कि उसने अतीत में हिंदू देवताओं राम, सीता और सरस्वती के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए राज्य विधानसभा में एआईएमआईएम के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी के खिलाफ कोई मामला दर्ज क्यों नहीं किया?

### अल्पसंख्यक कांग्रेस ने राजा की गिरफ्तारी को सही ठहराया

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख अब्दुल्ला सोहेल ने गुरुवार को पीडी अधिनियम के तहत निलंबित भाजपा विधायक राजा सिंह की गिरफ्तारी का स्वागत किया।

अब्दुल्ला सोहेल ने एक मीडिया बयान में कहा कि बीजेपी विधायक को 22 अगस्त को ही पीडी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जाना चाहिए था, क्योंकि उन्होंने पैगंबर मोहम्मद (पीबीयूएच) के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी वाला विवादास्पद वीडियो पोस्ट किया था। हालांकि, हैदराबाद पुलिस ने तब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जब तक पूरे तेलंगाना में हजारों युवाओं ने विरोध प्रदर्शन नहीं किया।

## धूलपेट के गणेश मूर्ति कारीगरों के बारे में सोचे सरकार : लालसिंह

### पार्षद ने पुलिस प्रशासन से भी की गणेश मूर्ति के कारोबारियों को परेशान न करने की अपील



हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए विधायक टी. राजा सिंह के विधानसभा क्षेत्र गोशामहल के डिवीजन 51 के पार्षद लालसिंह ने सरकार तथा पुलिस प्रसासन से धूलपेट क्षेत्र के व्यापारियों खासकर गणेश मूर्ति के कलाकारों को किसी प्रकार का नुकसान जैसे कदम न उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विधायक राजा सिंह के मामले को लेकर शहर गर्म तो है तथा इसे देखते हुए बाजार को बंद कराया जा रहा है। इससे गरीब व्यापारियों को खासा नुकसान होगा। खासकर वर्तमान में गणेश पूजा का माहौल है और धूलपेट गणेश मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर दूर-दराज से यहां तक कि तेलंगना के आसपास महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, राज्यों से लोग आकर मूर्तियां खरीद ले जाते हैं। इस क्षेत्र के कलाकार वर्षों से भारी संख्या में गणेश मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। इस आशा के साथ कि आने गणेश पूजा के दौरान उन्हें कुछ कमाई हो जाएगी, इसके लिए उन्हें भारी मात्रा में कर्जा भी करना पड़ता है। गणेश पूजा को बहुत कम ही समय है यानी सिर्फ पांच दिन बाकी है। अगर अब पुलिस व्यापारियों को धूलपेट में नहीं आने देगी या फिर ग्राहकों के वाहन को रोकेगी तो लाखों का कर्जा कर मूर्ति बनाने वालों का क्या होगा? उन्हें तो आखिर कर्ज नहीं चुका पाने के कारण आत्महत्या करनी पड़ेगी। इसके संबंध में कम से कम सरकार को तथा पुलिस प्रशासन को सोचना है। पार्षद लाल सिंह ने यह भी बताया कि उन्होंने इस संबंध में नगर पुलिस आयुक्त को भी पत्र सौंपकर अपील की है। अगर सरकार या पुलिस प्रशासन धूलपेट तथा इसके आस-पास क्षेत्र

## राजा सिंह की पुन: गिरफ्तारी पर समर्थकों ने किया विरोध प्रदर्शन





विधायक टी. राजासिंह की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही ऐहतियात के तौर पर बेगमबाजार के व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकान बंद कर ली। सूनसान पड़ा बेगमबाजार का दृश्य।

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गोशामहल विधायक टी. राजा सिंह को पीडी अधिनियम के तहत शहर की पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने और गुरुवार को चेरलापल्ली में केंद्रीय जेल में बंद करने के बाद शहर में कुछ स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। डीसीपी (पश्चिम) जोएल डेविस ने कहा कि विधायक के अनुयायी प्रदेश भाजपा कार्यालय से एमजे मार्केट जंक्शन तक रैली में आए और पुतला फूंका। समर्थकों ने टीआरएस विरोधी नारे भी लगाए, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को मौके से खदेड़ दिया। बेगम बाजार में घटनाक्रम के बाद दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। मंगलहाट और धूलपेट के अंदरूनी इलाकों में युवाओं के समूह विधायक के समर्थन में नारेबाजी करने लगे।

इस बीच, राजा सिंह के प्रतिनिधित्व वाले गोशामहल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंगलहट, धूलपेट, जुमेरत बाजार, कुलसुमपुरा, बेगम बाजार और अफजलगंज इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हम क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए सभी अतिरिक्त उपाय कर रहे हैं। सभी स्थानीय घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### राजा सिंह विवाद : पुराने शहर में विरोध प्रदर्शन जारी

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए गोशामहल विधायक टी. राजा सिंह के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए गुरुवार को शहर के पुराने हिस्सों में विरोध प्रदर्शन जारी रहा। बशीरबाग स्थित नगर पुलिस आयुक्त के पूर्व कार्यालय में लोगों का एक बड़ा समूह पहुंचा और मांग की कि पुलिस विधायक को दी गई सशर्त जमानत को रद्द करे और उसे तुरंत गिरफ्तार करें। मौके पर तैनात एक पुलिस दल ने समूह को जाने के लिए राजी किया, जिसके बाद उन्होंने एक याचिका सौंपी और चले गए।

## कांग्रेस ने मुस्लिम प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस ज्यादती का आरोप लगाया



हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हैदराबाद के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष समीर वलीउल्लाह ने भाजपा विधायक राजा सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तेलंगाना पुलिस की कड़ी निंदा की है। टीआरएस सरकार ने हैदराबाद के पुराने शहर में मुस्लिम युवाओं के खिलाफ क्रूरता की है। स्थानीय मीडिया और व्यक्तियों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि निर्दोष मुस्लिम युवाओं को बेरहमी से पीटा गया और थर्ड-डिग्री यातना के अधीन किया गया। पुलिस कर्मियों ने अतिचार किया।

देर रात शालीबंडा और अन्य क्षेत्रों में मुसलमानों के घरों में घुसकर घर में मौजूद युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने पूरे समुदाय के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। हमने कई भाजपा सरकारों में पुलिस की बर्बरता के ऐसे उदाहरण देखे थे। लेकिन टीआरएस सरकार ने उन सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है"।

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी में दौर में तस्वीरों का महत्व कम नहीं : तलसानी



हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सूचना एवं नागरिक संबंध विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार समारोह आज हैदराबाद में आयोजित किया गया।

राज्य के छायांकन एवं पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव, राज्य के मुख्य सचिव सोमेश कुमार, सूचना एवं नागरिक संबंध आयुक्त, राज्य सरकार के विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार, मीडिया अकादमी के अध्यक्ष अल्लम नारायण, राज्य फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष कूर्मचलम अनिल पुरस्कार में उपस्थित रहे। पांच श्रेणियों में आयोजित इस फोटोग्राफी प्रतियोगिता के लिए कुल 96 प्रेस फोटोग्राफरों ने 1200 से अधिक प्रविष्टियां भेजीं थी। पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि रहे मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण बदलाव के बावजूद तस्वीरों का महत्व कम नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि अगर आप अतीत की यादों, इतिहास और तस्वीरों को देखें तो आपको एक बार में एक नया उत्साह मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की तरह प्रेस फोटोग्राफर भी उत्साहपूर्वक क्षेत्र स्तर पर समाचारों की तस्वीरें खींचते हैं और उन्हें अधिक पहचान मिलनी चाहिए। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने कहा कि एक तस्वीर एक हजार शब्दों के बराबर होती है। इसका एक उदाहरण अफ्रीका में एक भूखी लड़की का इंतजार कर रहे गिद्ध की तस्वीर है जो हमेशा हमारे दिमाग में रहेगी। ऐसा कहा जाता है कि तस्वीरों का भाषा से कोई संबंध नहीं होता है और तस्वीरें सार्वभौमिक होती हैं। सूचना विभाग के आयुक्त, राज्य सरकार के विशेष प्रधान सचिव, अरविंद कुमार ने कहा कि सूचना विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस फोटोग्राफी प्रतियोगिता के लिए प्राप्त प्रविष्टियाँ इन आठ वर्षों के विकास का संकेत हैं।

उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं की तस्वीरें शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शित की जाएंगी। इस अवसर पर मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

सूचना विभाग के निदेशक राजामौली, अतिरिक्त निदेशक नागय्या कांबले, एफडीसी जेएमडी किशोर बाबू, संयुक्त निदेशक जगन, श्रीनिवास, वेंकट रमना, डीडी वेंकटेश्वरलू, राजा रेड्डी, फोटो विभाग एडी बिमल देव और अन्य ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## असदुद्दीन ने शहर में कर्फ्यू लगाने के लिए भाजपा की रणनीति पर तंज कसा

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एआईएमआईएम सुप्रीमो और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने आज नलगोंडा जिले के मुनिगोड विधानसभा क्षेत्र में आगामी उपचुनाव के मद्देनजर तेलंगाना राज्य में भारतीय जनता पार्टी की संदिग्ध गतिविधियों के लिए उसकी आलोचना की। अपने ट्विटर पर असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा नेताओं से पूछा कि क्या मुनुगोड़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव जीतने के लिए उन्हें चकमा देने की जरूरत है। क्या वे एक उपचुनाव के लिए तेलंगाना को जलाना चाहते हैं? अगर इसका रवैया अब इतना हिंसक है, तो आम चुनाव के समय क्या होगा?, हैदराबाद के सांसद ने भाजपा नेताओं से पूछा कि क्या वे शहर में ऐसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं कि राज्य की राजधानी में कर्फ्यू लगाया जाए और दुकानों और प्रतिष्ठानों, स्कूलों और कॉलेजों को बंद कर दिया जाए और लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने से रोका जाए? उन्होंने कहा कि वह राज्य में अप्रिय स्थिति को रोकने और इसे भाजपा के अत्याचारों से बचाने के लिए अल्लाह से प्रार्थना कर रहे हैं।

### बालाजीनगर सीरवी समाज का छठां वार्षिकोत्सव 29 को

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बालाजीनगर जवाहरनगर स्थित सीरवी समाज की आस्था का केन्द्र श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज बन्धुओं के सान्निध्य में श्री आईमाताजी के 607वें अवतरण दिवस व छठां वार्षिक सम्मेलन पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी एकम रविवार 28 अगस्त महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन एवं भादवा सुदी दुज सोमवार 29 अगस्त प्रात: वेला में पूजा-अर्चनाकर बीज महोत्सव आयोजित किया जायेगा। अध्यक्ष किशनलाल पंवार व सचिव लालाराम काग ने बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सान्निध्य में दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

## सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट का छठां वार्षिकोत्सव 29 को

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। करमनघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के सान्निध्य में श्री आईमाताजी के 607वें अवतरण दिवस व छठां वार्षिकोत्सव के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी एकम रविवार 28 अगस्त रात्रि जागरण व सोमवार 29 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा व सचिव हीरालाल सैंणचा ने बताया कि रविवार 28 अगस्त प्रात: वेला मे श्री आईमाताजी मंदिर व रामदेवजी, भैरुजी, शीतलामाता मंदिर को विशेष फूलों व लाईटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रृंगारकर रात्रि 9.15 बजे से जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें दिनेशनाथ योगी एंड पार्टी धनला श्री आईमाँ के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। सोमवार 29 अगस्त भादवा सुदी बीज को प्रात: 9.15 बजे पुजा-अर्चना, गणेश वंदना व महाआरती, अध्यक्ष महोदय द्वारा सभा की अध्यक्षता, पधारे अतिथियों का सम्मान, कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का विवरण, सचिव महोदय द्वारा कार्यो का विवरण, अध्यक्ष महोदय द्वारा सम्बोधन भाषण, पधारे समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर, महाआरती के पश्चात् कार्यक्रम का समापन्न होगा। अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा, सचिव हीरालाल सैंणचा ने समाज बन्धुओं से बीज महोत्सव में सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की।

## दम्माईगुडा प्रजापति समाज का बीज महोत्सव 29 को

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दम्माईगुडा स्थित श्री श्रीयादेमाता मंदिर ट्रस्ट समाज बन्धुओं के सान्निध्य में दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव रविवार 28 अगस्त रात्रि 9.15 बजे से जागरण व सोमवार 29 अगस्त प्रात: वेला में पूजा-अर्चनाकर 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष बंसीलाल ब्रांदणा, सचिव लक्ष्मीनारायण हलकीया ने संयुक्तरुप से बताया कि 28 अगस्त रात्रि 9.15 बजे से जागरण जिसमे महेन्द्रनाथ, सोहननाथ, गिरधारीलाल, मोहनलाल प्रजापत माई के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। मध्य रात्रि विशेष बोलियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भादवा सुदी बीज सोमवार 29 अगस्त प्रात: 10 बजे से समाज बन्धुओं व भक्तों द्वारा माई की विशेष पूजा-अर्चनाकर, श्रीफल भेंट करते हुए श्रद्धा के पुष्प अर्पित करेंगे।

पधारे समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था मध्याह्न 12.15 बजे कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। कार्यक्रम मे पधारे सम्मानित अतिथियों का विशेष सम्मान पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। कोषाध्यक्ष मांगीलाल रेड़वाल ने समाज बन्धुओं से विशेष निवेदन किया है कि सोमवार 29 अगस्त अपने प्रतिष्ठान बंदरखकर सपरिवार पधारकर महोत्सव का लाभ लेवे।

## विदेश मंत्रालय के सचिव ने किया डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान का दौरा



हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत सरकार के सचिव (सीपीवी और ओआईए), विदेश मंत्रालय डॉ औसाफ सईद ने डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान का दौरा किया। इस दौरान डॉ औसाफ सईद के साथ ब्रम्हा कुमार, संयुक्त सचिव (ओई और पीजीई), मंत्रालय विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, दसारी बलैया, (सी एंड सीई), क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, हैदराबाद और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी रहे। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ औसाफ सईद, आईएफएस ने कहा कि दुनिया भर के विभिन्न देशों में रोजगार के विविध अवसर उभर रहे हैं और इन अवसरों का एक बड़ा हिस्सा लेने के लिए भारत में क्षमता निर्माण की पहल को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। अपने संबोधन को जारी रखते हुए, डॉ औसाफ सईद ने कहा कि, 9 मिलियन से अधिक भारतीयों के साथ, सऊदी अरब साम्राज्य में रोजगार के अवसर संतृप्त हो रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विदेश मंत्रालय भारतीय हाई-एंड स्किल्ड मैनपावर को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए दुनिया भर के कई विकसित देशों के साथ समझौता ज्ञापन कर रहा है। डॉ औसाफ सईद, आईएफएस ने कहा कि विदेश मंत्रालय अपने आईटीईसी डिवीजन के माध्यम से दुनिया भर से अपने सहयोगी देशों के लाभ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के लिए न केवल डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान को सूचीबद्ध करने के लिए बल्कि प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के वितरण में और मध्य-मध्य के लिए अपनी सेवाओं का उपयोग करने के लिए विदेश मंत्रालय के सक्रिय विचार के तहत एक प्रस्ताव है। भारत और विदेशी दोनों देशों के सेवारत राजनयिकों के लिए सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम। बेनहूर महेश दत्त एक्का, आईएएस, डीजी, डॉ एमसीआर एचआरडी इंस्टीट्यूट और तेलंगाना सरकार के प्रधान सचिव ने कहा कि डॉ एमसीआर एचआरडी इंस्टीट्यूट को भारत में अखिल भारतीय सेवाओं और केंद्रीय सिविल सेवा अधिकारियों के लिए फाउंडेशन कोर्स आयोजित करने का अनूठा गौरव प्राप्त है।

# भूपेंद्र सिंह बनाए गए यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

## योगी सरकार में हैं पंचायती राज मंत्री

लखनऊ, 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह को यूपी भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसकी घोषणा गुरुवार को की गई। स्वतंत्र देव सिंह के इस्तीफे के बाद यह जगह खाली थी। भूपेंद्र सिंह योगी सरकार में पंचायती राज मंत्री हैं। इसके अलावा जेपी नड्डा ने त्रिपुरा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा भी की है। राजीव भट्टाचार्य को त्रिपुरा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

भूपेंद्र सिंह को बुधवार को दिल्ली बुलाया गया था, जिसके बाद उनके यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। उन्होंने जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि आजमगढ़ से आनन-फानन में दिल्ली आकर भूपेंद्र सिंह ने नड्डा से मुलाकात की थी।



पश्चिमी यूपी के जाट समुदाय से आने वाले भूपेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपकर भाजपा एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश कर सकती है। जानकारों का कहना है कि इसके जरिए भाजपा ने क्षेत्रीय और जातीय समीकरण साधने की कोशिश की है। जाट वोट बैंक को साधने के लिए भूपेंद्र सिंह सबसे मजबूत चेहरा माने जा रहे हैं।

दूसरी तरफ, सीएम योगी की पूर्वांचल की राजनीति पर मजबूत पकड़ है और इस लिहाज से संगठन की कमान पश्चिमी यूपी के जाट नेता को देने को भी पार्टी की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। इसके अलावा, भूपेंद्र सिंह पुराने स्वयंसेवक हैं और सीएम योगी आदित्यनाथ के भी करीबी माने जाते हैं।

स्वतंत्र देव सिंह के इस्तीफे के बाद यूपी भाजपा के अगले अध्यक्ष को लेकर कयासों का दौर लगातार जारी रहा। इस रेस में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का नाम भी शामिल था। उनके 'संगठन सरकार से बड़ा' वाले ट्वीट के बाद इन अटकलों को और भी बल मिला था। दूसरी तरफ, पार्टी ने कई ब्राह्मण और दलित चेहरों पर भी मंथन किया था। इनमें सांसद सतीश गौतम, दिनेश शर्मा और श्रीकांत शर्मा भी रेस में बताए जा रहे थे।

# देवेश चंद्र ठाकुर विधान परिषद के सभापति निर्वाचित

## ग्रहण किया पदभार, नीतीश कुमार ने किया अभिनंदन

पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार विधान परिषद के सभापति के तौर पर देवेश चंद्र ठाकुर ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। बुधवार को देवेश चंद्र ठाकुर ने इस पद के लिए नामांकन किया था। आज उन्हें निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। देवेशचंद्र ठाकुर विधान परिषद के 12वें स्थायी सभापति बने हैं। विधान परिषद के 85 साल के इतिहास में अब तक केवल 11 ऐसे सभापति हुए हैं, जो स्थायी रहे हों, इसके अलावे सदन की जिम्मेदारी कार्यकारी सभापतियों के जिम्मे रही है। आज देवेश चंद्र ठाकुर स्थायी सभापति के तौर पर आज कामकाज संभाल लिया। सदन की तरफ से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनिर्वाचित सभापति देवेश चंद्र ठाकुर का अभिनंदन किया। देवेश चंद्र ठाकुर के निर्वाचन को लेकर आज विधान परिषद की विशेष बैठक बुलायी गयी है। इस अवसर पर सीएम ने नवनिर्वाचित सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को शुभकामनाएं दी। सीएम नीतीश कुमार ने सदन



में कहा कि आज नये सभापति ने आसन ग्रहण कर लिया, लेकिन पुराने सभापति अवधेश नायारण सिंह को कभी नहीं भूलेंगे, वे सभी का ध्यान रखते थे। नये सभापति से भी सभी को उम्मीद है कि सभी काम अच्छे ढंग से होंगे और सदन अच्छी तरह से चलेगा। मुख्यमंत्री ने पूरे सदन की तरफ से उनका अभिनंदन किया। वहीं सदन में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मौजूद सम्राट चौधरी ने भी सभापति चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी। विपक्ष की तरफ ने सम्राट चौधरी ने सभापति को आश्वस्त किया कि उन्हें विपक्ष की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा। लोकतंत्र बचाने के लिए जब भी जरूरत होगी तो पूरा विपक्ष उनके साथ खड़ा होगा।

# भाजपा पर बरसे पप्पू यादव ने कहा- क्या ये लोकतंत्र है

## 33 हजार करोड़ से महाराष्ट्र, एक लाख से कर्नाटक, मणिपुर में सिर्फ दो सीट से बना ली सरकार

पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में भाजपा-जदयू की सरकार के गिरने और नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजद – जदयू सरकार के बनने के बाद राजद के कई नेताओं के घरों में सीबीआई और ईडी के छापे को लेकर विपक्षी नेता केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना है कि जहां भाजपा की सरकार नहीं होती है, वहां वह सीबीआई और ईडी को भेजकर विपक्षी नेताओं को परेशान करने लगती है। जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार को कड़ी चेतावनी दी, कहा कि अब बिहार के लोग चुप नहीं बैठेंगे।

पूर्व सांसद पप्पू यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला और कहा, "33 हजार करोड़ रुपये से आपने महाराष्ट्र सरकार बदली, एक लाख करोड़ रुपये से आपने कर्नाटक सरकार तोड़ दी, 65 हजार करोड़ से आपने मध्य प्रदेश सरकार तोड़ दिया। गोवा में आपने 30 हजार करोड़ में कांग्रेस की सरकार खरीद ली। मणिपुर में मात्र दो सीट पर आप एमएलए बने हैं और सरकार बना ली। क्या



यह डेमोक्रेसी है? आप इतने दिन से कहां थे?" उन्होंने कहा, "क्या सोचते हैं आप, एक-एक बिहारी बदला लेगा। हम गलत चीज के पक्ष में नहीं हैं। मैं नीतीश कुमार जी से कहना चाहता हूं। नीतीश जी बिहार हमेशा मर्द होता है। हमेशा चैलेंज स्वीकार करता है। बीजेपी के जितने मंत्री और वो फाइल चोरी की है, आर्थिक अपराध के द्वारा जेल में बंद करिए। अब वक्त आ गया है चुप नहीं बैठने का, आरपार लड़ाई लड़ने का इन सबको जेल में ठूंसने की जगह है।"

पप्पू यादव ने कहा, "अगर आज भी नीतीश कुमार जी चुप बैठ गए तो नीतीश कुमार जी आपकी सरकार को और आपके लोगों को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी। आप हिम्मत दिखाइए और जितने लोगों ने जनधन योजना और अन्य योजना से आर्थिक घोटाला किया है, बिहार के मंत्री और विधायक पर आर्थिक अपराध बैठा करके कार्रवाई करिए।" उन्होंने कहा, "यदि आज बिना पुलिस के वो रेड कर रहा है सीआरपीएफ के बदौलत और एक में भी बिहार पुलिस नहीं सबको अलग कर दिया गया तो आप भी बिहार पुलिस और बीएमपी के द्वारा इन चोरों के घर पर रेड करके इनको जेल में ठूंसिए।"

## 'मैंने बेटे की सगाई के लिए कैश रखा था' सीबीआई छापे पर बोले आरजेडी एमएलसी, सुशील मोदी ने किया पलटवार



पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में सीबीआई छापेमारी के बाद से सियासत गरमा गई है। इस मामले में जहां आरजेडी की ओर से सफाई दी जा रही है वहीं विपक्षी पार्टी भाजपा हमलावर हो गई है। इनसब के बीच घर से कैश बरामद होने के बाद आरजेडी एमएलसी और लालू यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले नेता सुनील सिंह का बयान सामने आया है। सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा हमारे गठबंधन से खुश नहीं है। उनका एकमात्र लक्ष्य तेजस्वी यादव को फंसाना है। सीबीआई को जो नकद राशि मिली है वह मेरे बेटे की सगाई से जुड़ी हुई है। इसके अलावा मेरी पत्नी की उसके क्रेट प्लांट से कमाई की धनराशि है।

# पुलिस पर भारी अंसारी: 42 दिन, आठ राज्य और 12 टीमें

## 135 से ज्यादा ठिकानों पर छापे, पर हाथ न लगा विधायक

लखनऊ, 25 अगस्त (एजेंसियां)। मऊ की सदर सीट से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी पुलिस पर भारी पड़ गया है। पुलिस की 12 विशेष टीमें डेढ़ महीने में 135 से अधिक ठिकानों पर छापा मार चुकी हैं, लेकिन अब्बास का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। गिरफ्तारी से बचने के लिए विधायक ने राष्ट्रपति चुनाव में मतदान तक नहीं किया था। उधर, सूत्रों की माने तो अब्बास ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर कर दी है। पुलिस के लिए बृहस्पतिवार तक की मोहलत है। इसके बाद पुलिस कोर्ट में फिर से अर्जी डालेगी।

बांदा जेल में बंद माफिया व पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की तलाश में पुलिस ने बुधवार को भी कई जगह दबिश दी। मेट्रो सिटी स्थित विधायक के फ्लैट पर पूछताछ की। वजीरगंज और विधायक आवास भी गईं, लेकिन टीमें खाली हाथ रहीं। डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी के मुताबिक, पुलिस टीमें मऊ,



वाराणसी, गाजीपुर, पंजाब और दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं।

कई जगह दबिश भी दी है। इसके अलावा राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हैदराबाद, उत्तराखंड, पंजाब व छत्तीसगढ़ में भी अब्बास की तलाश की जा रही है। बृहस्पतिवार तक का समय कोर्ट से मिला है। इसके बाद भगोड़ा घोषित करने की अर्जी कोर्ट में डाली जाएगी। कानूनी औपचारिकता पूरी होते ही संपत्ति भी कुर्क की जाएगी।

**पंजाब में लोकेशन तो मिली, पर अब्बास नहीं**

महानगर थाने में 2019 में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग का मुकदमा दर्ज किया गया था। पेशी से गायब रहने पर कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया था। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए सात टीमें बनाई थीं। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी, पर विधायक हाथ नहीं लगा। इसी बीच सर्विलांस से उसकी लोकेशन पंजाब में मिली। तत्काल टीम भेजी गई, पर खाली हाथ रही। एक टीम को उसके संभावित ठिकानों की निगरानी के लिए वहीं रोक दिया गया। अब्बास को भगोड़ा घोषित करने के लिए पुलिस ने 11 अगस्त को अर्जी दी थी। इसे कोर्ट ने खारिज करते हुए 25 अगस्त तक गिरफ्तार करने का समय दिया था। इसके बाद 12 अगस्त से पुलिस ने लखनऊ में ताबड़तोड़ छापे मारने शुरू किए। मेट्रो सिटी स्थित विधायक के फ्लैट, चचेरे विधायक भाई मन्नू अंसारी के फ्लैट और दारुलशफा स्थित सरकारी आवास पर छापा मारा था, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

**मुख्तार के करीबी छह गैंगस्टरों की संपत्ति खंगाल रही पुलिस**

मुख्तार अंसारी के गिरोह पर और शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने छह गैंगस्टरों की संपत्ति खंगालनी शुरू कर दी हैं। दो गैंगस्टर मुख्तार के करीबी सुरेंद्र कालिया से जुड़े हैं, जबकि चार गैंगस्टर लखनऊ, वाराणसी और बांदा जेल में बंद हैं। मुख्तार के करीबी जुगनू वालिया की संपत्ति भी पुलिस ने खंगाली है।

इस पर इनाम भी घोषित है। रेस्टोरेंट संचालक हत्याकांड में जुगनू फरार है। जुगनू की आलमबाग के अलावा कई जगह संपत्तियां हैं। एसीपी के नेतृत्व में बनी तीन टीमें जुगनू की संपत्ति तलाशने में जुटी हैं। वहीं, वजीरगंज में रहने वाले मुख्तार के एक करीबी की सिटी स्टेशन के पास संपत्ति है।

# सीबीआई के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो रहे भोला यादव

**लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ीं**

पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सीबीआई ने कथित लैंड फॉर जॉब स्कैम में बिहार समेत देशभर में हुई आरजेडी नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के पूर्व ओएसडी भोला यादव की गिरफ्तारी के बाद हुई है। ऐसे लालू प्रसाद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भोला यादव न सिर्फ लालू प्रसाद के करीबी हैं बल्कि उनके राजदार भी माने जाते हैं। भोला यादव की जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में अहम भूमिका मानी जा रही है। सीबीआई के लिए वही अब तुरुप का पत्ता साबित हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक रिमांड अवधि में उनसे पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर ही सीबीआई ने यह पूरी कार्रवाई की है। भोला यादव से सीबीआई को कई ऐसे राज पता चले हैं जिससे वह अबतक दूर थी। लालू यादव के साल 2004 से 2009 तक के रेल मंत्री के कार्यकाल में बगैर किसी विज्ञापन के कई लोगों को रेलवे में चतुर्थवर्गीय पद पर नौकरी दी गई। आरोप है कि नौकरी देने



के बदले उनके या परिवार के सदस्यों से जमीन लिखवाई गई। ये जमीन राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और दिल्ली की एके इंफोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर 5 सेल डीड और 2 गिफ्ट डीड के जरिए हस्तांतरित की गई। जमीन का कुल रकबा 1,05,292 वर्गफुट है। सर्किल रेट के हिसाब से अभी इसकी कीमत 4,39,80,650 रुपये है। इस मामले में केस दर्ज करने के बाद सीबीआई की बुधवार को तीसरी बार छापेमारी हुई। इससे पहले 20 मई को राबड़ी देवी व मीसा भारती के आवास समेत 16 ठिकानों की तलाशी ली गई थी। वहीं दूसरी बार भोला यादव को गिरफ्तार करने के बाद पटना-दरभंगा के उनके ठिकानों को खंगाला गया था। रेलवे भर्ती घोटाले में लालू-राबड़ी समेत परिवार के चार सदस्य नामजद हैं। सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी उनकी दो बेटियां मीसा भारती और हेमा यादव को नामजद किया गया है। इसके अलावा नौकरी पाने वाले राज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, अजय कुमार, संजय राय, धर्मेन्द्र राय, विकास कुमार, पिंटू कुमार, दिलचंद कुमार, प्रेम चंद कुमार, लाल चंद कुमार, ह्दयानंद चौधरी (इटवा, मीरगंज, गोपालगंज) और अभिषेक कुमार के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई।

## बदमाशों ने की पति-पत्नी की हत्या

सुपौल, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सुपौल के सदर थाना क्षेत्र के पिपरा खुर्द वार्ड 05 में दंपत्ति की पीटकर हत्या के मामले का पुलिस ने 10 घंटे के भीतर उद्भेदन कर लिया। अति संवेदनशील मामला होने के कारण दिनभर पुलिस जांच में जुटी रही। मामले को लेकर एसपी डी अमरेश ने बताया की 04 अपराधियों को मामले में गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि रात के करीब 02 बजे 4-5 की संख्या में अपराधी ई-रिक्शा की बैट्री चोरी करने गए थे। इसी बीच दंपति की नींद खुली इस पर जब दंपित ने हंगामा करना शुरू किया तो पहचान छिपाने के लिए लकड़ी से पीटकर हत्या कर दी। जांच के लिए गठित टीम द्वारा सूचना संकलन, वैज्ञानिक अनुसंधान के सहयोग से मामले में सबसे पहले पिपरा खुर्द निवासी लड्डू लाल को हिरासत में लिया गया।

# महिला सिपाही बनी डीएसपी बोली रंग लाई मेहनत

बेगूसराय, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बेगूसराय में कार्यरत एक महिला सिपाही अपनी कठिन लगन और मेहनत से डीएसपी बन गई है। पति, सास-ससुर, छोटे बच्चे की जिम्मेदारी और अपनी ड्यूटी के साथ सिपाही बबली कुमारी ने खुद को साबित किया है। बेगूसराय जिला बल की सिपाही बबली का जीवन संघर्ष से भरा हुआ है। उन्होंने तीसरे प्रयास में बीपीएससी क्रेक कर डीएसपी बनने में सफलता पाई है। जो बिहार पुलिस और बेगूसराय पुलिस लाइन के अन्य सिपाहियों और अधिकारियों के लिए भी नजीर है। बबली ने कहा- प्रण कर लेने से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। बबली ने कामकाजी महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जब मैं कर सकती हूं तो कोई भी कर सकता है। राजगीर प्रशिक्षण केंद्र के लिए विरमित करने के पूर्व एसपी योगेंद्र कुमार ने बबली को

**बेगूसराय में तीसरे अटेम्प्ट में मारी बाजी प्रेग्नेंसी में दिया था मेंस का पेपर**




सम्मानित किया। बोधगया के भागलपुर निवासी रोहित कुमार की पत्नी बबली ने 2015 में खगड़िया में बतौर कांस्टेबल सेवा की शुरुआत की थी। वर्तमान में वह पुलिस लाइन बेगूसराय में पदस्थापित हैं।

बबली ने कहा- मन में आना चाहिए कि कुछ करना है तो लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाता है। बबली को 7 माह की पुत्री आरवी है। उनकी शादी साल 2013 में रोहित कुमार से हुई थी।

# बिहार के 16 जिलों में 27 अगस्त तक कमजोर मॉनसून

पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में मौसम विभाग ने 16 जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 24 घंटे के भीतर उत्तर और दक्षिण बिहार में कुछ जगहों पर एक हल्की से मध्यम दर्जे की बरसात हो सकती है। इस दौरान वज्रपात के आसार नहीं हैं। हालांकि इसके बाद मॉनसून की गति फिर से धीमी पड़ने वाली है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 अगस्त तक राज्य में बारिश संबंधी गतिविधियों में कमी आएगी। उसके बाद फिर से भारी बारिश का दौर शुरू होगा। पटना मौसम केंद्र के मुताबिक मॉनसून की सक्रियता बढ़ते ही राजधानी समेत प्रदेश के दक्षिणी भागों के अलग-अलग स्थानों पर पिछले 24 घंटे में भारी बारिश हुई है। मंगलवार को मानसून ट्रफ लाइन पटना होकर गुजर रही थी। इसके प्रभाव से कई जगहों पर अच्छी वर्षा दर्ज की गई। अगले 24 घंटों में राजधानी



पटना समेत बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, जहानाबाद, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, सारण, गोपालगंज जिले के एक या दो स्थानों पर मध्यम दर्जे की बारिश का अलर्ट है। प्रदेश के बाकी हिस्सों का मौसम शुष्क बना रहेगा। भागलपुर में भी बुधवार को दिन में तीन बार रह-रहकर बूंदाबांदी से लेकर हल्की फुहारों का दौर चला, लेकिन इससे गर्मी और उमस के तेवर में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

# आजमगढ़-जौनपुर मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा

## मिर्जापुर के खलासी की मौत, घर के बाहर झाड़ू लगा रही महिला घायल

आजमगढ़, 25 अगस्त (एजेंसियां)। आजमगढ़ जौनपुर मार्ग पर अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक घर में घुस गया। यह हादसा सुबह उस वक्त हुआ, जब आजमगढ़ से जौनपुर की तरफ जा रहा खाली ट्रक सड़क किनारे बने घर में घुस गया। हादसे में ट्रक सवार 17 साल के खलासी नीरज की मौत हो गई। वह बारीपुर थाना लालगंज जिला मिर्जापुर का रहने वाला है।ट्रक पर ही सवार नीरज का 15 साल का साथी अर्जुन पुत्र बबलू जख्मी हो गया। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। बरदह थाना क्षेत्र के भीरा गांव की रहने वाली शमशेर के घर की महिला आतिया बाहर झाड़ू लगा रही थी। अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने की वजह से वह जख्मी हो गई। हालांकि, उसकी चोट मामूली बताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने ट्रक को घर से बाहर निकाला। ट्रक का नंबर जौनपुर जिले का है। क्षतिग्रस्त ट्रक से बड़ी मुश्किल से शव को निकाला गया। गंभीर रूप से घायल किशोर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।

## आर्केस्ट्रा की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट, 14 युवतियों समेत 24 गिरफ्तार

सीतामढ़ी, 25 अगस्त (एजेंसियां)। ऑर्केस्ट्रा की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। सेक्स रैकेट में शामिल 14 युवतियों के साथ 10 अन्य युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार की गई युवतियां आर्केस्ट्रा में काम करती थीं और इसी की आड़ में देह व्यापार भी कर रही थीं। एक बर्थडे पार्टी में ये गलत काम करते हुए पकड़ी गईं। सीतामढ़ी एसपी हरकिशोर राय ने बताया कि अनैतिक देह व्यापार मामले में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें नेपाल की दो नाबालिग लड़कियां समेत बिहार के अलग-अलग जिले की युवतियां शामिल हैं।

# सिलेंडर से चल रही एंबुलेंस की शिकायत पर भड़की कमिश्नर

## मंडल की 108 और 102 एंबुलेंस की जांच कर सिलेंडर मिलने पर कार्रवाई के निर्देश

बरेली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बरेली मंडल की 108 और 102 एंबुलेंस को चलाने के लिए बड़ी संख्या में सिलेंडर का प्रयोग किया जा रहा है। मामले की शिकायत पर कमिश्नर सेल्वा कुमार जी का पारा चढ़ गया। उन्होंने मंडल के सभी अफसरों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने अपने जिलों में अभियान चलाकर सभी एंबुलेंस की जांच करें।

इस दौरान जो भी एंबुलेंस सिलेंडर से चलती मिले उससे सिलेंडर हटाया जाए और जिम्मेदार के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। मंडलायुक्त ने साफ कहा कि मरीजों के जीवन से किसी भी प्रकार का खिलावाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने




स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि बूस्टर डोज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहने के भी निर्देश दिए हैं। कमिश्नर सेल्वा कुमारी जी ने मंडल के सभी डीएम को निर्देश दिए हैं कि जिन गन्ना किसानों का गन्ना भुगतान अभी तक चीनी मीलों द्वारा नहीं किया गया है। उन गन्ना किसानों का शीघ्र भुगतान कराया जाए। इसके लिए अफसर तत्काल चीनी मील प्रबंधन से बात करे। इसी के साथ उन्होंने श्रम विभाग को भी निर्देश दिए हैं कि वह श्रमिकों के पंजीकरण में और तेजी लाए। इस दौरान उन्होंने पशुधन विभाग को निर्देश दिए हैं कि पशुओं में होने वाली लम्पी बीमारी फैलने की संभावना के मद्देनजर पशुओं के आइसोलेशन की व्यवस्था के साथ एंटीवायरस दवाओं से बचाव की पूरी तैयारी कर ली जाए। वहीं आईजीआरस शिकायत निस्तारण को लेकर भी कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे गंभीर दिखाई पड़ी। उन्होंने मंडल के सभी डीएम को साफ निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के रजिस्टर तहसील स्तर पर अपडेट रहना चाहिए। उसकी मानीटरिंग संबंधित उप जिलाधिकारी स्वयं करें। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि आईजीआरएस की सुनवाई को लेकर भी अफसर सतर्क रहे।

# बैंक से 15 लाख लूटकर भागे खेत में पकड़ाए

## मोतिहारी में पीएनबी में हथियार के दम पर लूटपाट, 6 में से एक भीड़ के हत्थे चढ़ा

मोतिहारी, 25 अगस्त (एजेंसियां)। मोतिहारी में गुरुवार को बदमाशों ने हथियार के दम पर पंजाब नेशनल बैंक में 15 लाख की लूट की। अपराधी पैसे लेकर भाग ही रहे थे, कि बैंक के कर्मचारी ने उनका पीछा किया। ग्रामीणों ने भी उन्हें घेर लिया। वो गन्ने के खेत में जा छिपे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। अपराधियों को जब लगा कि बचने का कोई रास्ता नहीं है तो उन्होंने पैसे से भरा बैग आगे किया। फिर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने आरोपी के साथ मारपीट भी की।

**बैंक मैनेजर सहित अन्य बैंक कर्मियों ने दिखाई हिम्मत**

मामला पहाड़पुर थाना क्षेत्र के



संटहा चौक स्थित पीएनबी बैंक का है। बैंक आम दिनों की तरह गुरुवार को भी खुला था। खाताधारक पैसे की जमा-निकासी कर रहे थे। इसी बीच दो बाइक पर सवार हथियार बंद 6 अपराधी बैंक में घुसे। कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर बैंक लूटने लगे। कैशियर से पैसा लूट कर जैसे ही अपराधी बैंक से बाहर निकले। बैंक मैनेजर अभिषेक प्रियदर्शी, रत्न लाल, राजेश चौरसिया, मुकेश कुमार, रवि कुमार आदि बैंक कर्मी ने हिम्मत जुटा कर एक अपराधियों का पीछे किया।

इस दौरान एक लुटेरा पकड़ा गया। खुद को फंसता देख अन्य अपराधी वहां से भाग गए। घटना की सूचना अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच शुरू की। इसी बीच ग्रामीणों ने बताया कि एक अपराधी पास के ही गन्ने के खेत में छिपे हैं। इसके बाद एसडीपीओ ने पुलिस बल और ग्रामीणों के सहयोग से ईख के खेत से लूट के 15 लाख रुपये के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने अपराधियों की पिटाई भी कर दी। अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। इस दौरान बैंक कर्मियों ने हिम्मत दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ रखा था। जबकि दूसरा अपराधी को पास के गन्ने की खेत में छिप गए। दूसरे अपराधी को लूट के 15 लाख रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पकड़े गए दोनों अपराधियों से पूछताछ की जा रही है।

# बांग्लादेश नहीं बनना चाहता श्रीलंका जैसा

## फाइनेंस मिनिस्टर बोले- चीन के कर्ज जाल से बचें गरीब देश; अब बांग्लादेश-नेपाल के दिवालिया होने का खतरा

ढाका, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश के वित्त मंत्री मुस्तफा कमाल के एक बयान ने दुनिया को चीन की हकीकत बता दी। शेख हसीना सरकार में फाइनेंस मिनिस्टर मुस्तफा कमाल ने कहा- चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) अच्छा तो है, लेकिन इसके बहाने चीन गरीब देशों को जो कर्ज दे रहा है वो इन छोटे और विकासशील देशों को तबाह कर सकता है।

कमाल का बयान बेहद अहम है। इसकी वजह ये है कि पहली बार किसी सरकार और खासतौर पर वित्त मंत्री ने चीन के कर्ज जाल के खिलाफ इतनी सीधी वॉर्निंग गरीब देशों को दी है। सवाल ये कि बांग्लादेश के इस आरोप में कितनी सच्चाई है। यहां हम बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल के आर्थिक हालात की रोशनी में सच जानने की कोशिश करते हैं।




**बांग्लादेश में चीन का रोल**

बांग्लादेश चीन की बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट यानी बीआरआई प्रोजेक्ट में शामिल है। बीआरआई के तहत रेल, सड़क और समुद्री मार्ग से एशिया, यूरोप, अफ्रीका के 70 देशों को जोड़ने का प्लान है। चीन हिंद महासागर या कहें भारत करीबी देशों में बंदरगाह, नौसेना के अड्डे और निगरानी पोस्ट बनाना चाहता है। BRI के जरिए चीन हमारे पड़ोसी देशों जैसे बांग्लादेश और नेपाल में पैर पसार रहा है।

बांग्लादेश के फॉरेन रिजर्व 40 अरब डॉलर से कम

दो महीने में बांग्लादेश में महंगाई बढ़ी। फ्यूल यानी पेट्रोल और डीजल 52% तक महंगे हो गए। शेख हसीना की सरकार कहती है कि रूस-यूक्रेन जंग के चलते इंटरनेशनल मार्केट में फ्यूल की कीमतें बढ़ गईं, इसलिए दम बढ़ाए गए।

सबसे ज्यादा फिक्रमंदी की बात बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेन रिजर्व या फॉरेक्स रिजर्व) हैं। ये अब 40 अरब डॉलर से भी नीचे आ चुके हैं। खुद सरकार कहती है कि इस रिजर्व से सिर्फ पांच महीने ही इम्पोर्ट किया जा सकता है। इसके बाद क्या? यही अहम सवाल है।

बांग्लादेश एशिया के उन देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने खाली होते फॉरेन रिजर्व से निपटने के लिए इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड का दरवाजा खटखटाया है। बांग्लादेश नेइंटरनेशनल मॉनेटरी फंड से 4.5 अरब डॉलर का पैकेज मांगा है। हालांकि, अभी इस पर सिर्फ बातचीत ही चल रही है। इसके अलावा शेख हसीना सरकार ने वर्ल्ड बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक, एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर बैंक और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी से भी 4 अरब डॉलर कर्ज मांगा है।

बहुत सीधे तौर पर समझें तो श्रीलंका और पाकिस्तान की राह पर बढ़ रहे बांग्लादेश को दिवालिया होने से बचाने के लिए हसीना सरकार वर्ल्ड फाइनेंशियल बॉडीज, भारत और आईएमएफ से मदद की गुहार लगा रही है। अब सवाल ये कि भारत ही क्यों? चलिए इसे भी समझते हैं। दरअसल, चीन के बाद रेडीमेड गारमेंट्स सेक्टर में बांग्लादेश दुनिया का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। लेकिन, सच ये है कि इसके लिए 90% कॉटन भारत ही देता है। अगर भारत हाथ खींच ले तो बांग्लादेश चंद महीनों में दिवालिया हो जाएगा। यही वजह है कि पिछले दिनों शेख हसीना ने हमारी फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण से बातचीत की थी।

**चीन ने श्रीलंका में क्या किया?**

अब फिर बांग्लादेश के फाइनेंस मिनिस्टर मुस्तफा कमाल की तरफ चलते हैं। उन्होंने कहा था- चीन अपनी परियोजनाओं को लेकर ईमानदार और ट्रांसपेरेंट नहीं है। कर्ज देने की उसकी शर्तें खराब और बेहद कड़ी हैं। लिहाजा, कई छोटे और गरीब देश मुश्किल में फंस रहे हैं। श्रीलंका इसका उदाहरण है।

दरअसल, चीन विकासशील देशों में कर्ज के रूप में तगड़ा इन्वेस्टमेंट करता है। श्रीलंका में भी उसने कई इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स शुरू किए थे। इनसे रेवेन्यू जनरेट तो नहीं हुआ, उल्टा श्रीलंका कर्जदार होता चला गया और आखिरकार दिवालिया हो गया।

**चीन के BRI में फंसा श्रीलंका**

चीन के बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट (BRI) में श्रीलंका का अहम रोल रहा। राजपक्षे सरकार ने हम्बनटोटा पोर्ट के लिए 1.26 अरब डॉलर का कर्ज लिया था। उन्हें लगा इससे ट्रेड में फायदा होगा। इससे कर्ज चुका देंगे। लेकिन, हुआ उल्टा। श्रीलंका लोन नहीं चुका पाया और उसे लाचार होकर हम्बनटोटा पोर्ट चीन को 99 साल की लीज पर देना पड़ा। चीन भी तो यही चाहता था।

**बीआरआई के जरिए नेपाल की इकोनॉमी कंट्रोल करना चाहता है चीन**

चीन और नेपाल के बीच मई 2017 में बीआरआई प्रोजेक्ट को लेकर एक समझौता हुआ था। इसके जरिए चीन फ्री ट्रेड कनेक्टिविटी के नाम पर नेपाल को अपनी शर्तों के जाल में फंसा रहा है।

चीन चाहता है कि नेपाल में भी चीनी करेंसी चले। हैरानी की बात यह है कि नेपाल में चीन का माल जीरो कस्टम ड्यूटी पर बेचा जाता है। यानी नेपाल को हर तरफ से घाटा।

नेपाल में सड़क, सिविल एविएशन, पावर ग्रिड, इन्फॉर्मेशन और कम्युनिकेशन मजबूत करने की बात कही गई। चीन की यही शर्तें श्रीलंका के साथ थीं। इसका नतीजा दुनिया देख रही है, कि वहां क्या हाल हो गया है।

# टेररिज्म केस में इमरान को 1 सितंबर तक बेल

## 21 अगस्त को जारी हुआ था वारंट, जज-पुलिस अधिकारियों को धमकाया था



इस्लामाबाद, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को टेररिज्म मामले में 1 सितंबर तक अंतरिम जमानत मिल गई है। यानी 1 सितंबर तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी गई है। एक रैली में महिला जज और पुलिस अधिकारियों को धमकी देने को लेकर खान के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद 21 अगस्त को एंटी टेररिज्म एक्ट के तहत वारंट जारी हुआ था।

**पहले ही कर दी थी जमानत याचिका दायर**

इमरान की पार्टी पीटीआई की लीगल टीम ने वारंट जारी होती ही इस्लामाबाद हाईकोर्ट में खान की गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका दायर कर दी थी। जिसके बाद 24 अगस्त तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी गई। जियो न्यूज के मुताबिक, याचिका में कहा गया था कि इमरान खान का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं रहा है और न ही उन्हें कभी किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है।

**इमरान ने क्या कहा था?**

इमरान ने 20 अगस्त को इस्लामाबाद के F9 पार्क में आयोजित एक रैली के दौरान कहा था- पाकिस्तान की पुलिस किसी के निर्देश पर मेरे पार्टी लीडर्स को गिरफ्तार कर रही है।

जब मैंने पुलिस से पूछा कि शहबाज गिल को क्यों गिरफ्तार किया गया है, तो पुलिस का कहना था कि वे सिर्फ ऑर्डर्स फॉलो कर रहे हैं।

**महिला जज को भी धमकी**

इतना ही नहीं, खान ने एक महिला जज पर अपनी पार्टी के खिलाफ पक्षपात वाला रवैया अपनाने का आरोप लगाया और उसे देख लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा- ज्यूडिशियरी को भी परिणामों के लिए खुद को तैयार कर लेना चाहिए। खान ने गिल को रिमांड पर लिए जाने का आदेश देने वाली महिला जज को भी धमकी देते हुआ कहा कि जज को खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। इसके लिए जज तैयार रहें।

**इमरान के करीबी दोस्त हैं शहबाज गिल**

पुलिस ने शाहबाज गिल को 9 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के वक्त गिल लग्जरी कार से इमरान के घर बनीगाला जा रहे थे। उन्होंने पाकिस्तानी फौज और ज्यूडिशियरी के बारे में उन्होंने पिछले दिनों बेहद घटिया बयानबाजी की थी। इससे आर्मी और सरकार नाराज थी। इसलिए उनकी गिरफ्तारी हुई। उस वक्त भी माना जा रहा था कि पुलिस इमरान को भी गिरफ्तार कर सकती है।

# पाक में कट्टरपंथियों का अहमदियों की कब्र पर हमला

## अहमदी समुदाय के खिलाफ नफरत फैला रहे मौलवी; उनके साथ दोयम दर्जे का बर्ताव




इस्लामाबाद, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कट्टरपंथियों ने 22 अगस्त को अहमदिया समुदाय के कब्रिस्तान पर हमला किया। कट्टरपंथियों ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय की कब्रों पर पत्थरबाजी की। मौलवी अहमदियों के खिलाफ नफरत पैदा कर रहे हैं। इससे अहमदिया बहुत डर में हैं और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अहमदियों ने सरकार से न्याय की गुहार भी लगाई है। अहमदिया समुदाय के नेता आमिर महमूद ने बुधवार को बताया- 22 अगस्त को दो लोगों ने लाहौर से करीब 150 KM दूर फैसलाबाद जिले में कब्रिस्तान पर पत्थर फेंके। वहां मौजूद कब्रों को तोड़ दिया। अनजान लोगों ने हमारे समुदाय की 16 कब्रों के साथ बेअदबी की। क्रबिस्तान की कई कब्रों पर लगे पत्थरों पर कुछ लिखा भी।

**खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे अहमदिया**

यह 75 साल पुराना कब्रिस्तान है। इसके पहले यहां इस तरह की कोई घटना नहीं हुई। मौलवी कट्टरपंथियों से कब्रों पर हमले करवा रहे हैं। इस तरह की घटनाओं से कई लोग आहत हुए हैं। उन्होंने सरकार से इंसाफ की गुहार भी लगाई है। अल्पसंख्यक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उनको डर है कि उन पर भी हमला हो सकता है।

**अहमदिया और गैर-मुस्लिम**

पाकिस्तान में 22 करोड़ आबादी में करीब 1 करोड़ लोग गैर-मुस्लिम हैं। 1974 में पाकिस्तान की संसद ने अहमदिया समुदाय को गैर-मुस्लिम करार दे दिया था।

10 साल बाद उन्हें मुस्लिम कहने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। अहमदिया सऊदी अरब की यात्रा भी नहीं कर सकते। वे किसी भी तरह का उपदेश नहीं दे सकते हैं। हमदिया खुद को इस्लाम का अनुयायी मानते हैं, लेकिन पाकिस्तान में मुस्लिम उन्हें खुद से अलग मानते हैं। हिंदू, ईसाई और अन्य धर्म के लोग जिस तरह पाकिस्तान में भेदभाव का सामना कर रहे हैं, ऐसे ही कुछ हालात इस समुदाय की भी है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह में | सिंह... 05-26 बजे |
| चंद्र- | कर्क में | कन्या 07-34 बजे |
| मंगल | वृष में | तुला - 09-39 बजे |
| बुध- | कन्या में | वृश्चिक 11-49 बजे |
| गुरु- | मीन में | धनु--- 14-03 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | मकर- 16-09 बजे |
| शनि- | मकर में | कुंभ - 18-00 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन... 19-38 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- 21-14 बजे |
| | | वृष-- 22-59 बजे |
| | | मिथुन.. 00-59 बजे |
| | | कर्क... 03-11 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी- **12-24** तक उपरान्त, अमावस
मास - भाद्रपद कृष्ण पक्ष ,शुक्रवार, **26 August**
नक्षत्र -आश्लेषा - **18 -32** - तक उपरान्त, मघा
योग - परिघ - **02- 10** - तक उप- शिव
करण- शकुनि **-12 -24** - तक,उप- चतुष्पाद
विशेष:- पितृकार्य अमावस,अघोरा १४
व्रत -त्योहार - कुश्तोत्पाटिनी अमावस

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:44 से 12:18 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| चंचल **06:04 - 07:36** शुभ | रोग.. **18:33 - 19:59** अशुभ |
| लाभ **07:36 - 09:10** शुभ | काल. **19:59 - 21:26** अशुभ |
| अमृत **09:10 - 10:44** शुभ | लाभ. **21:26 - 22:52** शुभ |
| काल. **10:44 - 12:18** अशुभ | उत्पात **22:52 - 00:18** अशुभ |
| शुभ **12:18 - 13:52** शुभ | शुभ. **00:18 - 01:44** शुभ |
| रोग **13:52 - 15:26** अशुभ | अमृत **01:44 - 03:10** शुभ |
| उत्पात **15:26 - 16:59** अशुभ | चंचल **03:10 - 04:36** शुभ |
| चंचल **16:59 - 18:31** शुभ | रोग **04:36 - 06:04** अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आपको पहले से सोच समझकर लिया गया एक फैसला बदलना पड़ सकता है। आपकी जीवन में आने वाली चीजों के प्रति अधिक जिम्मेदार रवैया अपनाना होगा।आप अपने पहले तय किये गया कार्यक्रम के अनुसार नही चल पायेंगे क्योंकि आपको कुछ अप्रत्याशित घटनाओं के कारण अपना कार्यक्रम बदलना पड़ सकता है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा।आपके लिए कल्पनात्मक सा समय है। इसीलिए रोमांस का आनंद लें। रोमांस में कल्पना लाने से आपके लिए अच्छा होगा लेकिन अगर आप ऑफिस में भी यही करने की कोशिश करेंगे तो परिणाम अच्छे नही होंगे।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज का दिन कुछ अनिश्चित सा है ,आपको संवेदनशील लोगो से बात करते हुए अधिक सावधान रहना होगा।यह समय सामना करने और फैसले लेने के लिए भी उपयुक्त है।आप जिन अवांछित स्थितियों से बचना चाह्ते थे आपको उनमें खींचा जाएगा।कुछ कठोर निर्णय लेने होंगें।हालाँकि आप दबाव में भी सही फैसले ले पायेंगे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आज आपके लिए बहुत सारा काम है ,व्यस्त रहेंगे। जल्दी के चक्कर में अपने किसी शुभचिन्तक को नाराज ना करें। नम्र बने रहें।आपकी सकारात्मकता के कारण नए अवसर मिलेंगे। धीरज रखें परिवर्तन ही शाश्वत नियम हैविसिलिये बदलाव तो आपके जीवन में भी होना ही है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — यह आपके लिए अपने आप से किये हुए वादों और अपनी योजनाओं को अमल में लाने का बहुत अच्छा समय है।नयी योजनायें भी जल्दी ही कामयाब होंगीं।हालाँकि, दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है।इसीलिए शाम को सामाजिक गतिविधियों में भी शामिल होने की योजना बना सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आप आज किसी मनोरंजक व्यक्ति के साथ सम्बन्ध स्थापित करेंगे। उसके साथ मजेदार बातचीत से समय अच्छा गुजरेगा।इस आदमी से सीखने और प्रेरणा लेने की कोशिश करें। इससे आपको और लोगों की मन स्थिति समझने में भी मदद मिलेगी। परिवार की यात्रा में अगर अपनी मनपसंद जगह जाना है।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आज आपकी किसी से कोई महत्वपूर्ण बातचीत होने के आसार हैं।टकराव की स्थिति भी बन सकती है या साधारण बातचीत भी हो सकती है।लेकिन यह जो भी हो,इससे आपको सोचने के लिए काफी कुछ मिलेगा और आप पूरे दिन इसी में व्यस्त रहेंगे।आप आज कोई विकर्षण सहन नही करेंगे फिर भी आपको यह महसूस होगा।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आपका कोई करीबी शायद आपके कारण भावनात्मक उथल-पुथल के दायरे में है।आप एकदम से निष्कर्ष पर पहुच जाते हैं और इस बार भी आपने सही से समझे बिना ही इस व्यक्ति पर वफादार न होने का आरोप लगा दिया है।आपके लिए अच्छा यही होगा कि आप पहले शांति से बैठकर सही समय तक का इन्तजार करें।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी। इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें।आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है। आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — मेहनत से कांम करें और जमकर आनंद उठायें।आज आप पुरे दिन इसी सिद्धांत पर चलेंगे और यह उपयुक्त भी है।दिन की शुरुआत सामान्य होगी लेकिन अंत दोस्तों और परिवार के साथ जश्न से होगा।आपकी लोगों को हंसाने की क्षमता और खुशमिजाज स्वभाव बड़ी पार्टी की मेजबानी के लिए भी उपयुक्त है।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — यह सोचने और जानने के लिए कि आप अपने जीवन से क्या चाहते हैं,कुछ देर एकांत में बैठें। पिछले कई दिन काफी व्यस्त रहे हैं।इसीलिए आपको अपने उद्देश्यों का फिर से मूल्यांकन करना है और यह भी देखना है की आपके काम किस प्रकार आपके जीवन और संबंधों को प्रभावित कर रहे हैं।यात्रा संभावित है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आपको कोई अप्रत्याशित खुशखबरी मिलेगी।यह आपके करियर या निजी जीवन से जुडी हो सकती है लेकिन इससे आपको वित्तीय लाभ भी होंगें। इससे आपको भविष्य में भी इसी प्रकार के लाभ उठाने का रास्ता दिखाई देगा।आप आज बहुत अच्छे मूड में हैं और आपकी आशावादिता और खुशमिजाजी से सभी प्रभावित होंगे।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# महामारी खत्म होने के फिलहाल संकेत नहीं

## डब्ल्यूएचओ की आने वाले वैरिएंट्स को लेकर बड़ी चेतावनी

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोना महामारी पिछले दो साल से अधिक समय से वैश्विक स्तर पर गंभीर समस्याओं का कारण बनी हुई है। दुनियाभर में फिलहाल इसके ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स का संक्रमण जारी है। अध्ययनों में ओमिक्रॉन को भले ही कम गंभीर माना जाता रहा हो पर अन्य कोरोनावायरस की तुलना में ओमिक्रॉन वैरिएंट्स की संक्रामकता दर काफी अधिक बताई जा रही है।

इस साल दिसंबर में कोरोना महामारी के तीन साल पूरे हो रहे हैं। इतना समय बीत जाने के बाद भी अब तक वैज्ञानिक इस सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं खोज पाए हैं कि दुनिया को कब तक कोरोना का कहर झेलना पड़ सकता है, कोरोना महामारी कब खत्म होगी?

इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने आने वाले दिनों में संक्रमण को लेकर एक बड़ा दावा कर दिया है। कोविड मामलों और संक्रमण में होती वृद्धि को देखते हुए डब्ल्यूएचओ की कोविड तकनीकी प्रमुख, मारिया वान केरखोव कहती हैं कि फिलहाल कोरोना इतनी जल्दी



खत्म होता नजर नहीं आ रहा है। भविष्य में कोरोना के अधिक संक्रमणीय रूप सामने आ सकते हैं, सभी लोगों को उससे सुरक्षित रहने का प्रयास करते रहने की आवश्यकता है।

महामारी विज्ञानी का कहना है कि भले ही हम अभी कोरोना को हल्के में लेने की गलती कर रहे हैं, पर यह भारी पड़ सकती है। इस वजह से कोरोना को नए म्यूटेशन करने का मौका मिल जा रहा है जो आने वाले समय में यह गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। आइए जानते हैं कि कोरोना के आने वाले वैरिएंट्स की प्रकृति को लेकर और क्या दावा किया गया है?

**कोरोना वायरस में हो चुके हैं कई म्यूटेशन**

साल 2019 के आखिर में चीन से नोवेल कोरोना वायरस की शुरुआत हुई थी, तब से अब तक कोरोनावायरस में कई बार म्यूटेशन हो चुका है। हर म्यूटेशन के साथ वायरस कुछ नई प्रकृति लेकर संक्रमण बढ़ाने का कारण बनता जा रहा है। अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा और ओमिक्रोन जैसे अब तक कई वैरिएंट्स और इनके सब-वैरिएंट्स सामने आ चुके हैं। डेल्टा वैरिएंट्स का सबसे पहले भारत में पता चला था और यह अब तक का सबसे खतरनाक माना जा रहा था, वहीं मौजूदा समय में दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स के कारण संक्रमण जारी है। इसे अति संक्रामकता दर वाला बताया जा रहा है। डॉ केरखोव ने भविष्य में और अधिक गंभीर रूपों की चेतावनी दी है।

**ज्यादातर देशों में ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स के केस**

इस साल की शुरुआत से ही ओमिक्रॉन वैरिएंट का ही असर देखा जा रहा है। इसे डब्ल्यूएचओ ने 'वैरिएंट ऑफ कंसर्न' के रूप में वर्गीकृत किया है। ओमिक्रॉन में अब तक कई म्यूटेशन हो चुके हैं। समय के साथ हो रहे म्यूटेशन इसे शरीर में वैक्सीनेशन और संक्रमण के कारण बनी प्रतिरक्षा को आसानी से चकमा देने वाला बनाते जा रहे हैं।मारिया वैन केरखोव द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, ओमिक्रोन वायरस दुनियाभर के कई देशों में प्रमुख खतरे के रूप में जारी है, जिनमें से बीए.5 संस्करण 121 देशों में प्रभावी है और बीए.4 को 103 देशों में संक्रमण का कारण माना जा रहा है। BA.4 और BA.5 को ओमिक्रॉन वैरिएंट के दो सबसे व्यापक सब-वैरिएंट्स हैं।

**अधिक संक्रामकता दर वाले होंगे आने वाले वैरिएंट्स**

डॉ केरखोव ने सावधान करते हुए बताया है कि भविष्य के वैरिएंट्स अधिक संक्रामकता दर वाले होंगे और इनकी प्रतिरक्षा से बचने की क्षमता भी अधिक हो सकती है। लेकिन यह कितने गंभीर रोगों का कारण बनेंगे इस बारे में स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है।

डॉ केरखोव कहती हैं, डब्ल्यूएचओ हमेशा टेस्टिंग पर जोर देता रहा है ताकि संक्रमण का जल्द पता लगाया जा सके और यदि कोई नया वैरिएंट लोगों के बीच आया हो तो समय रहते उसकी पहचान की जा सके। हमें भविष्य में कोरोना के संभावित संकट को लेकर हमेशा तैयार रहने की जरूरत है।

डॉ केरखोव कहती हैं, वैक्सीनेशन ही है जिसने न सिर्फ कोरोना को काफी हद तक कमजोर किया है साथ ही लोगों की जान भी बचाई है। कोविड-19 के टीके गंभीर बीमारी को रोकने में अविश्वसनीय रूप काम कर रहे हैं। सभी देश के सरकारों को वैक्सीनेशन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# कांग्रेस की बैठक में कमलनाथ की नेताओं को नसीहत

## बोले - पार्टी, संगठन के लिए आपके पास समय नहीं तो अभी बता दो, तत्काल बदलाव करेंगे

भोपाल, 5 अगस्त (एजेंसियां)। आप से बेहतर तो बाल कांग्रेस काम कर रही है, उनमें ज्यादा उत्साह नजर आता है। यह बात पीसीसी चीफ कमलनाथ ने गुरुवार को भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में कही। बैठक में विधायकों, विधानसभा, लोकसभा, मेयर के पूर्व प्रत्याशी, जिला प्रभारी, सह प्रभारी के अलावा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष भी शामिल हुए। कमलनाथ ने जिला प्रभारियों, सह प्रभारियों और जिलाध्यक्षों से स्पष्ट कहा कि यदि आपके पास पार्टी और संगठन के लिए समय नहीं है तो अभी बता दो। ऐसे पदों पर हम आने दूसरे मेहनती लोगों को मौका देंगे। बैठक में कमलनाथ ने कहा कि दो सौ गाडियों का काफिला लेकर भोपाल आने वाले नेताओं को जमीन पर संगठन को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। कारों के काफिले से नहीं जमीन पर काम करने से जीत मिलेगी। अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं ऐसे में हवाबाजी के बजाए जमीन पर काम करने से ही कामयाबी मिलेगी। बैठक में पीसीसी चीफ कमलनाथ ने विधायकों को भी संगठन के कामों पर ध्यान देने की नसीहत दी। इसके कुछ देर बाद दो विधायक बैठक से बाहर निकल गए। हालांकि जब जीतू पटवारी से मीटिंग में पीसीसी चीफ द्वारा फटकारने की वजह पूछी तो उन्होंने जवाब दिया कि कोई फटकार नहीं लगाई।

**संगठन की होगी सर्जरी**

मप्र में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने तैयारियां तेज कर दी हैं। हाल ही में हुए नगरीय निकाय के चुनाव में कांग्रेस को 5 नगर निगमों में मिली कामयाबी के बाद अब जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती के प्रयास तेज हो गए हैं। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने जमीनी स्तर पर कांग्रेस के संगठन को खड़ा करने की कमान अपने हाथ में ली है।

# बर्खास्तगी की सजा

इसी साल मार्च में भारत की ओर से कुछ अफसरों की गलती की वजह से ब्रह्मोस मिसाइल चल गई, जो पाकिस्तानी सीमा में जा गिरी थी। इतने दिनों तक चली इस हादसे की जांच के बाद स्वाभाविक ही भारत सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। भारत ने वायु सेना के तीन अधिकारियों को गलती का जिम्मेदार माना और रक्षा मंत्रालय ने उन्हें सीधे बर्खास्त कर दिया। देखा जाए तो उक्त मिसाइल के गिरने की वजह निश्चित रूप से एक दुर्घटना मात्र थी, लेकिन इस तरह की चूक से दो देशों के बीच कैसे नतीजे सामने ला सकती है, इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। जैसा कि माना जाता है कि सैन्य प्रशासन का अनुशासन और सावधानी अत्यंत्र कठोर और बेरहम है। उसी के तहत इस लापरवाही के खिलाफ भी शून्य सहनशीलता के रूप में कडी कार्रवाई की गई है। देखा जाए तो इस कार्रवाई से एक तरह से अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ ही पाकिस्तान को भी यह संदेश दिया गया कि मिसाइल चल जाने की वह घटना भले ही महज चूक या गलती का नतीजा थी, लेकिन इसे भारत सरकार ने अत्यंर गंभीरता से लिया। साथ ही इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। देखा जाए तो दुनिया भर में भारत की एक अलग ही साख है। भारत को पाकिस्तान के मुकाबले ज्यादा जिम्मेदार देश के तौर पर जाना व पहचाना जाता रहा है। इस लिहाज से वायु सेना के तीन अधिकारियों की बर्खास्तगी से भारत ने उसी तरह की छवि दुनिया के सामने पेश की है। जगजाहिर है कि पाकिस्तान मामूली बातों को भी तूल देने में माहिर है। ऐसे में वह भारत की मिसाइल मामले को तूल देकर गंभीर विवाद पैदा कर सकता था। भारत की ओर से दागी गई मिसाइल को वह बडा मुद्दा बना कर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में भारत की साख को बट्टा लगाने की पूरी कोशिश कर सकता था। लेकिन जैसे ही यह घटना सामने आई, उस समय भारत ने तात्कालिक तौर पर सभी तथ्यों के आधार पर यह स्वीकार करने में तनिक भी नहीं हिचकिचाया। उसने स्पष्ट किया कि यह महज एक चूक का नतीजा है और इसके पीछे कोई भी गलत मंशा नहीं थी। भारत की इस स्वीकारोक्ति को तमाम देशों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने समझा। शायद यही वजह रही कि पाकिस्तान भी इस मामले को ज्यादा तूल देने से चूक गया। वरना यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को परेशान करने के लिए बिना वजह पाकिस्तान कैसे ता-ता थैया कर रहा होता। वह अपनी सीमा में मिसाइल गिरने को लेकर तरह-तरह से दूसरी दुनिया को बरगलाता रहता। यह अच्छी बात है कि पड़ोसी देशों के बीच ऐसी समझदारी होनी चाहिए। दोनों देशों की सीमाओं पर या इसके पार अगर कोई अवांछित गतिविधि सामने आती है तो दोनों मिल कर उसकी पड़ताल करके आपसी सद्भाव के साथ उसका हल निकाल लें। लेकिन लंबे समय से पाकिस्तान जिस तरह से खार खाए बैठा है उससे पाकिस्तान से ऐसी अपेक्षा करना मुश्किल है। यों भी, दो देशों की सीमा पर होने वाली हर सैन्य गतिविधि बेहद महत्त्वपूर्ण साबित होती है। इसलिए हथियारों के संचालन से बहुत पहले उसकी देखरेख तक को लेकर अधिकतम स्तर की सावधानी बरतना अनिवार्य शर्त है। अगर किसी अधिकारी की मामूली चूक से भी कोई व्यापक घातक हथियार बेलगाम हो जाए तो उसका परिणाम जानमाल के नुकसान से आगे प्रत्यक्ष युद्ध तक की शक्ल में सामने आ सकता है। इस लिहाज से देखें तो वायु सेना के तीन अधिकारियों को बर्खास्त करके भारत सरकार ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जिम्मेदारी और गंभीरता का परिचय दिया है, बल्कि अपने सैन्य महकमों को भी अधिकतम सावधानी और चौकसी बरतने का संदेश भी दिया है।

# कांग्रेस मुक्त भारत का सपना साकार करते राहुल गांधी



आर.के. सिन्हा

कांग्रेस से देश को यह उम्मीद थी कि यूपीए सरकार के सन 2014 में सत्ता से मुक्त होने के बाद वह अब एक सशक्त विपक्ष की भूमिका को सही तरह से निभायेगी । वह केन्द्र में एनडीए सरकार के कामकाज पर पैनी नजर रखते हुये उसकी कमियों पर उसे घेरेगी भी और उपलब्धियों पर कभी-कभार उसकी पीठ भी थपथपा देगी। यही तो लोकतंत्र है। पर यह हो न सका। राहुल गांधी ने कांग्रेस को एक नकारा और थकी हुई पार्टी बनाकर रख दिया है। कांग्रेस में गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा जैसे पुराने नेता आलाकमान के फैसलों से निराश हैं। गुलाम नबी आजाद और आनन्द शर्मा के चुनाव समितियों के अध्यक्ष पदों से दिए गए इस्तीफों ने यह दर्शा दिया है कि पार्टी में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। दशकों से पार्टी की सेवा करने वाले आजाद और शर्मा जैसे नेताओं को भी अब कांग्रेस में घुटन महसूस हो रही है। पिछले लगभग दो-तीन वर्षों से कांग्रेस लगभग नेतृत्व विहीन सा होकर रह गया है। कहना न होगा कि इसके लिए राहुल गांधी ही जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी किसी दूसरे को अध्यक्ष बनने नहीं देना चाहते और नाटकबाजी कर रहे हैं। वे न तो स्वयं कांग्रेस को नेतृत्व देने में सक्षम हैं, न ही किसी भी सक्षम नेता को कांग्रेस का नेतृत्व सौपनें को तैयार हैं I राहुल गांधी कांग्रेस विहीन भारत के नरेन्द्र मोदी के सपने को जाने-अनजाने खुद ही साकार कर रहे हैं। कांग्रेस के बाकी नेताओं को अब गंभीरता के साथ विचार करना चाहिए कि किस तरह से कांग्रेस को फिर से एक जुझारू पार्टी बनाया जा सकता है। कांग्रेस बिखराव की स्थिति से गुजर रही है। उसके पास समझदार नेताओं की भारी कमी है। ए.के. एंटनी जैसे तपे हुये नेता रिटायर हो गये हैं। वे वापस अपने गृह प्रदेश केरल चले गये हैं। कांग्रेस निरंतर अपना जनाधार खोती ही चली जा रही है। यह न केवल उसके लिये बल्कि देश की लोकतांत्रिक राजनीति के लिये भी शुभ संकेत नहीं है। उसे विपक्ष की मजबूत और स्वस्थ भूमिका का निर्वाह करना चाहिये था। उसे जनता के मुद्दों पर सड़कों पर आना चाहिये था।

पर ताजा हालात यह हैं कि उसके पास जमीनी नेताओं का घोर अभाव है। याद कीजिये कि कब कांग्रेस के नेता पिछली बार जनता के सवालों पर सड़कों पर आये। बेशक, कांग्रेस के लिये यह बहुत ही शोचनीय स्थिति है कि वह एक वृद्ध और बीमार अंतरिम अध्यक्ष के माध्यम से संचालित हो रही है। सोनिया गांधी जब स्वस्थ थीं तब उन्होंने पार्टी को कुल मिलाकर अपने तरीके से एक नेतृत्व दिया था। लेकिन, अब उनमें वह क्षमता और सक्रियता सम्भव नहीं है। कांग्रेस पार्टी को राहुल गांधी नहीं एक 24 घण्टे, सातों दिन और 12 महीने सक्रिय रहने वाला अध्यक्ष चाहिये जैसे कि अमित शाह थे और जेपी नड्डा हैं। ये दोनों दिन रात पार्टी को मजबूती देने के लिये काम करते रहे और कर रहे हैं। राहुल गांधी को पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में लोकसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाना चाहिये। पर वे इस दायित्व तक को भी नहीं लेते। यह बहुत ही दुःखद स्थिति है कि आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने वाली, आजादी के बाद पचपन साल तक देश का नेतृत्व करने वाली देश की सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी अपने लिये एक सक्षम अध्यक्ष तक नहीं तलाश कर पा रही है। ऐसा ही चलता रहा तो सन 2024 के आम चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी देश की राजनीति में पूरी तरह अप्रासंगिक होकर और अपना जनाधार खोकर इतिहास की वस्तु बन कर रह जायेगी। कांग्रेस को डुबोने का पूरा कलंक राहुल गांधी के मस्तक पर ही लगेगा जो पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से सार्थक या सक्रिय संवाद तक कायम नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस का बंटाधार कराने में ऐसे कुछ होनहार सलाहकारों का अमूल्य योगदान है। क्या ऐसे ही कुछ होनहार सलाहकारों' के कहने पर राहुल अपने को कांग्रेस अध्यक्ष की रेस से अलग रखने का कथित संकेत दे रहे हैं? फिर उन्हें स्वयं इस सवाल पर गंभीर मंथन करना चाहिए। अगर यह उनका अपना सुविचारित फैसला है तो उन्हें नये कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया में पूरी सक्रियता से जुट जाना चाहिए। अब राहुल गांधी अपने घर को सही किये बगैर माँ और बहन को लेकर विदेश यात्रा पर निकल रहे हैं। वे कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' करने की बात कर रहे थे, पर जा रहे हैं विदेश ? कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू होने वाली पदयात्रा को उन्होंने जनयात्रा बनाने का आह्वान किया था और कहा कि यह उनके लिए तपस्या है क्योंकि पूरे देश को जोड़ने में लंबा वक्त लगेगा। यदि यह तपस्या ही थी तो अपनी माता जी के मेडिकल चेक अप के नाम पर अपनी बहन के साथ अनिश्चित काल के लिये उनकी विदेश यात्रा जरुरी है ? बेशक, उन्हें अपनी आगामी देश भर की यात्रा से भारत को करीब से जानने में मदद ही मिलेगी। यदि वे विदेश यात्रा के बजाय भारत यात्रा करेंगे I लेकिन, राहुल गाँधी तो अपनी भारत यात्रा में एन.जी.ओ. को भी साथ लेकर चलने की बात कर रहे हैं I ऐसा क्यों ? कारण दो ही हो सकते हैं I पहला कि उन्हें कांग्रेस के संगठन या कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं है I दूसरा यह कि तीस्ता सीतलवाड़ किस्म के जो एन.जी.ओ. भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा में चंदा इकठ्ठा कर राष्ट्र विरोधी कार्यों में संलग्न रहकर अपने आकाओं को खुश रखकर पैसे बटोरते थे और देश में अस्थिरता उत्पन्न करते थे, उनसे राहुल गाँधी की अंदरखाने कोई साठगांठ हो गई है I पर क्या उन्हें कांग्रेस शासित राजस्थान के जालौर में नहीं जाना जाना चाहिये था जहां पर एक बेशर्म शिक्षक की पिटाई से दलित छात्र की मौत हो गई? इतनी जघन्य घटना पर राहुल गांधी ने गहरा दुख जताते हुये ट्वीट कर कहा-'जालोर में निर्दयी शिक्षक द्वारा एक मासूम दलित बच्चे को बुरी तरह पीटे जाने के बाद उसकी मृत्यु की घटना बेहद दुखद है। मैं इस क्रूर कृत्य की भर्त्सना करता हूं। पीड़ित परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। राहुल गांधी ने कहा कि आरोपी को कठोर धाराओं के तहत गिरफ्तार किया जा चुका है। उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।' क्या यह करना मात्र पर्याप्त है? क्या उन्हें या उनकी बहन और कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी को जालौर नहीं जाना चाहिये था दलित छात्र के परिजनों से मिलने के लिये? कांग्रेस शासित राजस्थान में ही कन्हैया नाम के दर्जी का सिर काट डाला गया था? राहुल गांधी बात-बात पर भाजपा सरकारों की निंदा करते हैं, पर कभी अपनी गिरेबान में क्यों नहीं झांकते। कांग्रेस के साथ एक बड़ी दिक्कत यह भी हो रही है कि वह बड़े अहम सवालों पर भी एक राय तक नहीं बना पाती। अब 'अग्निपथ' योजना को ही लें।

इस योजना की कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी पैरवी कर रहे थे। वे कह रहे थे कि सेना में भर्ती की यह नयी योजना "राष्ट्रीय हित में है। उन्होंने अपने एक लेख में कहा था कि 'अग्निपथ' रक्षा सुधारों और आधुनिकीकरण की व्यापक प्रक्रिया का हिस्सा है। उनके विपरीत कांग्रेस आला कमान की 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ था। यानी कहीं भी तालमेल तक नहीं है। देखिये, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधान सभा चुनावों में कांग्रेस को मतदाताओं ने सिरे से खारिज कर दिया था। इन नतीजों के बाद किसी को शक नहीं रहना चाहिए कि यदि गांधी परिवार से कांग्रेस का पीछा नहीं छुड़ाया गया तो सन 2024 तक इसकी हालत और पतली होगी। कांग्रेस सारे देश में सिकुड़ रही है। पर मजाल है कि राहुल गांधी या बाकी कांग्रेसी जागे।

**कांग्रेस से देश को यह उम्मीद थी कि यूपीए सरकार के सन 2014 में सत्ता से मुक्त होने के बाद वह एक सशक्त विपक्ष की भूमिका को सही तरह से अंजाम देगी। पर यह हो न सका। कांग्रेस में गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा जैसे तपे हुये और सधे हुये संसदीय कार्य के माहिर नेता आला कमान के फैसलों से निराश हैं। लगता है कि राहुल गांधी ही कांग्रेस विहीन भारत के नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने में लगे हैं। इसी विषय पर यह आलेख।**

# आवारा मवेशी, घटिया दाम और कई मुद्दे



प्रियंका 'सौरभ'

मनुष्य, जब से इसकी रचना हुई है, पृथ्वी पर कभी भी अकेला नहीं रहा है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि हम इस ग्रह को जीवों की विभिन्न प्रजातियों, जैसे कि जानवरों और पौधों के साथ साझा करते हैं। लेकिन भले ही हम सोचने, निर्णय लेने और अपने जीवन को कैसे जीना चाहते हैं, यह चुनने की क्षमता के कारण हम खुद को श्रेष्ठ प्रजाति का नाम देते हैं, हम बढ़ना शुरू कर देते हैं। हमारा विकास कई अलग-अलग पहलुओं के बीच है, जैसे कि बुनियादी ढाँचा और जीवन शैली। इसने हमें किसी तरह इस तथ्य की उपेक्षा करने के लिए प्रेरित किया कि हम इस ग्रह पर अकेले नहीं हैं। हम अन्य प्रजातियों को रास्ते से हटाना शुरू कर देते हैं, और हमें कभी-कभी यह एहसास नहीं होता है कि उन अन्य प्रजातियों द्वारा महसूस किए गए प्रभाव के भयानक और कभी-कभी घातक परिणाम होते हैं, और हम कभी-कभी यह समझने में भी असफल होते हैं कि यह हमें नुकसान भी पहुंचा सकता है। पशुधन जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत में 5 मिलियन से अधिक आवारा मवेशी हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मनुष्यों और फसलों पर आवारा गाय का हमला निवासियों के लिए एक मुद्दा है। आवारा मवेशी शहरी क्षेत्रों में यातायात के लिए एक उपद्रव हैं और अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। गाय सड़क के बीच या किनारे या डिवाइडर पर बैठना पसंद करती है क्योंकि तेज गति से चलने वाला यातायात मक्खियों और कीड़ों द्वारा जानवर के शरीर से दूर हो जाता है, और जानवर को हर बार अपनी पूंछ हिलाने की आवश्यकता नहीं होती है। इस प्रकार उन्हें सड़कों पर बैठना/बैठना आसान, आरामदायक और आरामदायक लगता है। सड़कों पर बैठी इन आवारा गायों में से कई आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों की हैं. आम बोलचाल में, आवारा मवेशियों में गाय, बैल या बछड़े शामिल होते हैं जिन्हें छोड़ दिया जाता है क्योंकि वे अनुत्पादक होते हैं अधिकांश भारत में गायों का वध अवैध है, क्योंकि गायों को हिंदू धर्म में पवित्र माना जाता है।

वध विरोधी कानूनों को 2014 तक सख्ती से लागू नहीं किया गया था, जब भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सत्ता में आई थी। इससे पहले, किसान नियमित रूप से अपनी बूढ़ी गायों को बूचड़खानों में ले जाते थे। 2014 से, उत्तर प्रदेश सहित भारत के 18 राज्यों में गोहत्या को अवैध बना दिया गया है। कृषि उद्योग में बढ़ते मशीनीकरण ने भी मवेशियों को काम करने वाले जानवरों के रूप में उपयोग से बाहर कर दिया है, और मवेशियों के परित्याग के मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गौरक्षकों द्वारा गिरफ्तारी, उत्पीड़न और लिंचिंग के डर ने भी मवेशियों के व्यापार को कम कर दिया है। एक बार जब गाय दूध देना बंद कर देती है, तो गाय को खिलाना और उसका पालन-पोषण करना उस किसान पर आर्थिक बोझ बन जाता है जो उसका भरण-पोषण नहीं कर सकता। जिन मवेशियों को किसान बेचने में असमर्थ हैं, उन्हें अंततः भटकने के लिए छोड़ दिया जाता है। यह ध्यान देने योग्य है कि मालिक अपनी उपयोगिता खो चुके मवेशियों को छोड़ देते हैं। इन मवेशियों को आवारा मवेशी कहा जाता है जो भोजन की तलाश में गलियों में घूमते हैं या गली के बीच में बैठे देखे जाते हैं क्योंकि उनके पास कोई जगह या आश्रय नहीं है। मवेशियों को तब तक आश्रय में रखा जाता है जब तक वे अपने मालिकों को लाभ प्रदान करते। यह अशुभ है कि जिन गायों और बैलों को देवताओं के रूप में पूजा जाता है, उन्हें त्याग दिया जाता है या उनकी उपेक्षा की जाती है। मवेशी एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं, कृषि प्रणाली का समर्थन करते हैं, और इस तरह पोषण सुरक्षा में योगदान करते हैं। जनवरी 2020 में, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 20 वीं पशुधन जनगणना जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि भारत में 5 मिलियन से अधिक आवारा मवेशी हैं। देश के कई राज्यों में पूरी मवेशी आबादी का लगभग 50% गैर-प्रजनन योग्य श्रेणी में है और इसे अनुत्पादक कहा जा सकता है। " इन आवारा मवेशियों को छोड़ दिया जाता है, और उन्हें अपने दम पर अपना भरण-पोषण करना पड़ता है। सरकार द्वारा आवारा पशुओं के मुद्दे पर विचार करने के लिए समितियां नियुक्त करने और मवेशियों को छोड़ने के लिए कड़ी सजा के प्रस्ताव के बावजूद, अक्सर सुनसान मवेशियों के मालिकों को पहचानने के लिए यह असंभव पाया जाता है। इतना ही नहीं, सूखे, अकाल और बाढ़ जैसी आपदाओं से पीड़ित अपने पशुओं की तो बात ही छोड़िए, किसान मुश्किल से अपना भरण-पोषण कर पाते हैं। ऐसे मामलों में, उनके पास अपने गैर-आर्थिक मवेशियों को छोड़ने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है। पिछले कुछ दशकों में, क्रॉसब्रीडिंग पर अत्यधिक ध्यान दिया गया है, और स्वदेशी लोगों की उपेक्षा की गई है। यह भी आवारा पशुओं की आबादी में योगदान करने वाले कारकों में से एक है। आवारा मवेशियों की समस्या ज्यादातर शहरों में होती है क्योंकि ये चिंता का विषय तो बन ही जाते हैं और कई बार परिवहन व्यवस्था और आम जनता के लिए भी खतरा बन जाते हैं। हालांकि, गांवों में छोड़े गए मवेशी अपना पेट भरने के लिए फसलों पर छापा मारते हैं, जिससे फसलों और किसानों को नुकसान होता है। एक बार जब वे अयोग्य हो जाते हैं, तो उनका पालन-पोषण आर्थिक रूप से गैर-लाभकारी होता है। इस प्रकार, वे या तो पूरी तरह से वीरान हो जाते हैं या अपने मांस से मौद्रिक लाभ प्राप्त करने के लिए बूचड़खानों को बेच दिए जाते हैं। आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए सरकार कई बार हस्तक्षेप कर चुकी है।

# आपदा प्रबंधन के लिए कुछ नया करना होगा



रजनीश कपूर

किसी भी तरह की आपातस्थिति में आम नागरिक सीधे 100 नम्बर मिलाने की सोचता है। परंतु क्या हमारे देश का आपदा प्रबंधन इस कदर व्यवस्थित है कि किसी भी आपातस्थिति से कुशलतापूर्वक निपट सके? इसका जवाब आपको आसानी से नहीं मिल पाएगा। आपातस्थिति में तंत्र की अव्यवस्था के चलते नागरिकों को जिन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उनसे शायद हम सबको भविष्य के लिए सबक सीखने की आवश्यकता है। मिसाल के तौर पर दिल्ली जैसे शहर में रहने वालों को शायद यह नहीं पता कि दिल्ली में कितने दमकल केंद्र हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार दिल्ली में 64 दमकल केंद्र हैं। प्रत्येक दमकल केंद्र का एक तय कार्यक्षेत्र और सीमा होती है।

आग लगने के स्थिति में उसी सीमा के भीतर ही दमकल की गाड़ियाँ घटनास्थल पर जाती हैं। दिल्ली वालों को शायद यह भी नहीं पता कि सितम्बर 2019 से समस्त भारत के लिए आपातकालीन सेवा का एक ही नम्बर 112 शुरू किया गया है। इस सेवा को आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) कहा जाता है। यदि आपको पुलिस, अग्नि शमन, स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं से आपातकालीन सहायता की आवश्यकता है, तो आपको सदियों से चले आ रहे 100, 101, 102 या 108 नम्बरों के बजाय केवल 112 नम्बर ही मिलाना होगा। भारत सरकार द्वारा यह एक अच्छी पहल कही जा सकती है। परंतु इस सेवा का जितना प्रचार होना चाहिए वो शायद नहीं हुआ। आज भी आपातस्थिति में हड़बड़ाहट में मुंह से यही निकलता है कि 100 नम्बर मिलाओ और पुलिस बुलाओ। ईआरएसएस सेवा शुरू होने के दो सालों के बाद भी यदि हम वही पुराने 100 नम्बर को याद कर मिला देते हैं तो मिलाई गई कॉल पर यह संदेश बजता है कि आपकी कॉल को ईआरएसएस सेवा 112 से जोड़ी जा रही है। इस सब में थोड़ा समय बर्बाद ज़रूर होता है परंतु दिल्ली जैसे महानगर में पुलिस की पीसीआर गाड़ी तुरंत आ जाती है। गाड़ी पहुँचने से पहले आपके मोबाइल पर एक संदेश भी आता है जो आपके द्वारा की गई कॉल की पुष्टि करता है और आपके पास पहुँचने वाली गाड़ी का विवरण भी दे देता है। पीसीआर की गाड़ी में तैनात सम्बंधित अधिकारी आपको फ़ोन कर बात भी करता है और समस्या की जानकारी लेता है। जानकारी के

अनुसार वो उचित कार्यवाही प्रारम्भ भी कर देता है। जैसे ऐम्बुलेंस या दमकल की गाड़ी को घटनास्थल पर रवाना करना। इसे दिल्ली पुलिस की दक्षता माना जा सकता है। ईआरएसएस सेवा को चालू करने वाले भारत सरकार के गृह मंत्रालय को इन सुझावों पर भी ध्यान देना चाहिए। जैसे देश के सभी राज्यों में आपको पीसीआर की गाड़ियाँ कई चिन्हित स्थानों पर तैनात किया जाता है, उसी प्रकार क्या दमकल की छोटी गाड़ियों को तैनात नहीं किया जा सकता? आपात स्थिति में यदि ऐसी दमकल की छोटी गाड़ियाँ तैनात हों तो आग लगने की स्तिथि में वो बड़ी गाड़ियों की तुलना में घटना स्थल पर जल्दी पहुँच सकती हैं। घटना स्थल पर पहुँच कर स्तिथि का जायज़ा लेने के बाद आवश्यकता अनुसार दमकल की बड़ी गाड़ी को बुलाया जा सकता है। तब तक उस गाड़ी में तैनात अग्निशमन सेवा के कर्मी आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास कर सकते हैं। इन छोटे दमकल वाहनों में छोटे पानी टैंकर के साथ-साथ प्राथमिक रोकथाम के वो सभी उपकरण भी होने चाहिए। इस छोटे प्रयास से बड़ा नुक़सान टाला जा सकता है। दमकल की बड़ी गाड़ी के ट्राफ़िक में फँसने की वजह से हो रही देरी से पहले ही बचाव कार्य शुरू किए जा सकते हैं। देश भर में दिल्ली के चाँदनी चौक जैसे तंग गलियों के बाज़ारों की संख्या अनगिनत हैं। आप कल्पना कीजिए कि तंग गलियों में यदि कहीं आग लगती है तो उससे निपटने के लिए बड़ी गाड़ी कैसे पहुँच पाएगी? यदि हर ऐसे बाज़ार के पास एक छोटी गाड़ी की तैनाती हो तो प्राथमिक बचाव कार्य शुरू किए जा सकते हैं। ऐसा करने से आग को फैलने से भी रोका जा सकता है और बड़े नुक़सान को रोका जा सकता है। तंग गलियों वाले बाज़ार हों या ऐसे रिहायशी मोहल्ले, जनता का सहयोग तुरंत मिल जाता है।

# खतरनाक है किशोरों में अपराध का नया वैरिएंट



मनोज कुमार

क्या आप कल्पना भी कर सकते हैं कि सोलह साल का एक नाबालिग किशोर छात्र सिर्फ पढ़ाई से छुटकारा पाने के लिए जेल जाने का फितूर दिमाग में पैदा कर ले और जेल जाने के अपने ईरादे को पूरा करने के लिए अपने ही स्कूल के एक अंडरएज छात्र की गला दबा कर हत्या कर दी। जाहिर है कि यह सारी बातें गले से नीचे नहीं उतरती हैं लेकिन गाजियाबाद जिले के मसूरी थाना क्षेत्र में एक छात्र ने 13साल के आठवीं कक्षा के छात्र की हत्या कर दी। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से हैरान करने वाली खबर आई हैं जहां 16 साल के दसवीं क्लास के एक छात्र ने पढ़ाई से बचने के लिए जेल जाने का प्लान बनाया। बताया जाता है कि इस बच्चे का पढ़ने में मन नहीं लगता था और मां बाप पढ़ने के लिए डांट- फटकार लगाते थे ऐसे में पढ़ाई से छुटकारा पाने के लिए उसके किशोर दिमाग में अपराध का कीड़ा पनपा कि अगर वो जेल चला जाएगा तो पढ़ाई से बच जाएगा। यदि पुलिस और आरोपी छात्र की बात पर भरोसा किया जाए तो यह छात्र पिछले कुछ समय से कोई अपराध कर लम्बे समय के लिए जेल जाना चाहता था ताकि काफी समय तक स्कूल पढ़ाई से दूर रह सके। इसके लिए वो काफी समय से योजना बना रहा था कि ऐसा कौन सा अपराध किया जाए जिससे उसे पढ़ाई करनी पड़े और वो जेल चला जाए अपने इस इरादे को पूरा करने के लिए उसने जो कदम उठाया उससे एक मासूम निर्दोष छात्र को अकारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ा और एक घर का चिराग इस शैतान हत्यारे ने हमेशा के लिए बुझा दिया। समाज मे बच्चों और किशोरों में आ रहे हिंसक बदलाव को इंगित करने वाली यह वारदात गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र की है।यहां के एक गांव में रहने वाले नाबालिग किशोर ने पढ़ाई से बचने के लिए अपने ही पड़ोस में रहने वाले 13 साल के छात्र की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने कांच की बोतल के टुकड़े से उसका गला काटने की भी कोशिश की।जब उस बच्चे का शरीर पूरी तरह निश्चेष्ट हो गया और उसे यह तय हो गया कि वो अब बालक मर चुका है तो वह खुद पुलिस थाने सरेंडर करने पहुंच गया। आरोपी छात्र ने लाश को वहीं छोड़ दिया और खुद पुलिस थाने पहुंच गया उसने पुलिसवालों से कहा मुझे जेल भेज दो, मैं पढ़ना नहीं चाहता हूं और मैंने अपने दोस्त को मार दिया है।आरोपी लड़के ने जब ये बात मसूरी थाने में पुलिसवालों के सामने जाकर कही तो उन्हें भी एकाएक भरोसा नहीं हुआ सोचा लडका पागल हो गया है या मजाक करना चाहता है लेकिन जब पुलिस ने मौके पर देखा तो वो भी सन्न रह गए लड़के की बताई जगह पर पुलिस को बच्चे की लाश पड़ी मिली । पता चला है कि कुछ दिनों से ही दोनों में दोस्ती हुई थी दोनों एक दूसरे के साथ हमेशा खेलने जाया करते थे। आज भी आरोपी लड़का उसे घर से बुलाकर अपने साथ खेलने के लिए ले गया था।जिसके बाद उसने कथित तौर पर बात करते-करते उसका दबाना शुरू कर दिया। इसके बाद उसके गले पर कांच की बोतल के टुकड़े से भी वार किए। यह खूनी वारदात बच्चों और किशोरों में क्राइम की ओर बढ़ रहे रूझान कानून व पुलिस का कोई भय नहीं होना तथा हत्या कर समाज में क्रिमिनल बतौर अपनी दबंग छवि बनाने की चाह आदि का मिलाजुला एडिशन है।

# नौकर देवता के दिव्य दर्शन



डॉ. सुरेश कुमार

आज बड़े साहब का नौकर नहीं आया था। शहर में नौकर की किल्लत जानवरों के बीच इंसानों को ढूँढ़ने जैसी हो गई है। अपनी हेकड़ी दिखाकर, नौकरी छोड़ देने की धमकी देने और पगार से पहले एडवांस खाकर गायब रहने वाले नौकर न दिखाई देने वाले भगवान की तरह होते हैं। जो नाम तो भजवा लेते हैं, लेकिन ऐन दर्शन देने की बारी आने पर पलटी मार जाते हैं। पहले मकान की तलाश पानी की उपलब्धता, अस्पताल और हरियाली देखकर की जाती थी, अब नौकर की उपलब्धता देखकर की जाती है। बड़े साहब के घरवाले एक पल के लिए सांस लिये बिना जी सकते हैं, लेकिन नौकर के बिना कतई नहीं। उनके घर में नौकर की कीमत का पता इसी बात से लगाया जा सकता है कि बड़े साहब की पत्नी आए दिन साहब और बच्चों को भला-बुरा सुना देती हैं, लेकिन अपने नौकर को कभी एक शब्द नहीं कहतीं। यह उनका नौकर के प्रति प्यार नहीं डर था। साहब घबराए हुए कभी हाथ की तो कभी दीवार की घड़ी देखते। गेट के आस-पास आभासी रेड कार्पेट बिछाए उसकी राह जोहते। साहब के दस्तखत के बिना गरीबों को अनाज वाली फाइल पिछले कुछ दिनों से मेज पर दम तोड़ रही थी, और इधर नौकर के बिना साहब। नौकर एक विशिष्ट प्राणी होता है। वह अपनी जीर्ण कुटिया में रहते हुए साहबों की बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएँ हिलाने का माद्दा रखता है। ये खाते सब कुछ हैं, लेकिन अंग पर छटाक भर का मांस नहीं टिकता। टिके भी कैसे? टिकने के लिए तनावमुक्त रहना रहना पड़ता है और ये है कि साहबों को तनाव देने के लिए खुद तनाव में रहते हैं। नौकरों की ताकत का पता इसी बात से चल जाता है कि आज़ादी के बाद देश का जितना नुकसान नेताओं से नहीं हुआ उतना तो नौकरशाहों से हुआ है। नौकर नौकर न हुए अपने मर्जी के मालिक हो गए। पहले परिस्थितियाँ नौकरों को पैदा करत थीं। अब नौकर परिस्थितियों को पैदा करते हैं। वे हैं तो बड़े लोगों का उठना-बैठना है या फिर चलना-फिरना। खान-पान तनिको न भाय, नौकर बिन कुछ न सुहाय। किसी जन्म के पुण्य रहे होंगे कि फाटक के पास नौकर देवता के दर्शन हो गए। वाश बैसिन में पड़े बर्तन जो थोड़ी देर मुँह फुलाए बैठे थे उसके आने की खबर मात्र से चहक उठे। पोंछा लगाने वाला पोंछूभाई फिनायल भाभी के साथ खुशी के मारे सुरताल कर रहा था। आज नौकर न आता तो घर में बर्तनों का वाश बैसिन से और पोंछूभाई का फिनायल भाभी के साथ जरूर तलाक हो जाता। तब इन दो छुट्टम-छुटाई के साथ साहब और मेमसाहब का तीसरा केस भी कोर्ट कचहरी में अपनी जान की दुहाई माँगता। वह तो भला हो उन नौकर देवताओं का जो समय से पहुँचकर कइयों के घर टूटने से बचाते हैं।

# 4 साल बाद बना है भाद्रपद में शनैश्चरी अमावस्या का शुभ संयोग



**शनिवार के दिन कोई अमावस्या होती है तो उसे शनैश्चरी अमावस्या कहते हैं. 14 साल पहले ऐसा संयोग 30 अगस्त 2008 को बना था. शनैश्चरी अमावस्या पर तीर्थों में स्नान करने मात्र से ही हर तरह के पाप मिट जाते हैं.**

इस साल भाद्रपद महीने में शनैश्चरी अमावस्या का शुभ संयोग 27 अगस्त को बनेगा। ऐसा संयोग 14 साल बाद बना है। यह संयोग इस वजह से भी विशेष है क्योंकि इस दिन शनि अपनी ही राशि मकर में रहेगा। अब दो वर्ष बाद ऐसा संयोग आएगा कि भाद्रपद माह में शनि अमावस्या होगी। वैसे तो हर माह की अमावस्या तिथि विशेष होती है क्योंकि इस तिथि को स्नान दान और पितरों की पूजा करते हैं। इस बार भाद्रपद अमावस्या अत्यंत ही शुभ है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनिवार की अमावस्या को अत्यंत ही महत्वपूर्ण होती है। स्कंद पुराण, पद्म पुराण और विष्णुधार्मोत्तर पुराण के अनुसार, शनैश्चरी अमावस्या पर तीर्थों में स्नान या पवित्र नदियों में स्नान करने मात्र से ही हर तरह के पाप मिट जाते हैं। शनि अमावस्या पर दान करने से कई यज्ञों को करने के समान ही पुण्य फल प्राप्त होता है। इतना ही नहीं, शनि अमावस्या पर श्राद्ध कर्म करने से पितर पूरे वर्षभर संतुष्ट रहते हैं।

### 14 साल बाद बना है यह संयोग

जब शनिवार के दिन कोई अमावस्या होती है तो उसे शनैश्चरी अमावस्या या शनि अमावस्या कहते हैं। 27 अगस्त की शनैश्चरी अमावस्या इस साल की आखिरी शनैश्चरी अमावस्या है। शनिवार को अमावस्या का शुभ संयोग कम ही बनता है। 14 साल पहले ऐसा संयोग 30 अगस्त 2008 को बना था। तब भाद्रपद में शनैश्चरी अमावस्या थी। अब दो साल बाद यानी 23 अगस्त 2025 को भाद्रपद महीने में शनैश्चरी अमावस्या का संयोग बनेगा।

### शनि अमावस्या तिथि 2022

भाद्रपद की शनैश्चरी अमावस्या तिथि 26 अगस्त शुक्रवार को दिन में 11 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो रही है। यह तिथि 27 अगस्त शनिवार को दोपहर 01 बजकर 45 मिनट पर समाप्त होगी।

27 अगस्त को भाद्रपद अमावस्या के दिन प्रातः तीर्थों और पवित्र नदियों में स्नान करने का विश्रेष महत्व है। इस दिन आप भी इसका लाभ ले सकते हैं। स्कंद पुराण में अमावस्या तिथि को पर्व कहा गया है, इसलिए इस दिन स्नान करके आप हर प्रकार के दोषों को दूर कर सकते हैं।

### इसलिए विशेष है शनैश्चरी अमावस्या

यह शनैश्चरी अमावस्या इस वजह से विशेष है क्योंकि शनि अपनी ही राशि मकर में विद्यमान हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनैश्चरी अमावस्या शुभ फल प्रदा करने वाली होती है। अमावस्या तिथि न्याय के देवता शनि देव की जन्मतिथि भी है।

# गणेश चतुर्थी पर करनी है गणपति स्थापना तो इन नियमों का करें पालन



भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल गणेश चतुर्थी का पर्व 31 अगस्त को पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह उत्सव 10 दिनों का होता है और इन दिनों तक घरों और पंडालों में भगवान श्री गणेश की मूर्ति रखकर विधि विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इस दौरान लोग व्रत रखते हैं और पूरे मन से गणेश वंदना में लीन होते हैं।

**मूर्ति इस दिशा में करें स्थापित**

पंडित घनस्याल के अनुसार भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति विराजमान करने के लिए ब्रह्मस्थान यानी पूर्व दिशा और उत्तर-पूर्व कोण दिशा शुभ मानी जाती है और इसी दिशा में भगवान गणेश की मूर्ति रखनी चाहिए। भूलकर भी इन्हें दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम कोण में नहीं रखना चाहिए। इससे व्यक्ति को भारी हानि हो सकती है।

इस तरह करें स्थापित

मूर्ति स्थापना करने के लिए सबसे पहले साफ चौकी बिछाएं। फिर गंगाजल का छिड़काव करके शुद्ध करें। फिर चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं और अक्षत रखें। इसके बाद भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित करें। मूर्ति स्थापित करने के बाद भगवान श्री गणेश को स्नान कराएं। श्री गणेश के दाईं ओर जल का कलश रखें और एक तरफ सुपारी रखें। इस दौरान भगवान श्री गणेश का मंत्र का जाप करें – 'ऊं गं गणपतये नमः।'

श्री संकटनाशनगणेशस्तोत्रम्
प्रणम्य शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम् ।।
भक्तावासं स्मरेन्नित्यमायुःकामार्थसिद्धये ।।1।।
प्रथमं वक्रतुण्डं च एकदन्तं द्वितीयकम् ।।
तृतीयं कृष्णपिङ्क्षं गजवक्त्रं चतुर्थकम् ।।2।।
लम्बोदरं पञ्चमं च षष्ठं विकटमेव च ।।
सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं धूम्रवर्णं तथाष्टमम् ।।3।।
नवमं भालचन्द्रं च दशमं तु विनायकम् ।
एकादशं गणपतिं द्वादशं तु गजाननम् ।।4।।
द्वादशैतानि नामानि त्रिसंध्यं यः पठेन्नरः ।
न च विघ्नभयं तस्य सर्वसिद्धिकरं प्रभो ।।5।।
विद्यार्थी लभते विद्यां धनार्थी लभते धनम् ।
पुत्रार्थी लभते पुत्रान् मोक्षार्थी लभते गतिम् ।।6।।
जपेत् गणपतिस्तोत्रं षड्भिर्मासैः फलं लभेत् ।
संवत्सरेण सिद्धिं च लभते नात्र संशयः ।।7।।
अष्टभ्यो ब्राह्मणेभ्यश्च लिखित्वा यः समर्पयेत् ।
तस्य विद्या भवेत्सर्वा गणेशस्य प्रसादतः ।।8।।
इति श्री नारदपुराणे संकटविनाशनं श्रीगणपतिस्तोत्रं संपूर्णम्।

# कड़ी मेहनत के बाद भी नहीं मिलता फल तो वास्तु दोष हो सकता है कारण



हमारे जीवन में वास्तु शास्त्र विशेष महत्व रखता है। घर में रखी छोटी-छोटी चीजें हमारे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं, इसलिए कहा जाता है कि चीजों को वास्तु के हिसाब से सही दिशा में उचित जगह पर ही रखना चाहिए। अक्सर हम इन बातों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं, जिस कारण वास्तु दोष उत्पन्न होते हैं। वास्तु दोष के कारण हमारे जीवन में बहुत सी परेशानी आने लगती है, लेकिन सवाल है कि आखिर वास्तु दोष को किस तरह पहचान कर दूर किया जा सकता है? पंडित इंद्रमणि घनस्याल के अनुसार, वास्तु दोष का निवारण करना ज़रूरी होता है। कुछ बातों से हम वास्तु दोष का पता लगा सकते हैं।

**बनते-बनते बिगड़ने लगे काम**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर काम बनते-बनते बिगड़ने लगे या फिर लगातार मेहनत करने के बाद भी सफलता हासिल ना हो तो यह संकेत वास्तु दोष के हो सकते हैं। घर का मध्य भाग ब्रह्म स्थान होता है। ऐसे में इस स्थान पर कोई भी वजनी वस्तु नहीं रखनी चाहिए और ना ही मध्य भाग में शौचालय बनवाएं। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है, जिस कारण हर काम में बाधा आती है।



मेहनत के बाद भी कमाई नहीं

लगातार और अधिक मेहनत के बाद भी अगर आर्थिक स्थिति नहीं सुधरती है तो घर में वास्तु दोष हो सकता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम दिशा में वास्तु दोष होने से धन अर्जित करने में समस्या आती है। इस स्थिति में घर के मुख्य द्वार या खिड़की की दिशा बदलने की

# आशावादी होते हैं सूर्यास्त के बाद जन्म लेने वाले बच्चे




किसी भी मनुष्य के पास जन्म लेने का समय निर्धारित करने की शक्ति नहीं होती। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हर व्यक्ति के जन्म का समय, तारीख और जन्म स्थान का बहुत महत्व है। ज्योतिष शास्त्र में ऐसा माना जाता है कि इन तीनों चीजों से उस इंसान के भविष्य और उसके व्यक्तित्व के बारे में बहुत हद तक भविष्यवाणी की जा सकती है। आज के इस आर्टिकल में हमें भोपाल के रहने वाले ज्योतिषी एवं पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा बता रहे हैं, ऐसे बच्चों के व्यवहार और व्यक्तित्व के बारे में, जिनका जन्म सूर्यास्त के बाद हुआ हो।

व्यक्तित्व

ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि सूर्य अस्त होने के बाद शाम या फिर रात के समय जो बच्चे पैदा होते हैं, उन पर चंद्रमा, शुक्र और मंगल ग्रह का असर ज्यादा होता है।

सूर्य अस्त होने के बाद पैदा होने वाले बच्चे व्यवहार से शर्मीले माने जाते हैं। यह संकोची स्वभाव के होते हैं। इसके अलावा, ऐसे बच्चे भावुक भी पाए गए हैं। सूर्य अस्त होने के बाद पैदा होने वाले बच्चे अपनी भावनाओं को ही सब कुछ मानते हैं। इन बच्चों में अपनी मां को लेकर बहुत लगाव देखा गया है। ऐसे व्यक्ति अपने हर काम को पूरी ईमानदारी के साथ करते हैं और उसे पूरा करके ही छोड़ते हैं।

होते हैं आशावादी

कई बार ऐसा भी देखने में आया है कि सूर्यास्त के बाद जन्म लेने वाले बच्चे बहुत ज्ञानी होते हैं। ये आशावादी और कल्पनाशीलता से भरे हुए होते हैं। सूर्यास्त के बाद जन्म लेने वाले बच्चे रचनात्मक क्षेत्रों में काफी अच्छा मुकाम हासिल करते हैं। ऐसे लोग यदि अपनी इच्छा से अपना कार्यक्षेत्र चुनें तो ये अपने लिए सफलता के कई रास्ते खोल सकते हैं।



# आपके नाखून का शेप आपके बारे में कहता है बहुत कुछ

सामुद्रिक शास्त्र में बताया गया है कि जानकार व्यक्ति मनुष्य के शरीर की बनावट को देखते हुए उसके स्वभाव और आने वाले भविष्य के बारे में बहुत कुछ बता सकते हैं। हर मनुष्य की शारीरिक रचना अलग-अलग होती है, लेकिन सामुद्रिक शास्त्र में बताए गए शारीरिक बनावट के आधार पर किसी व्यक्ति के बारे में सटीक जानकारी हासिल की जा सकती है। आज के इस आर्टिकल में भोपाल के रहने वाले ज्योतिषी एवं पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा हमें नाखून शेप के आधार पर व्यक्तित्व के बारे में बता रहे हैं।

**-लंबे नाखून**

सामुद्रिक शास्त्र में बताया गया है कि जिन लोगों के नाखून लंबे होते हैं, उन लोगों के अंदर रचनात्मकता और कल्पनाशीलता भरी हुई होती है। ऐसे लोग अपनी रचनात्मक कार्य शैली के कारण बहुत नाम कमाते हैं। यह लोग अपने हर काम को उत्साह और आनंद के साथ करते हैं।



**-गोल या अंडाकार नाखून**

सामुद्रिक शास्त्र में ऐसा कहा गया है कि जिन लोगों के नाखून गोल या अंडाकार होते हैं, ऐसे लोग स्वभाव से मिलनसार माने जाते हैं। ये लोग अपने दिलकश और खुशनुमा व्यवहार से जल्दी ही दूसरे लोगों को अपना बना लेते हैं। इन लोगों की बातें दूसरे लोगों को बहुत प्रभावित करती हैं।

**-चौड़े नाखून**

सामुद्रिक शास्त्र में माना जाता है कि चौड़े नाखून वाले लोग दिमाग से चालाक होते हैं। ये लोग अपना हर काम सोच विचार कर ही करते हैं, जिसके कारण ही अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर पाते हैं।

**-पीले नाखून**

सामुद्रिक शास्त्र में किसी व्यक्ति के पीले नाखून होना शुभ नहीं माना गया है। ऐसा बताया जाता है कि पीले नाखून वाले लोगों को गरीबी का सामना करना पड़ सकता है। पीले नाखून वाले लोग अपने जीवन का ज्यादातर हिस्सा गरीबी में ही बिता देते हैं।

# पर्युषण पर्व का महत्व



**सतीश पारेख, बैतूल**

जैन धर्म विश्व का सबसे बड़ा अहिंसावादी धर्म है इस धर्म के अंतर्गत सत्य अहिंसा परमधर्म के मार्ग पर चलने तथा छमा वीरस्य भूषणम के आभूषण को धारण करके चलना ही चलना मोक्ष का मार्ग है मानव चौरासी लाख योनि में भटकने के बाद मानव के रूप में जन्म लेता है इस चौरासी योनि मे वह ना जाने कौन कौन से रूप मे जन्म लेता है यह नहीं मालूम !फिर जाकर वह नाना प्रकार की यातना झेलने के बाद मनुष्य के रुप में जन्म लेता है इस रूप मे जन्म लेने के बाद वह क्या कर्ता है सिर्फ पाप के दलदल मे फंसते जाता है वह सिर्फ झूठ व्यसन चोरी रूपी जीवन व्यतीत कर्ता है उसे यह एहसास नहीं होता है कि वो क्या कर रहा है वो भोगी विलासी जीवन को अपना असली जीवन समझता है और वो पाप के गर्त में निरंतर जाते रहता है और वह अपने भावी जीवन मतलब आने वाले भव के बारे मे बिल्कुल भी नहीं सोचता है इसी पाप रूपी दलदल से बचने के लिए जैन धर्म मे महावीर काल से महावीर प्रभू से लेकर संत महात्मा ने पर्युषण पर्व की महत्ता बतलाई है यह पर्व आठ दिनो का होता है इस आठ दिनो मे सभी जीवों से माफी मांगे छोटे से छोटे जीवों की रक्षा करे इस आठ दिवस जप तप प्रभु की आराधना करे तो हमारे इस भव के पर भव के कर्मों कि निर्जरा होगी हमारा आने वाला भव भी सुधरेगा हमारे कई जन्मों के पाप से हमें मुक्ति मिलेगी हमारा भविष्य मे हमारे जीवन को पाप से मुक्ति मिलेगी प्रभु महावीर का अमृत मय वचन छमा विरस्य भूषण अर्थात छमा विरो का आभूषण है और क्रोध पाप का मूल है महावीर जी का सम्पूर्ण जीवन छमा रूपी अमृत की पावन सरिताओं से प्रवाहित था प्रभु ने चद कौशिक के क्रोध रूपी जहर को छमा रुपी अमृत से शांत करके उसके जीवन का उद्धार किया प्रभू के चरणों में अनेक आत्माओं ने छमा रूपी क्षीर सागर का अमृत पान कर अपने जीवन को धन्य धन्य किया अर्जुन माली का वृतांत इसका प्रबल साक्षी है हत्यारे से मुनि बनकर उन्होंने प्रभु की क्षमा रूपी धीरज को धारण कर अपनी आत्मा को सिद्ध बुद्ध और मुक्त बना लिया ग़ज़ सुक माल ने सोमिल के भयंकर उपसर्ग को क्षमा भाव से शान्तिपूर्वक सहन करते हुए सिद्ध पद को प्राप्त किया धर्म के दस प्रकार बताए गए है उसमें क्षमा प्रथम है क्षमा का तात्पर्य कि आत्मा को सहनशील बनाकर क्रोध पर विजय पाना किसी विषय को लेकर या अनायास अपने मन मे क्रोध की उपस्थिति हो जाय तो शांत भाव से अपने क्रोध की भावना को दबाकर और जो अपने ऊपर क्रोध कर रहा है उसके ऊपर क्रोध ना करके शांत भाव से सहन करना पर्युषण पर्व के हर दिवस को हम क्षमा दिवस के रूप मे मनाते हैं यह हमे स्वम के अंतर्मन से सोचना होगा अपनी आत्मा की साक्षी से सोचना होगा? क्या हम क्षमायाचना अपने इष्ट मित्रों से करते हैं अपने रिश्तेदारों से करते है या फ़िर उनसे करते हैं जिनसे कभी हमारा मनमुटाव हुआ हो या उनके प्रति मलिनता आयी हो उनसे करते हैं। क्षमा को सही मायनों को सत्य रूप में समझ कर आत्मसात कर हम अपने अंतर्विरोधी को तिलांजलि देकर हम उनसे क्षमा मांगे और क्षमा करें जिनसे हमारी कटुता मनमुटाव हुई हो हमारे व्यावहार से जिनकी आत्मा को ठेस पहुंची हो उसके लिए क्षमा मांगे तो ही क्षमादान का सच्चा व प्रभावी रूप होगा क्षमा के बाधक तत्व मूलरूप से दो हैं 1 क्रोध 2 अहंकार क्रोध व अहंकार रूपी मन पारे के ज़हर के समान है जो जीवन को नष्ट और भ्रष्ट कर डालता हैं। जबकि क्षमा और समभाव रूपी अमृतमय औषधि से सुसंस्कृत और विशुद्ध मन जीवन को उन्नत व पवित्र बना देता है क्षमा भाव जब वह मनुष्य के ह्रदय से जागृत होकर उत्तरोत्तर विकसित होता है तभी वह मानवता की सच्ची पदवी प्राप्त कर्ता है क्रोध चंडाल का नर-भक्षी का रूप है और क्षमा आदर्श मानवता का क्षमा ही सच्ची मनुष्यता की पहचान है ।

## बॉलीवुड के मशहूर प्रोड्यूसर-डायरेक्टर सावन कुमार का निधन, 86 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



बॉलीवड के मशहूर प्रोड्यूसर डायरेक्टर सावन कुमार का निधन हो गया है। बीती रात तबीयत खराब होने की वजह से उन्हें मुंबई स्थित कोकिलाबेन धीरूबाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक उन्होंने शाम करीब चार बजकर पंद्रह मिनट पर अंतिम सांस ली। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनका निधन मल्टीपल ऑर्गन फेलियर और हार्टअटैक के चलते हुआ है।

सावन कुमार को ही संजीव कपूर और महमूद जूनियर को स्टार बनाने का क्रेडिट दिया जाता है। इन्होंने बतौर प्रोड्यूसर अपने करियर की शुरुआत 1967 की फिल्म नौनिहाल से की थी, जिसमें संजीव कपूर लीड रोल में थे। पहली ही फिल्म को नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इनकी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म गोमती के किनारे मीना कुमारी के करियर की आखिरी फिल्म रही थी। आगे इन्होंने सौतन, सौतन की बेटी, सनम बेवफा, बेवफा से वफा जैसी कई फिल्मों का डायरेक्शन किया। प्रोड्यूसर और डायरेक्टर होने के साथ ये बेहतरीन लिरिसिस्ट भी रहे हैं। फेमस सॉन्ग 'जिंदगी प्यार का गीत है..' इन्हीं ने लिखा है। इसके अलावा कहो ना प्यार है और देव फिल्म के गाने भी इन्हीं की कलम से निकले हैं।

## मुनमुन दत्ता ने गोल्डन ड्रेस में सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो



पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में 'बबीता जी' का किरदार निभाने वालीं एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है। एक्ट्रेस अपने फोटोज और वीडियोज अक्सर शेयर करती हैं। इस बीच मुनमुन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ग्लैमरस अवतार देखने को मिला। वीडियो में मुनमुन गोल्डन कलर की ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके इस वीडियो को सोशल मीडिया यूजर्स और सेलेब्स काफी पसंद कर रहे हैं।

## आलिया के बढ़े वजन का मजाक उड़ाने पर रणबीर ने मांगी माफी, बोले- मैंने बस जोक किया था



बीते दिनों रणबीर-आलिया और डायरेक्टर अयान मुखर्जी यूट्यूब पर अपनी फिल्म ब्रम्हास्त्र का प्रमोशन कर रहे थे। इस दौरान रणबीर ने प्रेग्नेंसी के दौरान आलिया के वेट गेन का मजाक बनाया था, जिसे देखकर रणबीर को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया गया। हालांकि अब रणबीर ने अपने इस मजाक के लिए लोगों से माफी मांगी है।

**रणबीर ने आलिया के बेबी बंप का उड़ाया था मजाक**

लाइव सेशन के दौरान आलिया ने कहा- हम फिल्म को अच्छे और अच्छे लेवल पर प्रमोट करेंगे, हम फिल्म को प्रमोट करने हर जगह पर जाएंगे। लेकिन अभी हम इतना नहीं फैल सकते हैं, क्योंकि हमारा ध्यान कहीं और भी है।' इतने में रणबीर ने आलिया के बेबी बंप की तरफ इशारा करते हुए कहा कि क्यों कि अभी कोई और फैल रहा है।' रणबीर के इस जोक पर सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें इमोशनलेस और इनसेंसिटिव कहकर ट्रोल किया।

**रणबीर ने कहा मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर है खराब**

ब्रह्मास्त्र के प्रमोशन के दौरान जब रणबीर से उनके इस जोक पर सवाल किया गया, तो एक्टर ने सभी से माफी मांगी। एक्टर ने कहा ' मैं अपनी पत्नी आलिया से बहुत प्यार करता हूं। मैं केवल एक मजाक कर रहा था, जो लोगों को शायद फनी नहीं लगा। मैं किसी को अपने जोक से हर्ट नहीं करना चाहता था।

मैंने आलिया को भी यह जोक सुनाया था, वो इसे सुनकर बहुत हंसी। मैं यह मानता हूं कि मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत खराब है, कई बार मैं जोक करता हूं और फेस पर कोई एक्सप्रेशन नहीं आते हैं। अगर मेरी वजह से कोई भी हर्ट हुआ है, तो मैं उससे माफी मांगता हूं।

## पोर्नोग्राफी केस से बरी होना चाहते हैं राज कुंद्रा

## कोर्ट में दायर की याचिका, कहा- पोर्नोग्राफी से नहीं है कोई भी कनेक्शन



**एक्ट्रेस शिल्पा** शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा ने कोर्ट में सभी आरोपों से बरी होने के लिए कोर्ट से अपील की है। दरअसल, राज कुंद्रा पर पिछले साल पोर्नोग्राफी इंडस्ट्री चलाने के आरोप लगे थे, जिसके तहत जुलाई में उनपर मुकदमा दर्ज किया गया था।

हालांकि अभी तक उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया है, इसलिए राज ने मुंबई सेशन कोर्ट में याचिका दायर करते हुए दावा किया है कि पोर्नोग्राफी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। साथ ही कोर्ट में उनके खिलाफ कोई भी सबूत नहीं मिल पाए हैं, इसलिए उन्हें इस मामले से बरी कर दिया जाना चाहिए।

**पोर्नोग्राफी केस में राज कुंद्रा को हुई थी जेल**

पोर्नोग्राफी मामले में राज को मुंबई पुलिस ने अरेस्ट किया था। जिसके बाद उन्हें 2 महीने की भी जेल हुई थी। कोर्ट की कार्यवाही लंबी होने के कारण राज को सितंबर में मुंबई सेशन कोर्ट बेल मिल गई थी। अभी तक राज को दोषी नहीं ठहरा गया है, ऐसे में राज का कहना है कि उन्हें इस केस से बरी कर दिया जाए।

**राज ने खुद को बताया निर्दोष**

पिंकविला को दिए इंटरव्यू में राज ने कहा कि मैं कभी पोर्नोग्राफी के प्रोडक्शन या फिर डिस्ट्रीब्यूशन में शामिल नहीं रहा हूं। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे इस मामले में घसीटने की कोशिश की जा रही है। मैं हर तरह के ट्रायल के लिए तैयार हूं, मुझे कानून व्यवस्था पर पूरा यकीन है।

## राजू श्रीवास्तव को 15 दिन बाद आया होश आधे घंटे के लिए दूसरी बार हटाया गया वेंटीलेटर; बॉडी मूवमेंट बढ़ा



राजू श्रीवास्तव को गुरुवार सुबह होश आया। उन्होंने एम्स के मेडिकल स्टाफ से इशारों मे बात की। राजू के साले आशीष श्रीवास्तव ने कानपुर के व्यापारी नेता ज्ञानेश मिश्रा और हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी को बताया कि उन्हें पहली बार होश आ गया हैं। आज अस्पताल में राजू ने नर्स से इशारों मे पूछा कि वह अस्पताल मे कैसे? जिस पर एम्स कि नर्स स्टाफ ने उनको सिर्फ इतना बताया कि आप चक्कर आने से गिर गए थे। इसलिए आपको अस्पताल लाया गया है।

**15 अगस्त को 1 घंटे के लिए वैंटिलेटर हटाया था**

परिजनों के मुताबिक, बुधवार को आधे घंटे के लिए वैंटिलेटर हटाया गया। ये दूसरी बार है जब राजू को वैंटिलेटर सपोर्ट से हटाया गया है। इससे पहले 15 अगस्त को 1 घंटे के लिए वैंटिलेटर हटाया था। तब उन्हें बुखार आ गया था। उसके बाद फिर से उन्हें वैंटिलेटर पर रखा गया था।

**बेटी बोली- पापा की हालत स्थिर**

राजू श्रीवास्तव की बेटी अंतरा ने बताया कि पापा की हालत स्थिर है। उनकी तबीयत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। डॉक्टर्स उनका ट्रीटमेंट बेहतर तरीके से कर रहे हैं। उन्हें रोज नली के जरिए दूध और जूस दिया जा रहा है। न्यूरो फीजियोथेरेपी के जरिए उनके ब्रेन में ऑक्सीजन सप्लाई शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**राजू की सलामती के लिए बड़े भाई करा रहे रुद्राभिषेक**

राजू के बड़े भाई सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि वे गुड़गांव में अपने घर पर 7 दिन से लगातार रुद्राभिषेक करा रहे हैं। राजू की सेहत में जल्द सुधार हो, इसके लिए पूरा परिवार दिन-रात प्रार्थना कर रहा है।

**राजू की सेहत पहले से बेहतरः सुनील पाल**

राजू की सेहत में सुधार की पुष्टि अब उनके दोस्त कॉमेडियन सुनील पाल ने भी की है। सुनील पाल के अनुसार राजू की सेहत अब पहले से काफी बेहतर है। वह पॉजिटिव साइन दे रहे हैं। बाकी सब प्रार्थनाओं पर निर्भर करता है। हमें सकारात्मक सोचना होगा।

**आईसीयू में केवल पत्नी को जाने की अनुमति**

राजू इस समय दिल्ली एम्स के सेकंड फ्लोर के आईसीयू में एडमिट हैं। एम्स के डॉक्टर राजू को संक्रमण से बचाने पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। इसे देखते हुए सिर्फ पत्नी शिखा को ही आईसीयू में जाने की अनुमति दी गई है। उनका पूरा परिवार एम्स में ही रुक हुआ है। कानपुर समेत पूरे देश में उनके लिए दुआओं का सिलसिला लगातार जारी है।

**उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष भी हैं राजू**

राजू श्रीवास्तव 1980 के दशक के अंत से मनोरंजन जगत में एक्टिव रहे हैं। उन्हें 2005 में स्टैंड-अप कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज' के पहले सीजन में भाग लेने के बाद काफी लोकप्रियता मिली थी। उन्होंने 'मैंने प्यार किया', 'बाजीगर', 'बॉम्बे टू गोवा' (रीमेक) और 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। राजू उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष भी हैं।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी से कंपैरिजन पर अर्चना पूरन सिंह का रिएक्शन

### बोलीं- ये मेरे लिए एक बड़ा कॉम्प्लीमेंट है



बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अपकमिंग फिल्म 'हड्डी' का हाल ही में मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। इसमें उनके इस अवतार को देख हर कोई शॉक्ड है। पोस्टर में नवाज ग्लैमरस हसीना के अवतार में नजर आ रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर यूजर्स नवाज के इस लुक की तुलना अर्चना पूरन सिंह से कर रहे हैं। अब इस पर अर्चना ने रिएक्ट किया है और नवाज से कंपेयर होने को कॉम्प्लीमेंट बताया है।

**ये सिर्फ हेयरस्टाइल है, जिसकी वजह से मेरी तुलना की जा रही है**

अर्चना पूरन सिंह ने हिंदुस्तान टाइम्स' को दिए इंटरव्यू में कहा, 'यह सिर्फ हेयरस्टाइल है, जिसकी वजह से मेरी तुलना की जा रही है। मैंने 'द कपिल शर्मा शो' के शुरुआती दिनों में इस तरह की हेयरस्टाइल रखी थी।' उसके बाद जब उनसे पूछा गया कि फिल्म में नवाजुद्दीन से उनकी तुलना की जा रही है, तो इस पर वो क्या सोचती हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना कह सकती हूं कि नवाज से किसी भी तरह से तुलना किया जाना, मेरे लिए एक बड़ा कॉम्प्लीमेंट है।'

**2023 में रिलीज होगी फिल्म**

नवाजुद्दीन की फिल्म 'हड्डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जिसमें वो ग्रे कलर का गाउन पहने स्टाइलिश अंदाज में पोज देते नजर आए। ये एक रिवेंज ड्रामा फिल्म है, जिसे अनंदिता स्टूडियोज और जी स्टूडियोज के प्रोडक्शन बैनर तले तैयार किया गया है। वहीं फिल्म को अक्षत अजय शर्मा ने डायरेक्ट किया है। यह फिल्म साल 2023 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि मेकर्स ने अभी तक ये नहीं बताया है कि फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का किरदार क्या होगा?

## गोविंदा के अहसानमंद हैं कृष्णा अभिषेक और आरती सिंह बोले- मां के गुजर जाने के बाद मामा ने हमारी बहुत मदद की है





**कृष्णा अभिषेक** और आरती सिंह ने हाल ही में अपने मामा गोविंदा के बारे में एक खुलासा किया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि मुश्किल के वक्त गोविंदा ने उनकी फाइनेंशियली बहुत मदद की थी। उन्होंने कहा कि जब उनकी मां का निधन हो गया था, उस वक्त पैसे न होने की वजह से कृष्णा और आरती को अपना घर बेचना पड़ा था। इन दिनों भले ही कृष्णा और आरती की अपने मामा गोविंदा के साथ अच्छी बॉन्डिंग नहीं है, लेकिन एक वक्त इन तीनों के काफी अच्छे टर्म्स थे।

**एक कमरे के मकान में रहते थे कृष्णा**

कृष्णा और आरती ने बॉलीवुड बबल से बातचीत के दौरान उस समय को याद करते हुए बताया, जब उनकी फाइनेंशियल हालत बहुत खराब थी। आरती ने कहा, हमारी मां के गुजर जाने के बाद पापा ने हमें पाला है। उनके पास कोई काम करने का भी समय नहीं था। हमारे पास जुहू में बड़ा फ्लैट था, जिसे हमें बेचना पड़ा और हम डीएन नगर में एक रूम वाले घर में शिफ्ट हो गए थे। पापा ने उस पैसे का इस्तेमाल घर चलाने के लिए किया था।

**गोविंदा ने सिबलिंग्स को किया मुश्किल वक्त में सपोर्ट**

कृष्णा ने आगे कहा कि उनके मामा गोविंदा उन्हें हर महीने 2000 रूपए दिया करते थे। कृष्णा ने बताया, मैं उस वक्त कॉलेज में था और आरती लखनऊ में स्कूल में थी। मामा आरती को भी पैसे दिया करते थे। उन्होंने हमें बहुत सपोर्ट किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि गोविंदा उनके स्कूल की फीस से लेकर महीने दूसरा खर्चा भी उठाते थे? कृष्णा ने बताया कि गोविंदा सुपरस्टार होने के बावजूद भी उनके लिए वक्त निकालते थे। वो पांच शिफ्ट में काम किया करते थे और इसके बावजूद भी घर में सबकी प्रॉब्लम्स का ध्यान रखते थे। आज मुझे इन बातों का एहसास होता है।

**कृष्णा और गोविंदा के बीच अभी भी कुछ ठीक नहीं है**

कृष्णा और गोविंदा के बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। दरअसल, कृष्णा ने एक शो में कमेंट किया था कि उनके मामा खलनायक हैं। जिसको लेकर गोविंदा बहुत नाराज हो गए थे। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यह किसी राइटर ने लिखा होगा। गोविंदा ने कहा, ₹उन्होंने मान लिया है कि मेरी वजह से उनकी लाइफ में कुछ गलत हो रहा है।₹ साथ ही गोविंदा ने बताया था कि उनकी वाइफ ने उन्हें कृष्णा के काम में दखल अंदाजी करने से मना किया है। वो खुद भी कृष्णा से बात नहीं कर रही हैं।

**कृष्णा ने मामा से माफी भी मांगी**

कृष्णा ने गोविंदा के साथ अपनी अनबन को खत्म करने के लिए मनीष पॉल के पॉडकास्ट पर उनसे माफी भी मांगी थी। इसके एक महीने बाद गोविंदा भी सेम पॉडकास्ट पर आए थे, उन्होंने कृष्णा की माफी को लेकर कहा था, अगर ऐसा है तो ये प्यार ऑफ कैमरा भी दिखना चाहिए। वो एक अच्छा लड़का है, लेकिन उसे समझना होगा उसे राइटर्स यूज कर रहे हैं और इसकी भी कोई लिमिट होती है।

**कृष्णा की पत्नी के ट्वीट से शुरू हुआ था विवाद**

गोविंदा और कृष्णा के बीच विवाद तब शुरू हुआ था, जब 2018 में कृष्णा की वाइफ कश्मीरा शाह ने ट्वीट किया था कि कुछ लोग पैसों के लिए नाचते हैं। इस ट्वीट पर सुनीता आहूजा ने कहा था कि ये ट्वीट गोविंदा के खिलाफ किया गया है। इसके बाद गोविंदा और सुनीता ने कृष्णा और कश्मीरा से सभी संबंध खत्म कर लिए। 2019 में भी जब गोविंदा, सुनीता और उनकी बेटी टीना कपिल शर्मा के शो पर आए थे, तब भी कृष्णा शो में नहीं आए थे, क्योंकि सुनीता उनके साथ स्टेज शेयर नहीं करना चाहती थीं।

## सात करोड़ से अधिक की संपत्ति अटैच करने पर जैकलीन का जवाब, बोलीं- फिक्स्ड डिपॉजिट का सुकेश से कोई कनेक्शन नहीं है



बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज मनी लॉन्ड्रिंग केस में नाम आने से सुर्खियों में बनीं हुई हैं। ईडी द्वारा दायर की गई चार्जशीट में जैकलीन का आरोपी के रूप में नाम लिखा गया था। ईडी ने अप्रैल में एक्ट्रेस की 7 करोड़ से अधिक संपत्ति भी अटैच कर ली थी, जिस पर अब जैकलीन ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि उनके फिक्स्ड डिपॉजिट का किसी अपराध से कोई कनेक्शन नहीं है और ये सुकेश के आने के काफी पहले से है।

**जैकलीन ने फिक्स्ड डिपॉजिट को लेकर दिया जवाब**

जैकलीन ने अधिकारियों को जवाब देते हुए कहा, 'फिक्स्ड डिपॉजिट का किसी अपराध से कोई संबंध नहीं है और न ही ये सुकेश से संबंधित है। ये डिपॉजिट मेरे पास काफी समय पहले से है। ये मेरे अपने खुद के पैसों से किए हैं, जिन्हें मैंने मेहनत से कमाए हैं। इन्हें मैंने तब से सेव किया है, जब मैं ये भी नहीं जानती थी कि सुकेश चंद्रशेखर भी इस दुनिया में मौजूद हैं।

**जैकलीन का इमोशनल पोस्ट**

ईडी जैकलीन को इस केस में आरोपी बनाने की तैयारी कर रही है। इस पर जैकलीन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने लिखा था, 'डियर मी, मैं सभी अच्छी चीजों को पाने के लायक हूं। खुद को एक्सेप्ट भी करती हूं। एक दिन सब ठीक हो जाएगा, मैं मजबूत हूं। मैं अपने लक्ष्यों और सपनों को हासिल करूंगी, हां मैं यह कर सकती हूं।'

**क्या है पूरा मामला?**

ईडी ने सुकेश चंद्रशेखर और अन्य के खिलाफ 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। आरोप के मुताबिक सुकेश ने तिहाड़ जेल में सजा काटते हुए एक कारोबारी की पत्नी से जबरन वसूली की थी। ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जैकलीन का बयान भी दर्ज कर चुकी है। ईडी के मुताबिक, सुकेश के 200 करोड़ रुपए की जबरन वसूली मामले में जैकलीन अहम गवाह हैं। आरोप है कि जैकलीन सुकेश को डेट कर रही थीं। इस दौरान कॉनमैन सुकेश ने जैकलीन को कई महंगे तोहफे दिए हैं। इनमें ज्वेलरी, क्रॉकरी, 4 पर्शियन बिल्लियां और एक घोड़ा दिया है। एक पर्शियन बिल्ली की कीमत 9 लाख रुपए है। वहीं घोड़े की कीमत 52 लाख रुपए बताई गई है।

## स्क्रीन शेयर करेंगे रश्मिका मंदाना और कार्तिक आर्यन?



बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन और साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को हाल ही में एक साथ स्पॉट किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों एक ऐड में साथ नजर आ सकते हैं। हालांकि इस पर अभी तक किसी भी तरीके की ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है।

**कार्तिक-रश्मिका ने पैपराजी को दिया पोज**

कार्तिक और रश्मिका को बीती रात वर्सोवा जेट्टी पर एक साथ निकलते देखा गया था। जहां पैपराजी का कैमरा देख दोनों ने एक साथ कई पोज भी दिए। इस दौरान रश्मिका एक नॉटेड टी-शर्ट, ब्लैक जॉगर्स और मैचिंग कैप में नजर आईं। वहीं कार्तिक ब्लू जींस और ब्लैक टी-शर्ट में दिखे। जानकारी के मुताबिक, दोनों यहां शूट के लिए साथ आए थे।

**'गुड बाय' से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं रश्मिका**

रश्मिका की बात करें तो उन्होंने महज 7 साल के फिल्मी करियर में 14 फिल्में की हैं, जिनमें से अधिकतर हिट रही हैं। रश्मिका को 2021 में आई फिल्म 'पुष्पा' में उनके दमदार किरदार के लिए भी जाना जाता है। इस फिल्म के बाद उन्होंने टॉलीवुड के साथ बॉलीवुड में भी अपनी जगह बना ली है। अब वो बॉलीवुड मे डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वो जल्द ही अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'गुड बाय', सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म 'मिशन मजनू' और रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'एनिमल' में दिखाई देने वाली हैं।

**'शहजादा' और 'सत्यप्रेम की कथा' में नजर आएंगे कार्तिक**

वहीं कार्तिक की बात करें तो उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'भूल भुलैया 2' थी, जिसने बाक्स ऑफस पर 200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। इस फिल्म से पहले कार्तिक की 2018 में रिलीज हुए 'सोनू के टीटू की स्वीटी' उनके करियर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। अब कार्तिक इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शहजादा' की शूटिंग में बिजी हैं। ये फिल्म अल्लू अर्जुन की फिल्म की हिंदी रीमेक होगी। इसके अलावा कार्तिक के पास कियारा आडवाणी के साथ 'सत्यप्रेम की कथा' भी है।



# छतों तक पहुंचा बाढ़ का पानी, चंबल ने तोड़ा रिकॉर्ड

## एक की मौत, 16 जिलों में अलर्ट, सीएम हवाई सर्वे के बाद शेल्टर होम पहुंचे




जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में मानसून की रफ्तार कम पड़ी है। बारिश का यह ब्रेक सुकून देने वाला है, लेकिन, प्रदेश के 10 शहरों में अब भी बाढ़ का खतरा बना हुआ है। झालावाड़, कोटा, बूंदी, बारां, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, जालोर, सिरोही और टोंक में हालात ये है कि यहां के बांध पूरी तरह से भर चुके हैं। बांधों से रोजाना पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी जलस्तर कम नहीं हो रहा है। ऐसे में अब और बारिश बड़ा संकट खड़ा कर सकती है। वहीं, धौलपुर में चंबल खतरे के निशान से करीब 15 मीटर ऊपर बह रही है। यहां नदी का लेवल 26 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 146.15 मीटर पर पहुंच गया है। वहीं, गुरुवार को धौलपुर में पार्वती नदी में डूबने से एक युवक की मौत भी हो गई। उधर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सीएम अशोक गहलोत ने आज हवाई सर्वे किया। सुबह करीब 11.30 बजे कोटा पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने बूंदी के प्रभावित एरिया का सर्वे किया। इसके बाद वे कोटा पहुंचे और एयरपोर्ट पर यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, हेल्थ मिनिस्टर परसादी लाल से उन्होंने स्थिति पर बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कोटा का भी हवाई सर्वेक्षण कर शेल्टर होम में रह रहे बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी इन जिलों का हवाई सर्वे किया था। इन जिलों मं 10 हजार से ज्यादा लोग बुरी तरह प्रभावित होने का अनुमान है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अब तक सही आंकड़ा नहीं बताया गया है। इसके साथ ही गुरुवार को भी 16 जिलों में बारिश का अलर्ट है। कोटा, झालावाड़ और धौलपुर में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां एनडीआरएफ ने पिछले 24 घंटे में करीब 6 हजार लोगों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। वहीं राजस्थान में मानसून इस बार रिकॉर्ड तो तोड़ चुका है। प्रदेश में पूरे बरसाती सीजन में 428.65 एमएम बारिश होती है, लेकिन अब तक 582.74 एमएम हो चुकी है। 716 छोटे-बड़े बांधों में करीब अस्सी फीसदी पानी आ चुका है।

# कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की खबरों पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लिया यह बड़ा निर्णय



जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की खबरें जोर पकड़ रही है। खुद गहलोत इस तरह की बातों को मीडिया की उपज बता रहे हैं, लेकिन जानकार सूत्र कह रहे हैं कि सोनिया, राहुल और प्रियंका चाहते हैं कि गहलोत के हाथ में राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान हो। इन सबके बीच सीएम ने बड़ा निर्णय किया है। सरकार ने मल्टीस्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियों की धोखाधड़ी से लोगों को बचाने के लिए राजस्थान अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी नियम, 2022 को मंजूरी दी है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

राजस्थान अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी नियम, 2022 निवेशकों के हित में प्रावधानों को अधिक कठोर करने तथा इन सोसायटियों पर अधिक नियंत्रण करने के लिए एक्ट के तहत राज्य सरकारों को शक्तियां प्रदान करने की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। गहलोत की इस मंजूरी से मल्टीस्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियों की धोखाधड़ी से राज्य के लाखों लोगों की मेहनत की कमाई के गबन पर रोक लगाने के साथ ही, इन सोसायटियों पर सख्त कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान की जा सकेगी।

आपको बता दें कि सीएम अशोक गहलोत ने 2021-22 के बजट में मल्टी स्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियों के निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए 5 सदस्य विजिलेंस समिति बनाने की घोषणा की थी, जिसका कुछ समय बाद सरकार ने गठन कर दिया था। यह कमेटी वर्ष में 2 बार इन क्रेडिट सोसायटी और उनकी बुक ऑफ अकाउंट का निरीक्षण करवाना सुनिश्चित कर रही है।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर मंत्री ममता भूपेश ने किया गहलोत के बयान का समर्थन



**दौसा में कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर मंत्री ममता भूपेश ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान का समर्थन किया है। मंत्री भूपेश ने कहा कि राहुल गांधी को अध्यक्ष बनना चाहिए। वो पीएम मोदी से मुकाबला कर रहे हैं।**

दौसा, 25 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान से लेकर दिल्ली तक इन दिनों सियासी हलचलें तेज है। सूबे के मुखिया अशोक गहलोत भी इन दिनों जमकर दिल्ली का पगफेरा लगा रहे हैं और कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर जमकर कयासबाजी लगाई जा रही है। इसी बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बार बार कह रहे हैं कि राहुल गांधी को अध्यक्ष पद संभालना चाहिए। इसी बीच दौसा के सिकराय से विधायक और राजस्थान सरकार में महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने मुख्यमंत्री गहलोत के बयान का समर्थन किया है।

दरअसल मंत्री ममता भूपेश आज दौसा के दौरे पर रही। जहां उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि हम सब की मंशा है राहुल गांधी एक बार फिर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।

मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि राहुल गांधी लगातार पीएम नरेंद्र मोदी की गलत नीतियों ओर तानाशाही सरकार के खिलाफ मुखर हो रहे हैं अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं और हम सब की आवाज बन रहे हैं भूपेश ने कहा सोनिया गांधी और राहुल गांधी कांग्रेस को लगातार मजबूती दे रहे हैं और हम सब की मंशा है कि राहुल गांधी कांग्रेस की कमान संभाले।

वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की चर्चाओं पर मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि यह केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा कि कौन अध्यक्ष बनेगा। लेकिन हम यही चाहते हैं कि राहुल गांधी जिस तरीके से केंद्र सरकार की गलत नीतियों का मुकाबला कर देश की जनता के साथ खड़े हैं और उसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। ऐसे में उनको अध्यक्ष बनना चाहिए।

# फर्जी इनकम टैक्स ऑफिसर बन व्यापारी के घर घुसे

## लाखों की नकदी व सोना लूटा

जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। शहर के नागतलाई इलाके में पांच अज्ञात लोगों ने बुधवार को एक आटा व्यापारी व उसके परिवार वालों को बंधक बनाकर 50 लाख रुपए नकद और करीब 45 लाख रुपए मूल्य का एक किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

नकली अधिकारी बन घर में घुसे गलता गेट थाने के थानाधिकारी मुकेश कुमार खरदिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि पांच अज्ञात लोग बुधवार शाम को आयकर (आईटी) अधिकारी बनकर व्यापारी के घर में घुसे। उस समय व्यापारी की पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू सहित पूरा परिवार घर में मौजूद था।

**व्यापारी के पोते पर ताना बंदूक**

पुलिस ने कहा कि लुटेरों ने व्यापारी सत्यनारायण तांबी के पोते को बंदूक के बल पर अपने कब्जे में ले लिया और अलमारी की चाबी मांगी। थानाधिकारी ने कहा कि हमने आसपास के स्थानों के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज ले लिए हैं और अपराधियों को खोजा जा रहा है। अपराधियों ने योजना को अंजाम देने से पहले व्यापारी के बारे में पूरी जानकारी जुटाई थी। प्राथमिकी के अनुसार, 50 लाख रुपये नकदी और 45 लाख रुपये का सोना लूटा गया है।

**डकैत सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर उठा ले गए**

पुलिस ने कहा कि डकैत व्यापारी के आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर अपने साथ ले गए। फोरेंसिक टीम ने बुधवार देर रात मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और शहर की सीमाओं को सील कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। व्यापारी के आवास के पीछे दो दुकानें और एक गोदाम भी है।

यह घटना तब हुई जब 6 मजदूर और दो लिपिक कार्यस्थल से चले गए। पुलिस ने कहा कि मजदूरों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# घर में सो रही महिला को कुल्हाड़ी से काटा

## खेत पर जाकर की बेटे की हत्या, पड़ोसी ने की खौफनाक वारदात

उदयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर में दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। जिले के एक गांव में पड़ोसी युवक ने गुरुवार को मां-बेटे की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक ने सनक के चलते दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया है। उधर, पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले के लसाड़िया थाना इलाके के टटाकिया गांव से दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह केसरी बाई और उसका बेटा लोगरलाल घर के आंगन में सो रहे थे। सुबह छह बजे के करीब लोगरलाल अपने खेत पर चला गया। इस दौरान उसके पड़ोस में रहने वाला मेघराज घर आया और फिर कुल्हाड़ी से बार कर केसरी बाई की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी खेत पर काम कर रहे केसरी बाई के बेटे लोगरलाल के पास पहुंचा और उस पर भी हमला कर दिया। आरोपी ने उस पर कुल्हाड़ी से तब तक वार किए जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। इधर, दोहरे हत्याकांड की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मोर्चरी भेजा। वहीं केस दर्ज कर आरोपी युवक को हिरसात में ले लिया है। अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने सनक में वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर ही हत्या के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# सवा करोड़ की डकैती: तकिए की खोल में सामान समेटकर ले गए बदमाश

जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में इनकम टैक्स अधिकारी बनकर आए 5 डकैतों ने आटा व्यापारी के परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट की। बदमाशों ने 10 लोगों को पिस्टल के दम पर बंधक बना लिया और आधे घंटे तक घर खंगालते रहे।

फिर वे करीब 60 लाख रुपए की नकदी और डेढ़ किलो सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। यह वारदात गलता गेट थाना इलाके में सूरजपोल अनाज मंडी रोड पर बुधवार रात हुई। बदमाशों का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

पुलिस के अनुसार व्यापारी सत्यनारायण तांबी के घर पर मां मोही देवी (90), पत्नी संतोष, बेटा जीतेंद्र, दो पुत्रवधू रितु और प्रियंका और तीन बच्चे श्रेयांश, केशव, समर्थ थे। बुधवार शाम करीब साढ़े 7 बजे बदमाश इनकम टैक्स अधिकारी बनकर घर में घुसे थे। डकैतों ने सभी परिजनों के मुंह पर टेप लगा दी। इसी बीच, व्यापारी सत्यनारायण और बेटा हेमराज घर पहुंच गए। बदमाशों ने उन्हें भी बंधक बना लिया। इसके बाद 15 साल के पोते केशव के सिर पर पिस्टल लगाकर अलमारियों के बारे में पूछा और नहीं बताने पर परिजनों को गोली मारने की धमकी दी। डर के कारण पोते ने बदमाशों को अलमारियों के बारे में बता दिया। लूटपाट मचाने के बाद बदमाश फरार हो गए। तब परिवार ने चिल्लाना शुरू किया, आवाज सुनकर उनके पड़ोसी आए। पड़ोसियों ने परिवार को छुड़ाकर पुलिस को सूचना दी।

## टोका तो बोले- जान प्यारी नहीं है क्या?



बदमाश अपने साथ घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी ले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की लग्जरी कार के आधार पर नाकाबंदी कराई, लेकिन गुरुवार सुबह तक पुलिस के हाथ खाली हैं। देर रात मौके पर एफएसएल टीम भी पहुंची और सबूत जुटाए।

पुलिस ने दिल्ली रोड पर निकलने वाले मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं। अंदेशा है कि बदमाश वारदात के बाद दिल्ली रोड की तरफ भागे हैं। पुलिस के हाथ घटना से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी की फुटेज लगी है। इसमें तीन बदमाश वारदात के बाद निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के इनपुट, डकैतों के वाहन और हुलिए के आधार पर उनकी तलाश कर रही है। पिस्टल के दम पर डकैत बिजनेसमैन के परिजनों को डराते रहे। पोते केशव को गोली मारने की धमकी दी, इसलिए उसने सब बता दिया। पीड़ित सत्यनारायण का कहना है कि डकैत करीब डेढ़ किलो सोने के जेवर और 60 लाख ले गए हैं। वह आटा और बेसन के थोक विक्रेता हैं।

घर में घुसे डकैतों को परिवार के हर सदस्य के मूवमेंट की जानकारी थी। दुकान से कारोबारी का घर मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर है। बदमाश रैकी करते रहे। वे इतने बेखौफ थे कि उन्होंने नकाब नहीं पहन रखा था।

# एसएफआई - एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में भिड़ंत, पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई के आरोप

जोधपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। जिले के जेएनवीयू छात्र संघ चुनावों को लेकर गुरूवार को कैंप्स में प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंक दी। सुबह से ही छात्र प्रत्याशियों ने कैंप्स में जाकर छात्र-छात्राओं से अपने अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इसी कड़ी में आज एसएफआई और एनएसयूआई के प्रत्याशियों और समर्थकों के साथ कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में प्रचार के लिए पहुंचे। जहां एक बारगी एनएसयूआई, एसएफआई कार्यकर्ता आमने सामने हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल खराब होता देख मौके पर तैनात पुलिस जाब्ते ने एसएफआई, एनएसयूआई कार्यकर्ता से समझाइश की। लेकिन वह नहीं माने। माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने डंडे फटकारे और मौके से दोनों पक्षों के समर्थकों का खदेड़ दिया। इसके बाद आक्रोशित छात्र और तत्कालीन छात्र संघ अध्यक्ष ने पुलिस पर शांति पूर्वक प्रचार करते हुए भी कार्यकर्ता पर डंडे मारने पर कड़ी आपत्ति की। उनका आरोप था को एनएसयूआई के कार्यकर्ता को हटाने की बजाय उल्टे धांति पूर्व प्रचार कर रहे, एसएफआई कार्यकर्ता के साथ डंडे फस्टाकरना यह बताता हैं कि प्रशासन पक्षपात कर रही हैं।

# 2 सेकेंड में भरभराकर गिरी 2 मंजिला दुकान

## जयपुर में कटिंग के लिए कुर्सी पर बैठा था बच्चा, अचानक हिलने लगी बिल्डिंग

जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में देर रात करीब 8.30 बजे 2 मंजिला दुकान 2 सेकेंड में ढह गई। हादसे के वक्त दुकान में 3 लोग मौजूद थे। गनीमत रही कि वे 5 मिनट पहले ही बाहर निकल गए। दरअसल, दुकान हिलने लगी थी। इसके बाद तीनों भागकर बाहर आ गए थे। घटना मानसरोवर के पृथ्वीराज नगर की है। यहां बेसमेंट की खुदाई के वक्त हादसा हुआ। दुकान में नीचे सैलून चल रहा था और ऊपर ड्राइ फ्रूट की पैकिंग का काम। सैलून चलाने वाले विष्णु सैनी ने बताया कि पास में दो दुकानों की जमीन खाली पड़ी है। उसमें 10 फीट गहरा बेसमेंट खोद दिया गया। बेसमेंट खुदवाने वाले गोपाल सैनी को मैंने मना भी किया था कि इतनी गहराई में बेसमेंट न खोदें। दुकान गिरने का खतरा रहेगा, लेकिन वह नहीं माना।

# दो महीने बाद होनी थी शादी, भाई ने सीने में उतारा चाकू, हुई मौत

कोटा, 25 अगस्त (एजेंसियां)। शहर के विज्ञान नगर थाना इलाके में रिश्तों का कत्ल कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां दिनदहाडे एक भाई ने दूसरे भाई पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात सिटी मॉल के सामने फ्लाईओवर के नीचे हुई। जहां पर फ्रूट का ठेला लगाने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। घटना में मृतक सुफेल के पिता और भाई भी घायल हो गए।

# बेटी के लिए वोट मांगने कॉलेज पहुंची मां

जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। प्रदेश में चल रहे छात्रसंघ चुनावों में उम्मीदवार इस बार नए-नए तरीके अपना रहे हैं। कॉलेज की राजनीति में गांव की महिलाओं की भी एंट्री हो गई है। महिलाएं अपने उम्मीदवार के लिए डांस कर वोट मांग रही है। वहीं प्रत्याशी फेसबुक हो या इंस्टाग्राम पर रील बनाकर डाल रहे हैं। नारों में भी स्टूडेंट की एक अलग ही क्रिएटिविटी देखने को मिली। वहीं सेलिब्रिटीज भी अपने कैंडिडेट का प्रमोशन करते हुए दिखे। आइये आपको भी कॉलेज कैंपस में प्रचार के इन अनोखे रंगों से रूबरू करवाते हैं।

**महारानी कॉलेज- गांव की महिलाओं की एंट्री**

पूरा कैंपस चुनावी माहौल में रंगा हुआ है। प्रत्याशियों के परिवार भी अपने बच्चों के समर्थन में वोट मांगने कैंपस में पहुंच रहे हैं। अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अर्चना मीणा का परिवार भी कॉलेज पहुंचा। अर्चना और उनके समर्थकों ने सिर पर साफा बांधा हुआ था। जमवारामगढ़ व दौसा से आई उनकी रिश्तेदार महिलाएं लहंगा-लुगड़ी पहने हुए थी। उन्होंने ठेठ राजस्थानी गीतों पर डांस कर अर्चना के लिए वोट मांगे। कैंपस में नारेबाजी के बीच मारवाड़ी गीतों की मिठास घुल गई। चारों ओर लड़कियों की भीड़ लग गई। अर्चना और उनके समर्थकों ने भी ठुमके लगाए। महारानी की पास आउट स्टूडेंट भी शामिल हुई। अर्चना के समर्थकों ने बताया कि इस मनोरंजन से भरी रैली के पीछे का उद्देश्य राजस्थानी कल्चर को दिखाना व कल्चर को बढ़ावा देना था। जहां महिलाओं ने लुगड़ी पहनकर राजस्थानी लोक गीत गाए और साथ मे डांस करके गांव के कल्चर को दर्शाया।

## राजस्थानी गानों पर डांस कर मांगा समर्थन, बॉक्सर विजेंदर सिंह भी मांग रहे वोट




# पानी के मटके वाले ऐंगल में कितनी सच्चाई?

जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के जालौर जिले में शिक्षक द्वारा छात्र की पिटाई के मौत के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जालौर में स्कूली बच्चे की पिटाई से मौत के मामले पर आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने कहां की जालोर में अनुसूचित जाति के बच्चे की मौत हुई है। ये मामला एट्रोसिटी एक्ट का है। उसी के आधार पर इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। अलग-अलग तरह की बात मुझसे भी कही जा रही है। कोई कह रहा है घड़े में पानी पीने की वजह से बच्चे की पिटाई हुई लेकिन हम यह कहते हैं कि घटना पानी पीने की वजह से हुई या किसी अन्य कारण से। राज्य सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए कि वहां एक अनुसूचित जाति के बच्चे की मौत हुई है। किसी भी कानून में बच्चे को पीटने के अधिकार नहीं है। एक नहीं 6 अस्पताल बदले गए बच्चे के इलाज के लिए गए। यह साफ बताता है कि किस तरीके से बच्चे की पिटाई की गई। यह एक अनुसूचित जाति के बच्चे की मौत का मामला है और उसी के आधार पर पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। ना कि इस बात पर कि उसने पानी घड़े से पिया या नहीं।

## जालोर में बच्चे की मौत हुई है, इस आधार पर जांच हो: एससी कमीशन



**विजय सांपला बोले- सभी विभागों में खामियां**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने प्रदेश में दो दिन तक अनुसूचित जाति के अधिकारों को लेकर समीक्षा की। जयपुर में मीडिया से बात की। समीक्षा के बाद एससी कमिशन ने इस बात को माना कि प्रदेश में लगभग सभी विभागों में अनुसूचित जाति को जो लाभ और अधिकार मिलना चाहिए था वह नहीं मिला है। हर विभाग में खामियां है। अध्यक्ष विजय सांपला ने कहा कि आयोग ने अपनी पूरी टीम के साथ 2 दिन तक जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ में समीक्षा बैठक की है। 2 दिन की समीक्षा बैठक के बाद यह निष्कर्ष सामने आया है कि अनुसूचित जाति को जो लाभ या उनके जो अधिकार हैं वह राजस्थान में नहीं मिल पा रहे हैं। सरकारी योजनाएं, अत्याचार निवारण संबधी एक्ट, केंद्र की योजना का लाभ इन सभी ने कमी मिली है। आयोग ने कहा कि मुख्य सचिव ने आश्वस्त किया है कि जो खामियां आयोग को मिली है। उन्हें अगले 3 महीने में दुरुस्त कर लिया जाएगा।

आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि देश में आज भी अनुसूचित जाति के लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है। छुआछूत अभी भी हो रही है। राजस्थान में भी छुआछूत के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कई जिलों में इस तरह की घटनाएं ज्यादा है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी बच्चों के साथ इस तरह का भेदभाव नहीं हो इसके लिए एडवाइजरी जारी की गई है। टीचर्स को ट्रेनिंग के वक्त ही एक शपथ पत्र देना होगा जिसमें कि वह इस बात को लेकर आश्वस्त करेगी कि स्कूल में सभी बच्चों को समानता के साथ व्यवहार करेगा। उन्होंने कहा कि टीचर को पता होना चाहिए किस समरसता के खिलाफ प्रकरण हुआ तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने कहा कि जब स्टेट एक है और स्टेट के लिए नियम कानून भी एक तरह के हैं तो फिर कुछ जिलों में अनुसूचित जाति को उनके अधिकारों से क्यों छीना जा रहा है? विजय सांपला ने कहा कि समीक्षा में यह बात सामने आई कि टीएसपी एरिया एरिया में अनुसूचित जाति को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है।

# जयपुर रेलवे यार्ड के बाहर महिला से गैंगरेप

जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में 35 साल की एक महिला ने अपने साथ गैंगरेप का आरोप लगाया है।

पुलिस ने बताया है कि महिला का आरोप है कि जयपुर रेलवे यार्ड के नजदीक बुधवार की रात उनके साथ गैंगरेप किया गया है। पुलिस ने कहा है कि इस मामले में पीड़िता के पति ने रेलवे पुलिस के साथ शिकायत दर्ज करवाई है। उनका आरोप है कि वो लोग दिल्ली जा रहे थे, और अभी ट्रेन आने में कुछ समय बाकी था। उनकी पत्नी खाने का सामान लाने के लिए गई थीं।

इस दौरान एक युवक ने ट्रेन में रिजर्वेशन दिलवाने की बात कहकर उनकी पत्नी से संपर्क साधा। रिजर्वेशन दिलवाने का झांसा देकर वो उन्हें रेल यार्ड के समीप एक सुनसान जगह पर ले गया। वहां पहले से 3-4 लोग मौजूद थे। आरोपी ने उनके साथ दुष्कर्म किया। दूसरे लोगों ने भी महिला के साथ दुष्कर्म किया।

बताया जा रहा है कि पीड़िता महाराष्ट्र की रहने वाली हैं और छह महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी। उनके पति जयपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा है कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (डी) के तहत केस दर्ज किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# गरीब छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सरकार का उद्देश्य : गंगुला

## मंत्री ने 33 बीसी गुरुकुल स्कूल व 15 आवासीय डिग्री कॉलेजों को मंजूरी देने की बात कही

करीमनगर, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गंगुला कमलाकर ने बताया कि राज्य सरकार ने पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए 33 नए आवासीय विद्यालय और 15 आवासीय डिग्री कॉलेज स्वीकृत किए हैं। मंत्री ने बीसी छात्रों के लिए 33 गुरुकुल स्कूलों और 15 डिग्री कॉलेजों को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को धन्यवाद दिया। देश में किसी भी राज्य ने समुदाय के छात्रों के लिए इतनी बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थानों को मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर 294 स्कूल और 16 डिग्री कॉलेज बीसी छात्रों के लिए उपलब्ध थे और उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों को भी जूनियर कॉलेज के रूप में अपग्रेड किया गया है। मंत्री ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दल जहां समाज में नफरत फैलाने और नफरत पैदा करने की कोशिश कर रहे थे, वहीं राज्य सरकार शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और गरीब छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके समाज का निर्माण कर रही है।



उन्होंने कहा कि राज्य में बीसी आवासीय विद्यालयों की भारी मांग है, उन्होंने कहा कि नए स्वीकृत स्कूलों में अधिक छात्रों को समायोजित करने का मौका है। उन्होंने प्रत्येक जिले को एक स्कूल आवंटित करने की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक स्कूल में 240 छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था होगी। मंत्री ने डिग्री कॉलेजों के आवंटन की बात करते हुए एक दिन के भीतर आवंटन सूची की घोषणा करने की जानकारी दी। डिग्री कॉलेजों में पारंपरिक विषयों के बजाय बाजार में मांग योग्य आठ पाठ्यक्रम पेश किए जाएंगे। डिग्री कॉलेजों में 4,868 छात्रों को ठहराया जाएगा। शुरू में स्कूल और डिग्री कॉलेज किराए के भवनों में संचालित किए जाएंगे और बाद में निर्माण पूरा होने के बाद उन्हें स्थायी भवनों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को स्कूलों को चलाने के लिए भवनों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्कूलों के लिए पहले से ही 20 से 30 स्थायी भवनों का निर्माण हो चुका है, उन्होंने आने वाले दिनों में सभी स्कूलों और कॉलेजों के लिए स्थायी भवनों के निर्माण का आश्वासन दिया।

तेलंगाना राज्य के गठन से पहले, बीसी छात्रों के लिए पर्याप्त आवासीय विद्यालय नहीं थे, भले ही वे शिक्षा प्राप्त करना चाहते हों। केवल 19 ईसा पूर्व गुरुकुलम स्कूल स्थापित किए गए और 70 वर्षों की अवधि के दौरान 7,500 छात्रों ने शिक्षा प्राप्त की।

हालांकि, मुख्यमंत्री ने अलग राज्य बनने के बाद छह साल की अवधि के भीतर 261 गुरुकुलम स्कूलों की स्थापना की है और 1.52 लाख छात्रों को हर छात्र पर 1.25 लाख रुपये खर्च कर सभी सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। पहले राज्य में बीसी छात्रों के लिए कोई आवासीय डिग्री कॉलेज उपलब्ध नहीं था। चंद्रशेखर राव ने पहली बार राज्य में सत्ता में आने के बाद डिग्री कॉलेज को मंजूरी दी है।

## मूल्यांकन कवि गोष्ठी का आयोजन

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गीत चाँदनी के तत्वावधान में 297वीं मूल्यांकन कवि गोष्ठी का आयोजन नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में कवि प्रदीप देवीशरण भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस बार मूल्यांकन गोष्ठी में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं विज्ञान परिषद् प्रयाग के सभापति प्रो. हनुमान प्रसाद तिवारी परिषद् के प्रधानमंत्री डॉ. शिवगोपाल मिश्र और सहायक संपादक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र के संपादन में प्रकाशित होने वाली विज्ञान पत्रिका के जुलाई, 2022 अंक में प्रकाशित सामग्री पर हैदराबाद के समीक्षकों और कवियों द्वारा सारगर्भित मूल्यांकन किया गया। श्रुतिकांत भारती बतौर विशेष मंच पर उपस्थित थे।

गीत चाँदनी के सह-कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया और संस्था की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। मूल्यांकन गोष्ठी में सुधा ठाकुर, रामदास कृष्णा कामत, रत्नकला मिश्र, डॉ. राजनारायण अवस्थी, गोविंद अक्षय और डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने पत्रिका में प्रकाशित सामग्री पर सारगर्भित चर्चा की।

# मोक्ष का रिजर्वेशन सम्यकदर्शन : साध्वी त्रिशला कुमारी




हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साध्वी श्री त्रिशला कुमारी जी के पावन सान्निध्य में पर्युषण महापर्व का दूसरा दिन स्वाध्यय दिवस के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मेवाड़ व मारवाड़ के भाई-बहनों के समवेत स्वरों से हुई। साध्वी सम्प्रति प्रभाजी ने दस धर्मो के अन्तर्गत 'मुक्ति धर्म' का मार्मिक विवेचन किया गया। साध्वी रश्मि प्रभाजी ने स्वाध्याय हमारे लिए क्यों जरुरी है इस विषय पर सारगर्भित विचारो की प्रस्तुति दी। "करो स्वाध्याय सुधा का पान" गीत की पंक्तियों से पूरा परिसर गूंजायमान हो उठा। साध्वी कल्पयशा जी ने तेरापंथ धर्मसंघ के गौरव शाली इतिहास के उपले पृष्ठों को उजागर करते हुए कहा कि दुनिया में शक्ति की पूजा होती हैं। शक्ति के अनेक स्त्रोत है उनमें सबसे बड़ा स्त्रोत है श्रद्धा की शक्ति अध्यात्म की शक्ति। जिसके के पास श्रद्धा की शक्ति है वो दुनिया का सबसे पावरफूल इंसान है।

साध्वी श्री त्रिशलाकुमारीजी ने कहा कि हम सब यात्री है यात्रा कर रहे है। यदि आप समुद्र की यात्रा कर रहे हैं तो नौका के द्वारा किनारे तक पहुंच सकते हैं। यदि आप विदेश की यात्रा कर रहे तो प्लेन के द्वारा पहुंचा जा सकता है अपने देश की यात्रा करने हो तो ट्रेन, प्लेन, कार के माध्यम से मंजिल तक पहुंच सकते है। लेकिन हमारी जो जन्म मरण की यात्रा चल रही है। साध्वी श्री जी ने उपवास, बेला, तेला करने वाले भाई बहिनों को प्रत्याखान करवाया।लक्ष्मीपत जी बैद ने आवश्यक सूचनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन साध्वी कल्पयशाजी ने किया। साध्वी श्री जी के सान्निध्य में रात्रीकालीन प्रतिक्रमण के पश्चात सामूहिक पैंसठिया छंद की साधना का कार्यक्रम रहेगा जिसमें सजोड़े एवं व्यक्तिश साधना कराई जाएगी।

# गणेश उत्सव शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं : जिला प्रशासक



निर्मल, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को जिला प्रशासन के बैठक हॉल में पुलिस, नगर पालिका, उत्सव समिति व संबंधित अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन एसपी, एडिशनल एसपी किरण खरे, अपर कलेक्टर रामबाबू व नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर के साथ गणेश की प्रारंभिक व्यवस्था को लेकर बैठक की गयी। इस अवसर पर जिला प्रशासक ने कहा कि विनायक मंडपम के भक्तों और आयोजकों से अनुरोध किया गया है कि वे भक्तिभाव से सुरक्षित वातावरण में उत्सव मनाएं. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार, मंडल प्रबंधकों को उचित सावधानी बरतनी चाहिए। यह सलाह दी गई है कि नगर निगम और आर एंड बी विभागों के अधिकारी संयुक्त रूप से गड्ढों वाली सड़कों, पैच वर्क मरम्मत कार्य, क्रेन, बैरिकेडिंग और उन स्थानों पर मंच की व्यवस्था करें जहां गणेश विसर्जन किया जाएगा, और सभी अधिकारियों को समन्वय में योजना और काम करना चाहिए। किसी भी समस्या से बचें।

विशेष रूप से समिति के सदस्यों ने बिना किसी रुकावट के लगातार बिजली आपूर्ति की मांग की, जहां समस्या ज्यादा हो वहां भारी सुरक्षा व्यवस्था की जाए, सीसी कैमरों की व्यवस्था की जाए, हाल ही में हुई बारिश से सभी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और मरम्मत का काम किया जाए।

## एपी हाईकोर्ट ने मछलीपट्टनम बंदरगाह के निर्माण के लिए हरी झंडी दी

विजयवाड़ा, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने मछलीपट्टनम बंदरगाह के निर्माण के लिए हरी झंडी दे दी है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने गुरुवार को यहां के पास पेडाना में एक जनसभा में इसकी घोषणा करते हुए फैसले का स्वागत किया। मछलीपट्टनम बंदरगाह का निर्माण दो चरणों में 3,836.8 एकड़ क्षेत्र में किया जाएगा और एपी सरकार ने पहले मास्टर प्लान को मंजूरी दी थी। पहले चरण में 1,926.39 एकड़ और दूसरे चरण में 1,910 एकड़ में बंदरगाह का काम शुरू किया जाएगा। जबकि बंदरगाह के पहले चरण के काम को पूरा करने के लिए 1,727 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है और बंदरगाह के लिए एक सड़क और रेलवे नेटवर्क लिंक के निर्माण के लिए 183 एकड़ निजी भूमि का अधिग्रहण किया जाना है।

# सुप्रीम कोर्ट ने काफी समय से लंबित मामले में दिया स्पष्ट फैसला : अल्लम नारायण

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मीडिया अकादमी के अध्यक्ष अल्लम नारायण ने पत्रकारों के घरों के लंबे समय से लंबित मुद्दे पर पत्रकारों के पक्ष में फैसला सुनाने के लिए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमना का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, आईएएस और आईपीएस की परवाह किए बिना आम पत्रकारों के लिए मकान बनाने के लिए मकान आवंटित करने के फैसले के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य के गठन और केसीआर के मुख्यमंत्री बनने के बाद, प्रगतिभवन में केसीआर ने कई बार चर्चा की और पत्रकारों के लिए आवास आवंटन के पक्ष में निर्णय लिया। मकान, प्लाटों के आवंटन का



मामला सुप्रीम कोर्ट में लम्बित था। इसलिए सरकार इतने दिनों तक इसका समाधान सरकार नहीं कर पाई। अब सुप्रीम कोर्ट ने काफी समय से लंबित समस्या के समाधान के लिए स्पष्ट फैसला दिया है। भविष्य में प्रदेश के सभी पत्रकारों को आवास एवं आवास, प्लाट का आवंटन अब हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि तेलंगाना आंदोलन में लड़ने वाले तेलंगाना पत्रकार मंच और उसके बाद बनी मीडिया अकादमी के बाद यह तेलंगाना यूनियन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की जीत है। पुरानी जवाहरलाल नेहरू हाउसिंग सोसाइटी के स्थान पर, तेलंगाना राज्य के गठन के बाद सरकार और मीडिया अकादमियों के साथ लंबे परामर्श के बाद पत्रकार और विधायक क्रांति किरण की अध्यक्षता में एक नई समिति का गठन किया गया है। अल्लम नारायण ने कहा कि समिति अध्यक्ष क्रांति, मुख्यमंत्री केसीआर और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ विचार-विमर्श के बाद और सभी के सहयोग से सर्वोच्च न्यायालय का फैसला सुनाते हुए खुशी हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला, यूनियनों, पार्टियों और राजनीति की परवाह किए बिना हम सभी इस जीत का स्वागत करें। हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्ष विधायक क्रांति किरण ने कहा कि वह उन सभी पत्रकार मित्रों को शुभकामनाएं देते हैं जो 13 साल से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह दिन आ गया जब उन लोगों का सपना साकार होगा। इस अवसर पर टीयूडब्ल्यूजे महासचिव मारुति सागर, नेता बसवा पुन्नैया, योगानंद, नवीन, नागराजू आदि उपस्थित रहे।



माथुर वैश्य महिला मंडल भाग्यनगर दक्षिणांचल की मीटिंग शेखपेट अंशु के यहां हुई उपस्थित महिलाएं अध्यक्ष सपना गुप्ता, सीता, संघ्या, सुनीता, रागिनी, अंशु, पूजा, रचना, आस्था वअन्य।



रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट द्वारा अयोजित कैलाश यात्रा अवं बांधव सुधी दूजा का उत्थान मा गोपाल जी बलदेव का मंत्रित करते हुए श्याम सुंदर गिलाडा कमल किशोर जाजू धर्मचंद भंसाली सुरेश तेज पुर्य दिनेश साइनोदिया राजकुमार अग्रवाल राजकुमार अग्रवाल।

# अग्र उत्सव के आयोजन पर अग्रवाल समाज ने की बैठक

## अध्यक्ष अंजनी अग्रवाल ने सभी अग्रबंधुओं से किया कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा महाराजा श्री अग्रसेनजी की जयंती पर अग्र उत्सव का आयोजन 10 सितंबर से किया जाएगा। महाराज की जयंती 26 सितंबर को उत्साह के साथ मनायी जायेगी। अग्रवाल समाज केंद्रीय कार्यालय में आयोजित समाज की बैठक में सभी का स्वागत अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल ने किया।




उन्होंने बताया कि इस वर्ष अग्रवाल समाज 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर महाराजा श्री अग्रसेनजी जयंती पर समाज द्वारा अग्र उत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा। अग्र उत्सव का आगाज 10 सितंबर को अग्र कथा से होगा और 10 सितंबर को अग्रवाल समाज स्टेट क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमें चेन्नई शाखा भी भाग लेगी। उन्होंने कहा कि अग्र उत्सव के अंतर्गत 18 सितंबर को ट्रेजर हंट का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही महिला अग उत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिसमें एकल नारी योजना के अंतर्गत पंजीकृत महिला को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज द्वारा दो दिवसीय बिजनेस एक्सपो का आयोजन 8 व 9 अक्तूबर को किया जाएगा।

उन्होंने जयंती उत्सव में होने वाले कार्यक्रमों में सभी से उत्साह के साथ भाग लेने की अपील की। समाज के उपाध्यक्ष एवं जयंती कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिलीप पंसारी ने कहा कि जयंती का मुख्य उत्सव 26 सितंबर को शमशाबाद स्थित क्लासिक कन्वेंशन में किया जायेगा। जयंती के उपलक्ष्य में जगदीश मंदिर, अग्रसेन चौक, अग्रसेन गार्डन, अग्रवाल शिक्षा समिति और निम्स अस्पताल इन पांचों स्थानों में एक साथ एक ही समय में महाराजा श्री अग्रसेनजी की पूजा अर्चना का कार्यक्रम समाज की विभिन्न शाखाओं के सहयोग के साथ किया जायेगा। उन्होंने सभी से उत्सव में सभी से जोड़ने का आग्रह किया। मानद मंत्री कपूरचंद गुप्ता ने सभा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष राकेश जालान ने भी अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम में खर्च होने वाली लागत के संबंध में जानकारी दी।

अवसर पर अग्रवाल समाज तेलगाना के सहमंत्री सतीश अग्रवाल सहित पुरुषोतम अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, दीनबंधु अग्रवाल, मुकुंदलाल अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सुरेन्द्र केडिय ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## साइबर अपराधियों ने बनाया सिरसिल्ला एसपी का फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट

राजन्ना सिरसिला, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर अपराधियों ने पुलिस अधीक्षक राहुल हेगड़े का एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया है। जालसाजों ने एसपी की प्रोफाइल पिक्चर के साथ फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया है और गुरुवार सुबह से ही उसके इंस्टाग्राम दोस्तों को हैंड लोन मांगने के लिए मैसेज भेज रहे हैं। राहुल हेगड़े ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि उन्हें पता चला है कि उनके कुछ इंस्टाग्राम दोस्तों को उनकी प्रोफाइल फोटो के साथ बनाए गए फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट से संदेश मिले हैं। उन्होंने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जनता को सलाह दी कि वे संदेशों का जवाब न दें और संदेश मिलने पर मामले को उनके संज्ञान में लाएं।





रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट द्वारा अयोजित कैलाश यात्रा का बारे मे विचार-विमर्श करते हुए हुवा श्याम सुंदर गिलाडा, कमल किशोर जाजू, धर्मचंद भंसाली, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, वेंकटेश, सुरेश तेजपुरी, धर्माराम ढाका, दिनेश राजकुमार सिग्नोडिया, रतनलाल व अन्य।



राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण को भाजपा संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाये जाने पर उनका मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से अभिनंदन करते हुए अध्यक्ष रमेश कुमार बंग, गोविंद राठी, डॉ. मोहन गुप्ता, अनिरुद्ध कांकाणी, मनोज जायसवाल, सुमेश बंग।

नई दिल्ली में नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड से मुलाकात कर बधाई देते हुए वाईएसआरसीपी सांसद विजयसाई रेड्डी।



# सीएसआईआर-आईआईसीटी में हिंदी कार्यशाला

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के तत्वावधान में रासायनिक क्षेत्र की जानी मानी राष्ट्रीय प्रयोगशाला सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईआईसीटी), हैदराबाद में कर्मचारियों के लिए पारिभाषिक शब्दावली एवं टिप्पण लेखन विषय पर एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार ने की। प्रशासनिक अधिकारी चंद्रमोहन टुडु ने भी अपने संबोधन में पारिभाषिक शब्दावली एवं टिप्पण लेखन की कार्यालयीन कार्यों में उपयोग को बताते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित व प्रेरित किया। कार्यशाला में श्रीमती अनिता पांडे, सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव,



नराकास-2 को विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा कमालुद्दीन, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना एवं केंदीय हिंदी प्रशिक्षण उप-संस्थान, हैदराबाद को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया ।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनिता पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि हाल ही में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा संस्थान का राजभाषा संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया गया था, जो सफल रहा, यह काफी सराहनीय है ।संश्लेष्णात्मक भाषा से विश्लेष्णात्मक भाषा की उत्पति होती है। इस कार्यशाला का संचालन चंदन कुमार, अनुभाग अधिकारी(सा.) सह प्रभारी, हिंदी अनुभाग द्वारा किया गया।

अतिथि वक्ता का परिचय और कार्यशाला के अंत में धन्यवाद ज्ञापन का प्रस्तुतीकरण आदर्श कुमार, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक द्वारा किया गया।

## बाबा रामदेव की पूजा व महाप्रसादी 28 को

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री रामदेव नवयुवक मित्र मंडल विनायक नगर, संतोषी माता मंदिर, सिकंदराबाद द्वारा जन सेवा संघ हैदराबाद के तत्वाधान में 28 अगस्त को प्रशांत गॉर्डन फंक्शन हाल, साईनाथपुरम् बाबा रामदेव की पूजा व महाप्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक मदनलाल रावल, मित्र मंडल के अध्यक्ष बाबूलाल जाट, कार्यकारिणी सदस्य रूपाराम परिहार ने बताया कि बाबा रामदेव के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर 28 अगस्त दिन रविवार को सुबह 9 बजे से 10 बजे तक बाबा रामदेव की पूजा की जाएगी। इसके बाद 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक महाप्रसादी रहेगी। शाम को 5.30 बजे अखंड ज्योति का आयोजन प्रशांत गॉर्डन फंक्शन हाल, साईनाथपुरम् से शिवरामपल्ली के लिए प्रारम्भ होगी।

## पत्नी को कुल्हाड़ी से मार डाला, बाद में दे दी जान

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कामारेड्डी जिले के तड़वई मंडल के चिट्याला गांव के बाहरी इलाके में गुरुवार को एक 28 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और बाद में उसी कुल्हाड़ी से खुद को भी मार लिया। मृतक की पहचान संजीवुलु और उसकी पत्नी राम्या के रूप में हुई है।

सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि घटना के पीछे पारिवारिक विवाद भी एक कारण हो सकता है। पुलिस ने कहा कि हम घटना के सही कारणों को जानने के लिए दंपति के परिवार के सदस्यों से अधिक जानकारी एकत्र कर रहे हैं।

# भारत के ध्रुव-अर्जुन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

## रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के टॉप-16 में; साइना मैच हारीं

टोक्यो, 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के ध्रुव कपिला-अर्जुन एमआर और सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ियों ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस जोड़ी ने ही यांग काई टेरी और लोह कीन हियान की सिंगापुर की जोड़ी को 18-21, 21-15, 21-16 से हराया। वहीं, रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने जापन की जेपी बाय-लैस मोल्हेडे की जोड़ी को 21-12, 21-10 से हराया। विमेंस सिंगल्स में साइना नेहवाल अपना मैच हार गई हैं। उन्हें टॉप-16 के मैच में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान ने 21-17, 16-21, 21-13 से हराया। प्रणय और लक्ष्य सेन के बीच मुकाबला जारी है। प्रणय ने एक दिन पहले दूसरी सीड केंतो मोमोता को 21-17 21-16 से हराया था, जबकि 9वीं सीड लक्ष्य सेन ने स्पेन के लुइस एनरिक को 21-17 21-19 से हराया था।












**श्रीकांत गैरवरीय खिलाड़ी से हारे**

मेंस सिंगल्स के एक अन्य मुकाबले में 12वीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत को चीन के गैरवरीय खिलाड़ी झाओ जून पेंग से 9-21, 17-21 से हार गए हैं।

**पोनप्पा-सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी बाहर**

विमेंस डबल्स में भारतीय जोड़ियों को पराजय का सामना करना पड़ा है। पहले अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को चिन किंगचेन और जियो यी फेन की चीनी जोड़ी ने 21-15, 21-10 से हराया। उसके बाद तृषा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को थाईलैंड की टेन पियरले-टी मुरलीथरन की जोड़ी ने 21-8, 21-17 से मात दी।

**साइना वॉकओवर से टॉप-16 में**

भारतीय स्टार साइना नेहवाल वॉकओवर से चैंपियनशिप के टॉप-16 में पहुंच गईं। दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत जापानी की नोओमी ओकुहारा से होनी थी, लेकिन ओकुहारा चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से हट गईं। अब साइना का मुकाबला थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान और जर्मनी की युवोनी ली के मुकाबले की विजेता से होगा। साइना ने पहले दौर में हांगकांग की चेउंग एनगान यी को सीधे गेम में 21-19, 21-9 से हराया। साइना ने 38 मिनट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज कर ली।

# विराट को पाक के खिलाफ बड़ी पारी का भरोसा

## कोहली बोले- मैंने शॉट सिलेक्शन सुधारा, अब मेरी बैटिंग में कोई दिक्कत नहीं




| | मैच | रन | औसत | शतक |
|---|---|---|---|---|
| वनडे | 20 | 735 | 36.75 | 00 |
| टी-20 | 24 | 675 | 42.18 | 00 |

दुबई, 25 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली के बल्ले से शतक निकले 1 हजार से ज्यादा दिन हो गए, लेकिन उन्हें ये नहीं लगता कि उनकी बल्लेबाजी में कोई खामी है। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के मैच से पहले स्टार स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में कोहली ने कहा- इंग्लैंड में जो 2014 में हुआ वो अलग बात थी। अब मैं अपने शॉट सिलेक्शन में काफी सुधार कर चुका हूं। बता दें कि विराट एशिया कप के लिए जमकर तैयारी भी कर रहे हैं।

**अब मेरी बल्लेबाजी में कोई दिक्कत नहीं**

विराट कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के शो गेम प्लान में कहा कि अब मुझे बल्लेबाजी में कोई भी दिक्कत नहीं आ रही है। मुझे पता है कि मैं क्या कर रहा हूं। आप अपने इंटरनेशल करियर में बिना अच्छी बल्लेबाजी किए इतनी दूर तक नहीं चल सकते।

कोहली ने कहा- आपको मैदान पर विपरीत परिस्थितियों और अलग-अलग तरह की गेंदबाजी का मुकाबला करने के लिए तैयार रहना होगा।

मैं जानता हूं कि करियर में उतार-चढ़ाव आएंगे, मैं इस तरह के दौर से बाहर भी निकलूंगा। मेरा अनुभव मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

**पाकिस्तान के खिलाफ खूब गरजता है किंग का बल्ला**

एशिया कप में भारत अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को खेलेगा। 2012 से लेकर 2021 तक कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ सात टी-20 मैचों में 77.75 की शानदार औसत से 311 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं और उनका बेस्ट स्कोर 78 रन नाबाद है।

2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में भी जब पाकिस्तान के खिलाफ भारत का टॉप ऑर्डर फ्लॉप रहा था, तब कोहली ही थे जिन्होंने 57 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को 151 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। हालांकि हम वह मुकाबला हार गए थे।

**वनडे में विराट की बेस्ट पारी एशिया कप में ही**

वनडे में विराट का बेस्ट स्कोर 183 रन है। ये पारी उन्होंने एशिया कप में ही पाकिस्तान के खिलाफ खेली थी। 2011 में इस मेगा टूर्नामेंट के 5वें मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 6 विकेट खोकर 329 रन बनाए थे। पहाड़ जैसे दिख रहे टारगेट को विराट ने अपनी पारी से एकदम छोटा कर दिया था।

टीम इंडिया के लिए विराट ने 148 गेंद में 183 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। इस दौरान उनके बल्ले से 22 चौके और 1 छक्का निकला था। भारत ने यह मैच 6 विकेट से अपने नाम किया था।

# ब्रायंट की पत्नी को 16 मिलियन मुआवजा देगी एलए-काउंटी

## फर्स्ट रिस्पॉन्डर ने हादसे के बाद कोबे और बेटी की क्षतिग्रस्त फोटो वायरल की

**70 मिलियन डॉलर का दावा किया था**



फैसले के बाद लिखा- ऑल फॉर यू! आई लव यू! जस्टिस फॉर कोबे एंड गिगी!

लॉस एंजिल्स, 25 अगस्त (एजेंसियां)। लॉस एंजिल्स काउंटी को दिग्गज बॉस्केटबॉल खिलाड़ी कोबे ब्रायंट की पत्नी वेनेसा और चेस्टर को 31 मिलियन डॉलर का मुआवजा देना होगा। ब्रायंट और चेस्टर ने लॉस एंजिल्स काउंटी पर हर्जाने का दावा किया था।

बुधवार को जूरी ने फैसला सुनाया है कि काउंटी को ब्रायंट की विधवा वेनेसा और चेस्टर को 31 मिलियन डॉलर का भुगतान करना होगा, क्योंकि काउंटी के फर्स्ट रिस्पॉन्डर ने हेलीकॉप्टर हादसे के बाद बॉस्केटबॉलर कोबे ब्रायंट और उनकी बेटी जियाना के मृत शरीर की क्षतिग्रस्त फोटो खींचीं और अपने दोस्तों को भेज दी थी। जूरी ने एक ट्रायल में सुना कि कैसे फस्र्ट रिस्पॉन्डर ने जनता को फोटोज दिखाईं, जिनमें बार टेंडर भी शामिल है। वहीं, डिप्टी ने अपने दोस्तों को फोटो भेजी, क्योंकि, उन्होंने वीडियो गेम खेला था। काउंटी ने अपने बचाव में कहा- 'तस्वीरें कभी सार्वजनिक नहीं हुईं और अधिकारियों ने उन्हें साफ करने के प्रयासों में मेहनत की है।'

2 हफ्ते के ट्रायल में सुना गया कि कैसे वैनेसा ब्रायंट और क्रिस चेस्टर (जिनकी पत्नी और बेटी भी दुर्घटना में मारे गए) इन तस्वीरों के एक दिन इंटरनेट पर आने के डर से रहते हैं। दोनों ने फोटोज पर भावनात्मक क्षति के लिए मुकदमा दायर किया था। उसमें ब्रायंट को 16 और चेस्टर के लिए 15 मिलियन का हर्जाने का आदेश दिया। अन्य पीड़ितों के रिश्तेदारों को मुआवजे के रूप में 2.5 मिलियन दिए गए थे।

फैसले के बाद वेनेसा ने पति कोबे और बेटी के साथ एक फोटो पोस्ट करते हुए लिखा- 'ऑल फॉर यू! आई लव यू! जस्टिस फॉर कोबे एंड गिगी!'

**वकील बोले- मैं न्याय मांग रहा था**

चेस्टर के वकील ने 40 वर्षीय ब्रायंट के लिए 40 मिलियन डॉलर और 48 वर्षीय चेस्टर के लिए 30 मिलियन डॉलर की मांग की थी। इस पर अटॉर्नी जेरी जैक्सन ने कहा- 'आप जो कुछ भी कर चुके हैं उसके लिए आप बहुत अधिक पैसा नहीं दे सकते।'

ब्रायंट के वकील क्रेग लावोई ने कहा कि वे लॉस एंजिल्स शहर के हीरो...एक महान बॉस्केटबॉलर और उनकी विधवा के लिए न्याय और जवाबदेही मांग रहे थे।

# वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में दिखी अनोखी जोड़ी

## 33 साल के बेटे को पार्टनर नहीं मिला तो 64 साल की मां खुद कोर्ट में उतरीं, मिस्र को हराया

टोक्यो, 25 अगस्त (एजेंसियां)। मां-बेटे की जोड़ी ने मिस्र के एल्गामल-दोहा को 2-1 से हराया

टोक्यो में चल रही बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में मां-बेटे की अनोखी जोड़ी खेलने उतरी। यहां 64 साल की मां स्वेतलाना और अपने 33 साल के बेटे मीसा के साथ इजरायल की ओर से मिक्स डबल्स मुकाबला खेल रही थीं। इस जोड़ी ने पहले मुकाबले में मिस्र के अदम हतेम एल्गामल और दोहा की टीम को 2-1 से हराया। इस जीत के साथ स्वेतलाना जिल्बरमैन बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में मैच जीतने वाली दुनिया की सबसे ज्यादा उम्र की बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई हैं। बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में उनसे छोटे खिलाड़ी की उम्र 21 साल कम है।



**जीत के बाद बोलीं स्वेतलाना- बेटे के साथ ओलिंपिक खेलने का सपना है**

स्वेतलाना कहती हैं, अगले साल कोपेनहेगन में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर अपना ये रिकॉर्ड वे और बेहतर करेंगी। इसके बाद उनका सपना बेटे के साथ ओलिंपिक खेलने का भी है। वे अपने बेटे की कोच भी हैं। जब उनके बेटे को कोई पार्टनर नहीं मिला तो वे खुद बैडमिंटन कोर्ट में उतर गईं।

**बेटे के साथ रोज 4 घंटे प्रैक्टिस करती हैं स्वेतलाना**

इसके बाद 25 साल की उम्र में सोवियत यूनियन की तरफ से उन्हें इसलिए नहीं खेलने दिया गया था कि उनकी उम्र ज्यादा थी। उसके बाद वे अपने पति और कोच के साथ इजरायल चली आईं। अब करीब 4 दशक बाद वे दुनिया की सबसे बड़ी बैडमिंटन प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। वे अपने बेटे के साथ रोज 4 घंटे प्रैक्टिस करती हैं।

**30 साल की उम्र में रिटायरमेंट का सोच रहा था: मीसा**

स्वेतलाना कहती हैं, हम चीन और दक्षिण कोरिया जैसी टीमों को हराने के लिए खेल रहे हैं। एक दिन हम कुछ बड़ा करेंगे। दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी मीसा कहते हैं, मैं 30 साल की उम्र में रिटायरमेंट के बारे में सोच रहा था, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। वे अब भी खेल रही हैं। शायद मैं भी कभी रिटायर नहीं होऊंगा।

वे कहते हैं, कोर्ट पर उनका संबंध दूसरे मिक्स्ड डबल्स खिलाड़ियों जैसा ही है। वे अपना खेल बेहतर करने और जीतने पर बात करते हैं। वे कहते हैं, हम परिणाम पर नहीं खेल पर ध्यान दे रहे हैं। जब हम दोनों मिक्स डबल्स के पहले मैच में जीते तो ये शानदार अनुभव था।

**इजरायल में बैडमिंटन खेलना मुश्किल, देश में एक ट्रेनिंग सेंटर तक नहीं**

इजरायल में ज्यादा बैडमिंटन खिलाड़ी नहीं हैं। इजरायल बैडमिंटन एसोसिएशन है, लेकिन उसके पास ट्रेनिंग सेंटर तक नहीं है। खिलाड़ी अलग-अलग प्रैक्टिस करते हैं और महीने में एक दिन इकट्ठे होते हैं। जहां सभी एक-दूसरे के साथ 3-4 घंटे तक ट्रेनिंग करते हैं।

**पहले भी धमाल मचा चुकी है यह जोड़ी**

पहले 2009 में भी हैदराबाद में हुए बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में मां-बेटे की जोड़ी ने धमाल मचाया था। तब स्वेतलाना की उम्र 51 और मीसा की 20 साल थी। बेलारूस में जन्मी स्वेतलाना ने 1986 की यूरोपियन चैंपियनशिप में वुमन सिंगल्स में कांस्य पदक जीता था।

# दुबई में दिखी विराट-बाबर की केमिस्ट्री

## प्रैक्टिस के लिए जा रहे कोहली ने आजम से हाथ मिलाया, पीठ ठोंककर हौसला भी बढ़ाया



दुबई, 25 अगस्त (एजेंसियां)। वर्ल्ड कप 2021 के बाद भारत-पाकिस्तान पहली बार 28 अगस्त को कोई मुकाबला खेलने जा रहे हैं। दोनों टीमें एशिया कप में हिस्सा लेने दुबई पहुंच गई हैं। बुधवार को टीम इंडिया ने पहला प्रैक्टिस सेशन भी किया। इस दौरान टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम से मिले। उन्होंने बाबर से हाथ मिलाया और पीठ ठोंककर उनका हौसला भी बढ़ाया।

बीसीसीआई ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। कोहली के अलावा वीडियो में हार्दिक पंड्या, युजवेंद्र चहल, सूर्यकुमार यादव, रविचंद्रन अश्विन, दिनेश कार्तिक और अर्शदीप सिंह सहित अन्य खिलाड़ी भी नजर आए। चहल और हार्दिक ने अफगानिस्तान के खिलाड़ियों से मुलाकात की। बाबर इस समय दुनिया के शीर्ष बल्लेबाजों में से एक हैं। वहीं, कोहली फिलहाल फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

इंग्लैंड दौरे पर जब विराट कोहली लगातार बल्ले से फ्लॉप हो रहे थे। तब बाबर आजम ने विराट कोहली का मनोबल बढ़ाया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर कोहली को टैग किया था। इस पोस्ट में बाबर ने लिखा था- 'ये समय भी गुजर जाएगा, हौसला रखें।' बाबर की इस पोस्ट को खूब पसंद किया गया था। इस पोस्ट पर विराट ने जवाब देते हुए लिखा था, 'धन्यवाद, आगे बढ़ते रहें और चमकते रहें।

आपको शुभकामनाएं।'

विराट कोहली लंबे समय से अपने फॉर्म को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। इंग्लैंड दौरे पर भी वह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे। ऐसे में पाकिस्तान के खिलाफ पहले ही मैच में उनकी वापसी पर सबकी नजर होगी। उनके बल्ले से शतक निकले 1 हजार से ज्यादा दिन हो गए हैं। बुधवार को स्टार स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में कोहली ने कहा, 'इंग्लैंड में जो 2014 में हुआ वो अलग बात थी। अब मैं अपने शॉट सिलेक्शन में काफी सुधार कर चुका हूं और मुझे अब बल्लेबाजी में कोई भी दिक्कत नहीं आ रही है। मुझे पता है कि मैं क्या कर रहा हूं। अपने इंटरनेशल करियर में बिना अच्छी बल्लेबाजी किए इतनी दूर तक नहीं चल सकते।

आपको मैदान पर विपरीत परिस्थितियों और अलग-अलग तरह की गेंदबाजी का मुकाबला करने के लिए तैयार रहना होगा। मैं जानता हूं कि करियर में उतार-चढ़ाव आएंगे, मैं इस तरह के दौर से बाहर भी निकलूंगा। मेरा अनुभव मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।'

# लक्ष्मण होंगे एशिया कप में अंतरिम कोच

## राहुल द्रविड़ के कोरोना निगेटिव होने तक मिली जिम्मेदारी, 28 को पाक से मुकाबला

दुबई, 25 अगस्त (एजेंसियां)। वीवीएस लक्ष्मण को एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया का अंतरिम कोच बनाया गया है। टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ इस समय कोरोना संक्रमण से जूझ रहे हैं। वे जब तक निगेटिव नहीं हो जाते हैं तब तक लक्ष्मण जिम्मेदारी संभालेंगे। एशिया कप में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी।

**बीसीसीआई के सूत्रों ने पहले ही बताया था- लक्ष्मण विकल्प हो सकते हैं**

राहुल द्रविड़ के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा था कि लक्ष्मण एक विकल्प हो सकते हैं। द्रविड़ टीम के साथ रवाना नहीं हुए हैं और वीवीएस कुछ मैचों के लिए उनकी जगह टीम का हिस्सा होंगे। उस खबर को आप नीचे दिए लिंक पर क्लिक कर के पढ़ सकते हैं।

एशिया कप से पहले द्रविड़ को कोरोना:28 अगस्त को है भारत-पाकिस्तान मैच, शास्त्री बोले-पैरासिटामॉल खाते ही रेडी हो जाएंगे। द्रविड़ को जिम्बाब्वे दौरे से आराम दिया गया था और नेशनल क्रिकेट




एकेडमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण उनकी जिम्मेदारी संभाल रहे थे। द्रविड़ के अलावा जिम्बाब्वे दौरे से बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ और बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे को भी आराम दिया गया था।

लक्ष्मण जिम्बाब्वे दौरे पर भारत के हेड कोच के रूप में गए थे। भारत ने हरारे में खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज में जिंबाब्वे को 3-0 से हरा दिया था। अब लक्ष्मण सीरीज खत्म होने के बाद सीधे दुबई पहुंचे हैं और रोहित शर्मा की अगुवाई वाली एशिया कप टीम के साथ जुड़ गए हैं। वहीं, जिम्बाब्वे सीरीज के बाकी सदस्य जो एशिया कप में टीम का हिस्सा नहीं थे, वो भारत लौट आए हैं।

**कोरोना के नियम अब पहले जैसे सख्त नहीं**

खिलाड़ियों या सपोर्ट स्टाफ के कोरोना पॉजिटिव होने पर अब पहले की तरह पैनिक नहीं फैलता है। कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत-ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम इवेंट के फाइनल के दिन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ताहिला मैक्ग्रा पॉजिटिव पाई गईं। इसके बावजूद उन्हें मैच खेलने की इजाजत दी गई।

**एशिया कप के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, आवेश खान।

# मुंबई एयरपोर्ट पर इरफान पठान के साथ बदसलूकी

## काउंटर पर डेढ़ घंटे तक खड़ा रखा



मुंबई, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर और कमेंटेटर इरफान पठान के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर बदसलूकी हुई है। वे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मुंबई से दुबई की यात्रा कर रहे थे। तभी विस्तारा एयरलाइंस के ऑनग्राउंड स्टॉफ ने पठान से उनकी पत्नी के सामने अभद्रता की। दुबई में भारत-पाकिस्तान को 28 अगस्त को एशिया कप में अपना पहला मुकाबला खेलेंगे। 37 साल के इस पूर्व क्रिकेटर ने बुधवार रात एक सोशल पोस्ट में अपना दर्द साझा किया और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग भी की। इस पर एयरलाइंस ने चिंता जाहिर की है। पठान ने अपने ट्विटर हैंडल में लिखा- 'मैं विस्तारा फ्लाइट यूके-201 से मुंबई से दुबई की यात्रा कर रहा था। चेक-इन काउंटर पर, मुझे बहुत बुरा अनुभव हुआ, विस्तारा अनजाने में मेरी टिकट श्रेणी को डाउनग्रेड कर रहा था, जोकि एक कन्फर्म बुकिंग थी। मुझे इस केस के समाधान के लिए काउंटर पर डेढ़ घंटे इंतजार करना पड़ा। मेरे साथ मेरी पत्नी, मेरे 5 साल और 8 महीने के बच्चे को भी इससे गुजरना पड़ा।'

एयरलाइंस ने टिकटों की अधिक बिक्री की

# जब तक जिंदा रहूंगा तेलंगाना में सांप्रदायिक ताकतों को नहीं आने दूंगा : केसीआर

## मुख्यमंत्री ने रंगारेड्डी जिला कलेक्टर कार्यालय का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने आज कसम खाई कि जब तक वे जीवित हैं, तब तक वह तेलंगाना को सांप्रदायिक ताकतों और असामाजिक तत्वों का अड्डा नहीं बनने देंगे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को यहां कोंगरा कलां गांव में नवनिर्मित रंगारेड्डी जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लोगों से सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ने के लिए समर्थन मांगते हुए ऐसी ताकतों के जाल में न फंसने का आगाह किया। उन्होंने कहा कि ऐसी ताकतों का साथ देने से विकास को धक्का लगता है और तेलंगाना राज्य 100 साल पीछे चला जाएगा। केसीआर ने कहा कि राज्य के गठन के बाद से तेलंगाना राज्य सभी मोर्चों पर प्रगति कर रहा है और इसे भारत में एक शांतिपूर्ण राज्य का नाम दिया गया है। सर्वश्रेष्ठ कानून व्यवस्था के नाम पर तेलंगाना सूचना और प्रौद्योगिकी (आईटी) में देश में अग्रणी है और लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है। भले ही बैंगलोर को "भारत की सिलिकॉन वैली" के रूप में माना जाता है, राज्य की राजधानी, हैदराबाद ने आईटी निर्यात में बैंगलोर को पीछे छोड़ दिया है और इस साल बैंगलोर की तुलना में अतिरिक्त 1.50 लाख नौकरियां पैदा की हैं। उन्होंने कहा कि हम तेलंगाना का निर्माण कर रहे हैं और सभी वर्गों के लिए विकास का फल ला रहे हैं।






## मंत्री सत्यवती ने किया बासर मंदिर का दौरा, की विशेष पूजा



निर्मल, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आदिवासी कल्याण मंत्री सत्यवती राठौड़ ने गुरुवार को प्रसिद्ध श्री ज्ञान सरस्वती देवी मंदिर का दौरा किया और बसर में विशेष पूजा अर्चना की। सत्यवती ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ सुबह मंदिर का दौरा किया और पीठासीन देवी सरस्वती देवी के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में अपनी पोती कियारा राठौड़ को अक्षरभ्यास किया। उसने कहा कि वह ज्ञान की देवी के निवास का दौरा करके खुश महसूस कर रही है।

बाद में, मीडिया से बात करते हुए, सत्यवती ने भविष्यवाणी की कि के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में तेलंगाना राष्ट्र समिति, आने वाले चुनावों में मतदाताओं का जनादेश जीतकर सरकार बनाने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि राव के शासन में राज्य में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मंत्री ने विपक्षी दलों को सस्ती राजनीति न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जनता संगठनों को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सदस्यों के खिलाफ निराधार आरोप लगाना अनुचित है। उन्होंने आरजीयूकेटी-बसर के छात्रों से कहा कि वे अपने शिक्षाविदों पर ध्यान दें और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी चुनौतियों का जल्द ही समाधान किया जाएगा। इससे पहले मंदिर के पुजारियों और वैदिक विद्वानों ने मंत्री का स्वागत किया।




## शिक्षक दिवस पर आंध्र के डॉ. रवि अरुणा, तेलंगाना के टीएन श्रीधर और कंदाला रमैया को मिलेगी राष्ट्रीय पुरस्कार

नई दिल्ली, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर आंध्र प्रदेश के एक और तेलंगाना के दो सहित 46 शिक्षकों को वर्ष 2022 के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग प्रति वर्ष 5 सिंतबर को एक राष्ट्रीय समारोह का आयोजन करता है जिसमें देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। पुरस्कारों के लिए शिक्षकों का चयन ऑनलाइन तीन स्तरीय चयन प्रक्रिया के जरिए पारदर्शी तरीके से किया जाता है। शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने का उद्देश्य देश के शिक्षकों के अनूठे योगदान को रेखांकित करना और ऐसे शिक्षकों का सम्मान करना है जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता व परिश्रम से न सिर्फ स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध किया है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.